kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes

# कैनविज टाइम्स

HAPPY NEW 2026 YEAR

www.kanwhizztimes.com

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-327 ❒ गुरुवार, 01 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



विकास और प्रकृति के बीच संतुलन जरूरी, नहीं तो भविष्य चुकाएगा कीमत : डॉ. मोहन भागवत 11

मुख्यमंत्री धामी ने 215 पुलिस अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र 12


## नववर्ष 2026 : सच के साथ एक नई शुरुआत



राकेश कुमार पाण्डेय
प्रधान सम्पादक

**प्रिय पाठकों,**

नववर्ष केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं होता, यह आत्ममंथन, संकल्प और विश्वास को दोबारा परखने का अवसर होता है। जब हम 2026 में प्रवेश कर रहे हैं, तब कैनविज टाइम्स की ओर से मैं आप सभी को नए वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ—स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक भविष्य की कामना के साथ।

आज का समय तेज़ सूचनाओं का समय है। खबरें पल भर में सामने आ जाती हैं, लेकिन सच तक पहुँचना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। अफवाह, आधी जानकारी और सनसनी के इस दौर में एक विश्वसनीय अख़बार की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे समय में आपका भरोसा हमें यह याद दिलाता है कि निष्पक्ष, संतुलित और ईमानदार पत्रकारिता की ज़रूरत अभी भी उतनी ही गहरी है।

कैनविज टाइम्स ने हमेशा यह प्रयास किया है कि खबरें केवल घटनाओं का विवरण भर न हों, बल्कि समाज को सोचने की दिशा दें। आम नागरिक की आवाज़, ग्रामीण भारत की समस्याएँ, शहरों की चुनौतियाँ, शासन-प्रशासन की जवाबदेही और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा—ये सभी हमारे पत्रकारिता सरोकार के केंद्र में रहे हैं। हम यह स्वीकार करते हैं कि यह यात्रा आसान नहीं रही। सीमित संसाधन, दबाव और चुनौतियाँ हमारे सामने आईं, लेकिन पाठकों का विश्वास हर बार हमारी ढाल बना। आपने हमें सिर्फ पढ़ा नहीं, बल्कि हमें जिम्मेदार बने रहने की प्रेरणा भी दी। यही कारण है कि कैनविज टाइम्स आपके लिए केवल एक अख़बार नहीं, बल्कि संवाद का माध्यम बन पाया है। ग्रामीण भारत की पीड़ा, बेरोज़गार युवाओं की हताशा, महँगाई का दबाव, प्रशासनिक लापरवाही और सत्ता की जवाबदेही—ये मुद्दे किसी ट्रेंड के मोहताज नहीं होते। ये वही सवाल हैं जिन्हें बार-बार उठाना पड़ता है, क्योंकि जवाब आज भी अधूरे हैं। हमारा मानना है कि पत्रकारिता का काम सत्ता से निकटता नहीं, बल्कि उससे दूरी बनाए रखना है। हम जानते हैं कि इस राह पर दबाव होंगे—प्रत्यक्ष भी और अप्रत्यक्ष भी। विज्ञापन, प्रभाव और भय—तीनों का सामना करना पड़ेगा। लेकिन पाठकों को गुमराह करने की कीमत पर चुप्पी स्वीकार नहीं की जा सकती। कैनविज टाइम्स आपके भरोसे के बल पर यह वचन दोहराता है कि हम असुविधाजनक सवाल पूछते रहेंगे। नववर्ष 2026 में हम किसी से सहमति की अपेक्षा नहीं करते, केवल इतना चाहते हैं कि सच को सुना जाए। असहमति लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, उसकी ताकत है—और पत्रकारिता उसका प्रहरी। नववर्ष 2026 में प्रवेश करते हुए हम कोई बड़े दावे नहीं करते। हम केवल यह वचन देते हैं कि सच के रास्ते से कभी समझौता नहीं करेंगे। हम आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करते रहेंगे—संवेदनशीलता के साथ, साहस के साथ और पूरी ईमानदारी के साथ। आपका साथ, आपकी प्रतिक्रिया और आपका विश्वास ही हमारी पत्रकारिता की असली पूँजी है। नए वर्ष में भी हम इसी साझेदारी के साथ आगे बढ़ेंगे।

# 'अब भयमुक्त है अयोध्या'

### प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे, रामनगरी से सीएम योगी का तीखा प्रहार 'पूर्व सरकारों ने अयोध्या को लहूलुहान किया'

**एजेंसी**

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' बुधवार को श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं देते हुए प्रार्थना की कि यह वर्ष देश और समाज के लिए मंगलकारी हो।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या ने स्वतंत्र भारत में रामजन्मभूमि आंदोलन के अनेक पड़ाव देखे हैं। अयोध्या का नाम ही बताता है कि यह युद्ध से परे रहने वाली नगरी है, जहाँ कोई भी शत्रु इसके शौर्य, वैभव और पराक्रम के सामने टिक नहीं पाया। लेकिन कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ, मजहबी जुनून और सत्ता के तुष्टिकरण की राजनीति के चलते इस पवित्र नगरी को उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बना दिया।

सीएम योगी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस अयोध्या में कभी संघर्ष नहीं होता था, वहां पिछली सरकारों के शासन में आतंकी हमले हुए। अयोध्या को लहूलुहान करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि जहाँ प्रभु श्रीराम की कृपा बरसती हो और जहाँ हनुमानगढ़ी में स्वयं हनुमान जी महाराज विराजमान हों, वहाँ कोई आतंकी सफल नहीं हो सकता। वर्ष 2005 का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही



❒ 'पिछली सरकारों में अयोध्या पर आतंकी हमले हुए' 'भगवान की कृपा और वीर जवानों ने आतंकियों को मिट्टी में मिलाया'

❒ अब बिना डर कहते हैं जय श्रीराम, अयोध्या बनी आस्था और विकास की वैश्विक पहचान

❒ 'पांच साल में 45 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या' आस्था के साथ विकास की नई इबारत

आतंकियों ने दुस्साहस किया, पीएसी के जवानों ने ठक-ठक करके उन्हें ढेर कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों के दौरान अयोध्या की तीन तिथियां कभी भुलाई नहीं जा सकतीं। उन्होंने बताया कि 5 अगस्त 2020 को स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने अयोध्या आकर श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) को प्रधानमंत्री ने पुनः अयोध्या आकर रामलला की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई। 25 नवंबर 2025 को विवाह पंचमी के अवसर पर प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के मुख्य शिखर पर सनातन धर्म की भगवा ध्वजा को प्रतिष्ठित कर यह संदेश दिया कि सनातन से ऊपर कुछ नहीं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्रत्यक्ष भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद रामलला का भव्य मंदिर देखकर रक्षा मंत्री आनंद और गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर जब वे मां अन्नपूर्णा मंदिर पर सनातन धर्म की ध्वजा का आरोहण कर रहे थे, तब वे भावुक भी दिखाई दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले अयोध्या में बिजली, पानी, स्वच्छता, सड़क, कनेक्टिविटी और सुरक्षा तक का अभाव था। जय श्रीराम बोलने पर लाठीचार्ज और गिरफ्तारी होती थी।

आज स्थिति बदल चुकी है। पिछले पांच वर्षों में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अयोध्या आ चुके हैं। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनी है। यहां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है, रेलवे की डबल लाइन कनेक्टिविटी है और फोरलेन सड़कों का जाल बिछ चुका है। गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब देश में हर जगह निडर होकर जय श्रीराम और ● शेष पेज 11 पर

### प्रभु श्रीराम की आभा केवल अयोध्या तक नहीं बल्कि आज पूरा भारतवर्ष राममयः राजनाथ सिंह

**अयोध्या।** अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को राजनाथ सिंह ने भारत की आध्यात्मिक शक्ति की प्राण प्रतिष्ठा बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी पिछले अनेक पीढ़ियों की तुलना में अत्यतं सौभाग्यशाली हैं कि हमने वह क्षण अपनी आंखों से देखा। प्रभु श्रीराम अपनी कीर्ति से आज केवल भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को विभूषित कर रहे हैं। यह आभा केवल अयोध्या क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण अवध और भारतवर्ष आज राममय है।
केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला के विराजमान होने के प्रतिष्ठा द्वादशी पर द्वितीय वार्षिकोत्सव को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मनोभावों को व्यक्त करते हुए कहा कि ल्नाथ आजु मैं कहा न पावाङ्ग। ऐसा लग रहा है कि जीवन में मैं जो पाना चाहता था, वह सब कुछ मुझे मिल गया। राघवेंद्र सरकार ने इस दिन के लिए स्वयं मुझे चुना था, इसलिए आज यह अवसर मुझे मिल रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ ने इसे अपने जीवन का सौभाग्यशाली दिन बताते हुए कहा, ''आज से दो वर्ष पूर्व जब प्रभु श्रीराम यहां पुनर्प्रतिष्ठित हुए, वो समस्त भारतवासियों के लिए गौरव का ऐतिहासिक क्षण था। प्रभु श्रीराम अपनी कीर्ति से आज केवल भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को विभूषित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या की हर गली-हर चौराहा राममय हो गया हो। कनक भवन, दशरथ महल, हनुमानगढ़ी, संपूर्ण अयोध्या मां सरयु की गोद में शोभायमान हो रही है। यह आभा केवल अयोध्या क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण अवध और भारतवर्ष आज राममय है। उन्होंने इस दिन को गौरवपूर्ण बताते हुए याद दिलाया कि यह वही भूमि है, जिसने वर्षों तक भगवान राम के लिए ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### ढाका पहुंचे जयशंकर, तारिक रहमान को सौंपा मोदी का निजी पत्र

**ढाका।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी ) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान से मुलाकात की और पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने श्री रहमान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक व्यक्तिगत पत्र भी सौंपा। श्री जयशंकर ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। वह यहां पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के आखिरी सफर में शामिल होने आये हैं। विदेश मंत्री ने बेगम खालिदा जिया के निधन पर भारत सरकार और भारतीय नागरिकों की ओर से गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। श्री जयशंकर ने भरोसा जताया कि पूर्व प्रधानमंत्री के दूरदर्शी दृष्टिकोण और सार्वजनिक जीवन से जुड़े उनके मूल्य, दोनों देशों के बीच साझेदारी और विकास को एक नयी दिशा देंगे।

### मेडिकल संस्थानों में 650 डॉक्टर छुट्टी पर, इलाज प्रभावित

**लखनऊ।** मेडिकल संस्थानों में 50 फीसदी डॉक्टर सर्दियों की छुट्टियां पर हैं। इसका की वजह से ओपीडी प्रभावित हुई है। ऑपरेशन से लेकर जांच तक का इंतजार बढ़ गया है। केजीएमयू, लोहिया और पीजीआई में करीब 1300 डॉक्टर तैनात हैं। इनमें से करीब 650 डॉक्टर छुट्टी पर हैं। केजीएमयू, लोहिया संस्थान और पीजीआई में 25 दिसंबर से डॉक्टरों की छुट्टियां चल रही हैं। इसमें 50 प्रतिशत डॉक्टर पहले चरण में छुट्टी पर हैं। दूसरे चरण में नौ से 24 जनवरी तक डॉक्टर छुट्टी पर रहेंगे। केजीएमयू में करीब 600 डॉक्टर हैं। लोहिया संस्थान में 300 से अधिक डॉक्टर हैं। पीजीआई में डॉक्टरों की संख्या 400 हैं। तीनों संस्थानों में 50 फीसदी डॉक्टर अवकाश पर हैं। एनस्थीसिया विशेषज्ञों व सर्जन घटने से ऑपरेशन की संख्या में भी काफी कमी आई है। नए मरीजों को फरवरी के बाद की तारीख दी जा रही है। लगभग 500 डॉक्टर ऑपरेशन के इंतजार में हैं। जांच का इंतजार बढ़ा पेट स्कैन, एमआरआई व सीटी स्कैन जैसी गंभीर और जरूरी जांचों के लिए मरीजों को करीब एक से डेढ़ हफ्ते बाद की तारीख दी जा रही है। वहीं जांच के इंतजार में मरीजों की संख्या करीब डेढ़ गुनी बढ़ गई है। कानों की बैरा जांच का इंतजार भी बढ़ गया है। लारी में दिल की 2डी ईको समेत दूसरी जांचों के लिए मरीज को एक हफ्ते बाद की तारीख दी जा रही है।

## इस वर्ष पुलिस विभाग में 32679 पदों पर होगी सिपाही भर्ती

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

❒ आरक्षी घुड़सवार व बंदी रक्षक के पद भी शामिल, आनलाइन आवेदन शुरू




लखनऊ। राज्य सरकार युवाओं को नए साल का तोहफा देते हुए 32697 पदों पर सिपाही भर्ती करने जा रही है। पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरुष/महिला), आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस (पुरुष), पीएसी महिला बटालियन के लिए आरक्षी, आरक्षी घुड़सवार पुलिस (पुरुष), आरक्षी विशेष सुरक्षा बल (पुरुष) व बंदी रक्षक (पुरुष/महिला) भर्ती के लिए बुधवार को सूचना जारी की। आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, इसकी अंतिम तिथि 30 जनवरी है। आवेदन ऑनलाइन लिए जाएंगे। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तथि 30 जनवरी है और शुल्क समायोजन की अंतिम तिथि 2 फरवरी है। आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को अपना वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य होगा।

आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद दो से तीन माह में लिखित परीक्षा कराए जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह भर्तियां शुरू हो रही हैं। पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष/डीजी एसबी शिरडकर ने बताया कि आरक्षी नागरिक पुलिस के 10469 पदों पर भर्ती होगी, इनमें 20 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित है। आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस (पुरुष) के 15131, आरक्षी विशेष सुरक्षा बल (पुरुष) के 1341, पीएसी महिला बटालियन (लखनऊ, बदायूं व गोरखपुर) के कुल 2282 पदों, आरक्षी घुड़सवार (पुरुष) के 71, बंदी रक्षक पुरुष के कुल 3279 व बंदी रक्षक महिला के 106 पदों पर भर्ती होगी। उप्र पुलिस में इससे पूर्व आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सबसे बड़ी भर्ती हुई थी, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण चल रहा है।

### श्रेणीवार पदों का ब्योरा

आरक्षी नागरिक पुलिस अनारक्षित 4191 ईडब्ल्यूएस, 1046 अन्य पिछड़ा वर्ग 2826, अनुसूचित जाति - 2198 अनुसूचित जनजाति 208 कुल पद - 10469, आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस अनारक्षित - 6060, ईडब्ल्यूएस 1512, अन्य पिछड़ा वर्ग 4083, अनुसूचित जाति - 3176 अनुसूचित जनजाति - 300 कुल पद- 15131, ● शेष पेज 11 पर

## उत्तर प्रदेश में ठंड और घने कोहरे का कहर, 37 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में ठंड और घने कोहरे का प्रकोप लगातार जारी है। राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हो रहा है। सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए, वहीं ट्रेन और बस सेवाओं पर भी असर पड़ा है।

मौसम विभाग के अनुसार एक जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही तराई इलाकों में छिटपुट बूंदाबांदी के संकेत भी मिल रहे हैं। विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिनों में दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है।

मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली सहित 17 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, घने कोहरे को देखते हुए प्रदेश के 37 जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कोहरे के दौरान अनावश्यक यात्रा ● शेष पेज 11 पर

## 'निमेसुलाइड' दवा पर भारत ने लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी**




नयी दिल्ली। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को ऐसी सभी ओरल दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें निमेसुलाइड की मात्रा 100 मिलीग्राम से अधिक है।

मंत्रालय ने एक वर्ष पहले ही मवेशियों के लिए भी इसे प्रतिबंधित कर दिया था। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भारत में इस घटक (साल्ट) का प्रयोग सामान्य रूप से दर्द और बुखार में होता है। इसके उच्च खुराक के सेवन से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती है।

यह सलाह स्वास्थ्य विशेषज्ञों की उन चिंताओं के बाद आयी, जिनमें रोगियों में लीवर को नुकसान पहुंचने की आशंका जतायी गयी थी। चिंताओं में चेतावनी दी गयी थी कि कुछ मामलों में यह घातक हो सकती है। भारतीय औषधि नियामक (सीडीएससीओ) ने भी केंद्र के फैसले का समर्थन किया है। यह निर्णय हमारे देश में गिद्धों की घटती आबादी को लेकर पर्यावरणीय चिंताओं से पैदा हुआ। पैनल ने चेतावनी दी कि निमेसुलाइड गिद्धों के लिए खतरनाक है। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान ने संयुक्त रूप से पक्षियों की आबादी में ड्रग की सुरक्षा रिपोर्ट का परीक्षण करने के लिए अध्ययन किया। रिपोर्टों से पता चला कि जिन गिद्धों को निमेसुलाइड दी गयी, वे दवा देने के 24 घंटे के भीतर मर गये। निमेसुलाइड सदी की शुरुआत से ही वैश्विक जांच के दायरे में रहा है। कई देशों जैसे ● शेष पेज 11 पर

## दो स्वदेशी प्रलय मिसाइलों का एक ही लांचर से सफल प्रक्षेपण

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए एक ही लांचर से एक के बाद एक दो स्वदेशी प्रलय मिसाइलों का एक साथ सफल प्रक्षेपण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह से 'सैल्वो' प्रक्षेपण सुबह ओड़िशा तट के पास किया गया। सैल्वो प्रक्षेपण में एक से ज्यादा मिसाइलें एक साथ दागी जाती हैं।

दोनों मिसाइलों ने निर्धारित मार्ग का अनुसरण किया और सभी उड़ान उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसकी पुष्टि चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज के ट्रैकिंग सेंसरों से हुई। टर्मिनल घटनाओं की पुष्टि प्रभाव बिंदुओं के निकट तैनात जहाज पर स्थापित टेलीमेट्री प्रणालियों द्वारा की गई। प्रलय देश में ही विकसित ठोस ईंधन आधारित अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसमें उच्च सटीकता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक मार्गदर्शन और नेविगेशन



प्रणाली का उपयोग किया गया है। यह मिसाइल विभिन्न लक्ष्यों के विरुद्ध अनेक प्रकार के मुखास्त्र ले जाने में सक्षम है। यह मिसाइल हैदराबाद स्थित शोध केन्द्र इमारात द्वारा डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के सहयोग से विकसित की गई है जिनमें रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, उन्नत प्रणाली प्रयोगशाला, आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला, टर्मिनल बैलिस्टिक्स ● शेष पेज 11 पर

## गणतंत्र दिवस पर सेना की पशु टुकड़ी भी परेड करेगी

### बैक्ट्रियन ऊंट, जांस्कर टट्टू, रैप्टर्स और डॉग करेंगे मार्च, दुर्गम इलाकों में सैनिकों के मददगार

**एजेंसी**

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस 2026 की परेड में इस बार सेना की पशु टुकड़ी भी मार्च करेगी। इसके लिए पहली बार सेना की रीमाउंट एंड वेटरनरी कॉर्प्स (RVC) की टुकड़ी को विशेष रूप से चुना गया है। इसका उद्देश्य देश की सबसे कठिन सीमाओं की रक्षा में पशुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सामने लाना है।

इस टुकड़ी में दो बैक्ट्रियन ऊंट, चार जांस्कर टट्टू (पोनी), चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), भारतीय नस्ल के 10 सेना के कुत्ते, तथा वर्तमान में सेवा में तैनात छह पारंपरिक सैन्य कुत्ते शामिल होंगे। ये सभी मिलकर भारतीय सेना के संचालन तंत्र में परंपरा, नवाचार और आत्मनिर्भरता का संगम प्रस्तुत करेंगे।

टुकड़ी का नेतृत्व मजबूत बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे। इन्हें हाल ही में लद्दाख के ठंडे इलाकों के ऑपरेशंस के लिए शामिल किया गया है। अत्यधिक ठंड, कम ऑक्सीजन और 15,000 फीट से अधिक ऊंचाई वाले



क्षेत्रों के लिए अनुकूल ये ऊंट 250 किलोग्राम तक भार उठा सकते हैं और कम पानी व चारे में लंबी दूरी तय कर सकते हैं। इनके शामिल होने से वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर रेतीले और खड़ी ढलानों वाले इलाकों में रसद सहायता और गश्त की क्षमता में बढ़ोतरी हुई है।

मार्च में जांस्कर टट्टू भी होंगे जो लद्दाख की एक दुर्लभ और स्वदेशी पर्वतीय नस्ल है। आकार में छोटे होने के बावजूद ये टट्टू असाधारण सहनशक्ति के लिए जाने जाते हैं। ये 15,000 फीट से अधिक ऊंचाई और माइनस 40 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में 40 से 60 किलोग्राम वजन लेकर लंबी दूरी तय कर सकते हैं।

वर्ष 2020 से इनके शामिल होने के बाद, ये सियाचिन ग्लेशियर जैसे अत्यंत कठिन इलाकों में सेवाएं दे रहे हैं। रसद कार्यों के अलावा, जांस्कर टट्टू घुड़सवार गश्त में भी अहम भूमिका निभाते हैं और कई बार एक दिन में 70 किलोमीटर तक की दूरी तय करते हुए जोखिम भरे क्षेत्रों में सैनिकों के साथ चलते हैं।

परेड में चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) भी शामिल होंगे। ये बर्ड स्ट्राइक कंट्रोल और निगरानी में उपयोग किए जाते हैं। यह सुरक्षा के लिए प्राकृतिक क्षमताओं के उपयोग को दर्शाता है। परेड का एक प्रमुख आकर्षण होंगे सेना के कुत्ते, जिन्हें भारतीय सेना के मूक योद्धा भी कहा जाता है। इन्हें RVC सेंटर एंड कॉलेज, ● शेष पेज 11 पर

### रक्षा शक्ति केवल मशीनों और सैनिकों पर ही निर्भर नहीं

जब यह पशु टुकड़ी गणतंत्र दिवस 2026 पर सलामी मंच के सामने से गुजरेगी, तो यह याद दिलाएगी कि भारत की रक्षा शक्ति केवल मशीनों और सैनिकों पर ही निर्भर नहीं है। सियाचिन की बर्फीली चोटियों से लेकर लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानों और आपदा-ग्रस्त नागरिक क्षेत्रों तक, इन पशुओं ने चुपचाप कर्तव्य, साहस और बलिदान का भार साझा किया है। वे केवल सहायक नहीं, बल्कि चार पैरों वाले योद्धा हैं—जो दृढ़ता, निष्ठा और हर परिस्थिति में राष्ट्र की रक्षा के लिए भारतीय सेना के अटूट संकल्प के जीवंत प्रतीक हैं।

# नगर निगम लखनऊ में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान, मृतक आश्रितों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

**कार्यक्रम के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके सेवाकाल की सराहना की**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर निगम लखनऊ में दिनांक 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के सम्मान में बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। इस अवसर पर नगर निगम में वर्षों तक सेवा देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, वहीं मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें रोजगार का अवसर भी दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके सेवाकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि नगर निगम की प्रगति और शहर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में इन कर्मचारियों का योगदान अमूल्य रहा है। उनके अनुभव, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदार सेवा ने नगर निगम को मजबूती प्रदान की है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ, सम्मानजनक और सुखद भविष्य की कामना की।सेवानिवृत्त होने वालों में अशोक कुमार सिंह, सहायक अभियंता (केन्द्रीयत सेवा), ओम प्रकाश उप्रेती, प्रथम श्रेणी लिपिक (अभियंत्रण विभाग, जोन1), शान्ति देवी, अनुचर (कर विभाग, जोन501), मोहन चन्द्र भट्ट, पेंटर (मार्ग प्रकाश विभाग), हरीश चंद्रा, पेंटर (मार्ग प्रकाश विभाग), चंद्रा, बेलदार (प्रवर्तन विभाग, जोन 5), श्रीमती शीला, माली (उद्यान विभाग), लाजो, आया (स्वास्थ्य विभाग, मुख्यालय), माया श्रीवास्तव, अनुचर (मुख्य विभाग, अभि0), राकेश कुमार, सफाई कर्मी (कक्ष समिति503, स्वास्थ्य) तथा धन्नो, सफाई कर्मी (कक्ष समिति 7, स्वास्थ्य) शामिल रहे। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान करना रहा। इस अवसर पर शोभित कुमार सिंह, पुत्र स्वर्गीय विमलेश सिंह को द्वितीय श्रेणी लिपिक के पद पर तथा विमल कुमार वर्मा, पुत्र स्वर्गीय घनश्याम कुमार को पोर्टल के पद पर नियुक्ति पत्र सौंपे गए। महापौर ने कहा कि मृतक आश्रितों को रोजगार उपलब्ध कराना नगर निगम की मानवीय और संवेदनशील नीति का हिस्सा है, जिससे परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन तथा बड़ी संख्या में नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके योगदान को याद किया।

# विद्युत उपभोक्ताओं के लिये सरकार द्वारा संचालित बिजली बिल राहत योजना-2025 का अधिकतम लाभ उठाए: एके शर्मा

**योजना के प्रथम चरण के अंतिम दिवस पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित बिजली बिल राहत शिविरों में भारी भीड़**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे सरकार द्वारा संचालित बिजली बिल राहत योजना-2025 का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रदेश के गरीब, मध्यम वर्ग एवं वर्षों से बिजली बिल के बोझ से दबे उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत देने वाली एक ऐतिहासिक, संवेदनशील और जनहितकारी योजना है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को आर्थिक तनाव से मुक्त करना है।

योजना के प्रथम चरण के अंतिम दिवस पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित बिजली बिल राहत शिविरों में भारी भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में उपभोक्ता सुबह से ही शिविरों में पहुंचकर अपने पुराने बकाया का निस्तारण कराते दिखे। इस अभूतपूर्व सहभागिता से स्पष्ट है कि योजना को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है।इसी क्रम में ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने संगम भवन, लखनऊ से वर्चुअल माध्यम द्वारा आजमगढ़, बलिया, मऊ, प्रयागराज सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित 50 से अधिक शिविरों से सीधे संवाद किया। वर्चुअल संवाद के दौरान उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याएं, अनुभव और सुझाव साझा किए, जिन्हें मंत्री जी ने गंभीरता से सुना।संवाद के दौरान अनेक उपभोक्ता भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि ल्लमंत्री जी, यह योजना हमारे लिए वरदान साबित हुई है। पिछले 15520 वर्षों से बिजली बिल को लेकर जो मानसिक पीड़ा थी, उससे अब मुक्ति मिल गई है। अब हम सम्मान के साथ अपने बिल जमा कर पा रहे हैं और चैन की नींद सो पा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने योजना के लिए ऊर्जा मंत्री का आभार भी व्यक्त किया।कई शिविरों से यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि स्थानीय विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा, जिससे शिविरों में कार्य सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हुआ। मंत्री श्री शर्मा ने इस सकारात्मक प्रयास के लिए अधिकारियों की प्रशंसा भी की।ऊर्जा मंत्री ने यूपीपीसीएल के अध्यक्ष से चर्चा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 दिसंबर को जब तक शिविरों में उपभोक्ताओं की भीड़ बनी रहे, तब तक किसी भी स्थिति में शिविर बंद न किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र उपभोक्ता को योजना का लाभ दिए बिना शिविर समाप्त नहीं किया जाएगा।मंत्री श्री शर्मा ने आजमगढ़,बलिया मऊ जनपद के राघौली, बढ़राँव ब्लॉक, घोसी, सिपाह, कटघरा शंकर, भट्टमीला, भद्दीह सहित अन्य स्थानों पर लगे शिविरों से जुड़े उपभोक्ताओं से संवाद किया।

## लखनऊ में अब एक क्लिक में पास होगा घर-दुकान का नक्शा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के लोगों के लिए नए साल पर एक अच्छी खबर है। अब घर या दुकान का नक्शा पास कराने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 'फास्टपास' नाम से एक नई ऑनलाइन सुविधा शुरू की है, जिससे नक्शा कुछ ही मिनटों में पास हो जाएगा। इस नई सुविधा के तहत जमीन के मालिक खुद ही अपने घर या दुकान का नक्शा ऑनलाइन आवेदन करके पास करा सकेंगे। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है, जिससे समय बचेगा और बेवजह की परेशानी खत्म होगी। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत 100 वर्गमीटर तक के घर और 30 वर्गमीटर तक की दुकान का नक्शा जमीन का मालिक खुद पास कर सकेगा। इसके लिए द्वथध.फ्र.द्वधफ.द्वद्व वेबसाइट पर आवेदन करना होगा। आवेदन की शुरुआत वेबसाइट पर नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करने से होगी। इसके बाद लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाकर नक्शा अपलोड किया जा सकेगा। वेबसाइट पर ही तय शुल्क जमा करने की सुविधा होगी। आवेदन भेजते ही सिस्टम अपने-आप नियमों के अनुसार नक्शे की जांच करेगा और सही होने पर नक्शा पास कर देगा। नक्शा पास कराने के लिए यह जरूरी होगा कि जमीन का इस्तेमाल मास्टर प्लान के मुताबिक हो। आवेदन करते समय जमीन की सही जगह, आसपास की सड़कों की चौड़ाई, बनने वाले मकान या दुकान की ऊंचाई, कितना हिस्सा ढका होगा, आगे-पीछे और साइड में कितनी जगह छोड़ी जाएगी, आने-जाने का रास्ता और पार्किंग की पूरी जानकारी देनी होगी। सारी जानकारी भरते ही कुछ ही मिनटों में नक्शा पास हो जाएगा और प्रमाण पत्र मिल जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इस नई सुविधा से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अब नक्शा पास कराने में लगने वाला समय बचेगा और दफ्तरों के चक्कर से छुटकारा मिलेगा। इससे काम में पारदर्शिता आएगी और लोगों को अनावश्यक परेशानी नहीं होगी।

## प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का मनाया गया जन्म शताब्दी समारोह

रायबरेली। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने अटल जी को दूरदर्शी नेता बताते हुए, उनके सपनों को पूरा करने की अपील की। इस मौके पर मुख्य अतिथि सत्येन्द्र प्रताप सिंह द्वारा भारत लोक शिक्षा परिषद द्वारा महराजगंज , राही व अमांवा क्षेत्र में एकल अभियान के तहत एकल विद्यालय संचालित करने वाली आचार्य को प्रारम्भिक आचार्य अभ्यास वर्ग के प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले आचार्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही वहां मौजूद अन्य गरीबों को कम्बल भी वितरित किया गया। बुधवार को कस्बे के स्वदेश सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्जवल्लित कर किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत को एक सशक्त समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की थी। अटल बिहारी बाजपेई जी प्रखर दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने परमाणु परिक्षण कर विश्व पटल पर भारत की परमाणु शक्ति को प्रदर्शित किया। आज उनके सपने को केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार पूरा करने का प्रयास कर रही है। विशिष्ट अतिथि सुधा अवस्थी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत को एक सशक्त समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की थी। अटल बिहारी बाजपेई जी प्रखर दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने परमाणु परिक्षण कर विश्व पटल पर भारत की परमाणु शक्ति को प्रदर्शित किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद आचार्यों सहित गरीब व निराश्रित लोगों को बचाने के लिए कंबलों का वितरण भी किया। इस मौके पर स्वदेश सरस्वती शिशु मंदिर के समस्त आचार्य, स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें: एसपी

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने समस्त जनपदवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि नववर्ष पर जनपद में शांति, कानून-व्यवस्था एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थानों पर सतर्क निगरानी, निरंतर गश्त, चेकिंग अभियान तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने की विशेष व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील की है कि नववर्ष को सौहार्द, अनुशासन एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएं, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें। कहा कि शाहजहांपुर पुलिस जनपदवासियों की सेवा, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिए सदैव तत्पर है।

## रिश्ते हुए शर्मसार चाचा ने नाबालिग भतीजी से किया दुष्कर्म

बिसवां, सीतापुर। कोतवाली बिसवां अंतर्गत एक गांव में एक आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया गया कि बच्ची आटा देने गई हुई थी, उसी दौरान यह घटना घटित हुई।बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा को मामले की जानकारी दी गई। इसके बाद बिसवां पुलिस द्वारा बच्ची को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिसवां में भर्ती कराया गया।पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह ने बताया कि बच्ची की मां की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पुलिस हिरासत में है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के खिलाफ संभल में पद यात्रा

संभल । बांग्लादेश में दीपू दास की हत्या के विरोध में संभल में बुधवार को एक पदयात्रा निकाली गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बांग्लादेश में हिंदुओं के संरक्षण की मांग की।पदयात्रा अपराह्न लगभग चार बजे संभल कोतवाली और थाना रायसत्ती क्षेत्र की मुरादाबाद रोड पर निकाली गई। प्रदर्शनकारियों ने हिंदू समुदाय को संरक्षित करने की मांग करते हुए नारेबाजी की। जब उन्होंने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर पुतला फूंकने का प्रयास किया, तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से बांग्लादेश को इस मामले में 'मुंहतोड़ जवाब' देने की मांग उठाई। यह विरोध प्रदर्शन बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कथित अत्याचारों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर किया गया। प्रदर्शन में शामिल अंजू सैनी ने कहा कि दीपू दास की हत्या के विरोध में यह पदयात्रा निकाली गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि दीपू दास को पहले मारा गया और फिर जिंदा जला दिया गया।

# बिजली बिल राहत योजना से पावर कॉरपोरेशन को मिला 2900 करोड़ : आशीष गोयल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ0 आशीष गोयल ने बताया कि बिजली बिल राहत योजना को उपभोक्ताओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। अभी तक 27 लाख के आसपास उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है. तथा लगभग 2900 करोड़ का राजस्व पावर कॉरपोरेशन को प्राप्त हुआ है।

योजना की लोकप्रियता को देखते हुए मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री की मंशा के अनुरूप योजना के प्रथम चरण को जो आज समाप्त हो रहा था उसे 3 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। 3 जनवरी तक जो उपभोक्ता अपना रजिस्ट्रेशन करा कर बकाया जमा करेंगे उनको पूरा लाभ मिलेगा।1 दिसम्बर से पूरे प्रदेश में प्रारम्भ हुयी बिजली बिल राहत योजना को उपभोक्ताओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों से योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने कहा कि योजना को व्यापक समर्थन मिल रहा है. फिर भी हम सभी लोगों को और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। योजना का और अधिक प्रचार प्रसार किया जाये।उन्होंने कहा कि नेवर पेड, लॉग अनपेड उपभोक्ता तथा चोरी के मामलों के लिये यह बहुत अच्छी योजना आयी है। सभी वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि अपने अपने क्षेत्रों में योजना के पात्र उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराकर बकाया जमा करायें। जिला प्रशासन से सम्पर्क कर सभी विभागों का सहयोग लेकर एक-एक उपभोक्ता तक योजना को पहुँचाये। मीटर रीडर, फीडर मैनेजर, पाम्पलेट, न्यूज पेपर, वाट्सएप मैसेज, कॉलर ट्यून, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया आदि का उपयोग करके व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें।इस योजना में पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन में भी भारी छूट मिल रही है। उपभोक्ताओं को जल्दी पंजीकरण कराने एवं बकाया जमा करने पर ज्यादा छूट का लाभ मिलेगा।

# सफाई मित्रों की सुरक्षा को लेकर नगर निगम की पहल

**सेफ्टी ग्लव्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। महापौर सुषमा खर्कवाल की गरिमामयी अध्यक्षता में लखनऊ स्वच्छता अभियान द्वारा करम सेफ्टी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से जोन1 में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के लिए कर्मचारी सुरक्षा उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम 1090 चौराहे पर स्थित नगर निगम पार्किंग स्थल पर आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सफाई मित्रों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई मित्रों को मानक अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले सेफ्टी ग्लव्स वितरित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सफाई कर्मचारियों को कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों से सुरक्षित रखना, सुरक्षा मानकों के पालन के प्रति जागरूक करना तथा उनके स्वास्थ्य की रक्षा सुनिश्चित करना रहा। आयोजकों ने बताया कि सफाई कार्य के दौरान हाथों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे संक्रमण, कटने-छिलने जैसी दुर्घटनाओं और अन्य व्यावसायिक खतरों से बचाव किया जा सकता है।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद गीता देवी , पार्षद प्रतिनिधि राजीव त्रिपाठी , सुनील शंखधर , अपर नगर आयुक्त , ललित कुमार, लखनऊ स्वच्छता अभियान के रीजनल डायरेक्टर अभय रंजन तथा करम सेफ्टी प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर कविता निगम सहित नगर निगम के कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से सफाई मित्रों के योगदान की सराहना की और उनके कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।अपने संबोधन में माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में सफाई मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर निगम उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि सफाई कर्मचारी सुरक्षित वातावरण में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी सुरक्षित कार्य संस्कृति को अपनाने, नियमित रूप से सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा सफाई मित्रों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सफाई मित्रों ने इस पहल के लिए नगर निगम, लखनऊ स्वच्छता अभियान और करम सेफ्टी प्राइवेट लिमिटेड का आभार व्यक्त किया।

# पंचायत चुनावों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में माहौल गर्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। हालांकि पंचायत चुनाव की तिथियां अभी घोषित नहीं हुई हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी माहौल धीरे-धीरे गर्माने लगा है। गांव की पान की गुमटियों, चाय की दुकानों और गली-चौबारों में संभावित प्रत्याशियों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। वहीं मतदाताओं को रिझाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास भी शुरू हो चुके हैं।

आपको बता दें कि, भीषण ठंड और कोहरे को देखते हुए समाजसेवियों द्वारा गरीब और जरूरतमंदों की मदद का सिलसिला भी तेज हो गया है। इसी क्रम में महराजगंज क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में बुधवार को बाबा राम केवल अनसनकारी समर्थित भावी प्रधान प्रत्याशी धर्मराज पासी के नेतृत्व में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बाबा अनसनकारी के निज निवास प्रांगण महाबलगंज, सिकंदरपुर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 50 वृद्ध एवं विधवा महिलाओं को कंबल भेंट कर सम्मानित किया गया। कंबल पाकर महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने भावी प्रधान प्रत्याशी को जीत का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान बाबा राम केवल अनसनकारी ने कहा कि, बीते पंचायत चुनाव में पराजित हुए प्रत्याशी को पुनः गांव का मुखिया बनाने का संकल्प उन्होंने लिया है। उन्होंने कहा कि, इस बार का चुनाव केवल प्रत्याशी नहीं, बल्कि गांव की जनता लड़ेगी और निश्चित रूप से जीत हासिल होगी। उन्होंने यह भी बताया कि, भीषण ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों की सहायता की जा रही है, जो वे हर वर्ष करते आए हैं। समय-समय पर उनके द्वारा गरीबों, विधवाओं, वृद्धों तथा विभिन्न सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं को सहयोग दिया जाता रहा है और यह सेवा कार्य आगे भी जारी रहेगा। बाबा राम केवल अंसारी ने जानकारी दी कि, कुल 200 कंबल वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे चार चरणों में पूरा किया जाएगा। प्रत्येक चरण में 50 कंबल वितरित किए जाएंगे। अगला कंबल वितरण कार्यक्रम मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर रमाशंकर फौजी, उमाशंकर, रामतीरथ, रामसागर, राजेश, अयोध्या प्रसाद, रामसनेही, दर्शन, प्रहलाद सहित बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## नववर्ष के आगमन के साथ ही क्षेत्र में उल्लास का माहौल

रायबरेली। नववर्ष के आगमन के साथ ही क्षेत्र में उल्लास का माहौल बन जाता है। मऊ गर्वी गांव स्थित प्रसिद्ध बड़े बाबा मेले को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 1 जनवरी को महराजगंज-इन्हौना मार्ग पर लगने वाले बड़े बाबा मेले की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आपको बता दें कि, आज बुधवार की सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हो गया। मंदिर परिसर में श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ हुआ, साथ ही 24 घंटे का श्री सीताराम नाम जाप भी आरंभ किया गया। मेला कमेटी के सदस्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। बड़े बाबा मेला कमेटी के अध्यक्ष रामपाल तिवारी ने बताया कि, गुरुवार को सीताराम जाप के समापन के पश्चात विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन किया जाएगा। इसके बाद कन्या भोज का आयोजन होगा। मेले के दूसरे पहर में मैदान में बने मंच पर धनुष यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जबकि रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नौटंकी का आयोजन किया जाएगा।

# मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी ने प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय वोरवणकर ने 31 दिसम्बर, 2025 को माघ मेला-2026 के परिप्रेक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक / वाराणसी आशीष जैन सहित वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ प्रयागराज रामबाग एवं झूसी रेलवे स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के प्रथम चरण में महाप्रबंधक उदय वोरवणकर ने प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं यथा-प्लेटफार्म, यात्री आश्रय स्थल, पैदल उपरिगामी पुल, प्रतीक्षालय, वाटर बूथ, यूटीएस एवं पी.आर.एस. टिकट काउंटरों, स्टेशन भवन, सर्कुलेटिंग एरिया, निकास एवं प्रवेश मार्ग, परिचालनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन से टिकट बिक्री के विषय में संज्ञान लिया। उन्होंने यात्रियों को रेल वन ऐप के माध्यम से टिकट लेने के लिये प्रेरित करने हेतु कर्मचारियों को निर्देश दिया। इसके पश्चात उन्होंने माघ मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु प्रयाराज रामबाग स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में महाकुम्भ मेले के दौरान निर्मित यात्री आश्रय स्थलों के साफ-सफाई एवं उनके प्रसाधन, वॉटर बूथ, टिकट काउंटर आदि का निरीक्षण कर स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही माघ मेला यात्रियों की सुरक्षा हेतु, यात्री आश्रय स्थलों, प्रवेश एवं निकास मार्गो एवं टिकट काउंटरों पर सी.सी.टी.वी. कैमरों से निगरानी हेतु पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया, साथ ही माघ मेला के दौरान यात्रियों की संख्या में अनुमानित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए स्टेशन परिसर एवं पैसेंजर होल्डिंग एरिया की साफ-सफाई, सुरक्षा तथा भीड़ के प्रबंधन के लिए व्यापक इंतजाम करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात महाप्रबंधक ने झूसी रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन, मेला यात्रियों की सुख सुविधा, दैनिक यात्रियों हेतु निर्बाध आवागमन तथा स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के लिए किये जा रहे कार्यों का गहन निरीक्षण किया।

# ऐशबाग स्थित जलकल मुख्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान पूर्वक विदाई समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ऐशबाग स्थित जलकल मुख्यालय में 31 दिसंबर 2025 को सेवा से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल जी द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जलकल विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का योगदान शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ किया है। वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति जीवन का एक नया अध्याय है, जिसमें अब वे अपने परिवार और समाज के लिए समय दे सकेंगे।समारोह में उपस्थित पार्षद संदीप शर्मा जी, राजेश सिंह 'गब्बर' , सौरभ सिंह 'मोनू', पूर्व पार्षद साकेत शर्मा, संतोष राय , भाजपा नेता संतोष दुबे , महिमा सिंह एवं जलकल विभाग के महाप्रबंधक (जीएम) कुलदीप सिंह ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। इस मौके पर जलकल विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन तथा अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।31 दिसंबर 2025 में जलकल विभाग से सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों में महेश कुमार शुक्ला (गैंगमैन), दिलीप राज गुप्ता (गैंगमैन), मनोज कुमार (वेल्डर), अजय कुमार वर्मा (पम्प ऑपरेटर), सुनील कुमार सिंह (गैंगमैन), माता राम (पम्प ऑपरेटर) तथा ज्ञानेश कुमार शर्मा (पम्प ऑपरेटर) शामिल हैं। इन सभी कर्मचारियों ने अपने-अपने पदों पर रहते हुए वर्षों तक विभाग की सेवा की और जलकल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और विभाग के सहयोगात्मक वातावरण के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ और सम्मानपूर्ण भविष्य की कामना के साथ किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.01.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | निविदा सूचना संख्या | | 01362025 दिनांक 30.12.2025 | |
| 1 | कार्य का नाम | 1 | वरि0 मण्डल अभियंता-तृतीय/उ0रे0/लख0 के अधीन सहायक मण्डल अभियन्ता/वाराणसी के परिक्षेत्र में वाराणसी कैंट स्टेशन पर विभागीय मशीनीकृत लॉंड्री को बढ़ाने / उन्नयन का कार्य तथा प्रयाग स्टेशन से वाराणसी कैंट स्टेशन तक कंटेनर के परिवहन तथा स्थापना का कार्य। | |
| 2 | अनुमानित लागत | 1 | रू0 1,83,88,920.59 | |
| 3 | धरोहर राशि | 1 | रू0 2,42,000.00 | |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं0 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। | |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं0 01 के लिए | 09.01.2026 | |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं0 01 के लिए | 23.01.2026 15:00 बजे | |
| 7 | वेबसाईट | | www.ireps.gov.in | |

नोटः- 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ0रे0 नयी दिल्ली का पत्र सं0 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015. 4031/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# अभ्युदय योजना भर्ती में गड़बड़ी पर राज्यमंत्री असीम अरुण का सख्त एक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ । मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती प्रक्रिया में सामने आई गंभीर अनियमितताओं पर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कड़ा रुख अपनाया है। पारदर्शिता और पात्रता को प्राथमिकता बताते हुए उनके निर्देश पर मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है, साथ ही प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

राज्यमंत्री के निर्देश पर थाना गोमती नगर, लखनऊ में नियमों का उल्लंघन कर नियुक्तियां कराने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी अवनी पारिधि एनर्जी एंड कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,लखनऊ तथा संबंधित आवेदकों के खिलाफ षड्यंत्र, फर्जी दस्तावेजों के उपयोग और नियम विरुद्ध नियुक्ति के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है।

राज्यमंत्री असीम अरुण ने बताया कि 29



अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रदेश भर में संचालित कोचिंग केंद्रों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विभागीय स्तर पर जांच कराई गई, जिसमें भर्ती से संबंधित सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए निर्धारित पात्रता के अनुसार यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य था।

**राज्य मंत्री के निर्देश पर मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है, साथ ही प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए गए है**

इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी। कुल 69 अभ्यर्थियों की जांच में केवल 21 अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए। जांच रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि अपात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिलाने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग किया गया। प्रथम दृष्टया इस पूरे मामले में आउटसोर्सिंग कंपन अवनी पारिधि एनर्जी एंड कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। राज्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि दस्तावेज सत्यापन की जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की प्रशासनिक जांच कराई जाएगी। साथ ही भविष्य में होने वाली सभी आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में पुलिस वैरिफिकेशन और दस्तावेज सत्यापन अनिवार्य किया जाएगा। इसके अलावा वर्तमान में कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का भी दोबारा सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न हो।

## योजना और अनुशासन से करें पीसीएस की तैयारी : असीम अरुण

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार को पीसीएस मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए गोमतीनगर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के भागीदारी भवन में विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।राज्यमंत्री असीम अरुण ने अभ्यर्थियों को आंग्ल नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए परीक्षा की तैयारी में सही रणनीति, अनुशासन और योजनाबद्ध तरीके अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से अभ्यर्थियों में आत्मविश्वास और प्रेरणा बढ़ती है।राज्यमंत्री ने बताया कि जल्द ही देश के प्रमुख शहरों के श्रेष्ठ पांच शिक्षकों को ऑनलाइन कक्षाओं से जोड़ा जाएगा, जिससे अभ्यर्थियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलेगा। इंटरव्यू की पूर्व तैयारी के लिए सप्ताह में एक दिन फॉर्मल ड्रेस पहनने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए सप्ताह में दो घंटे श्रमदान और सरकारी योजनाओं तथा व्यवसायिक सत्र आयोजित करने की योजना भी साझा की गई।समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने मुख्य परीक्षा के साथ इंटरव्यू की समानांतर तैयारी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक पी.के. त्रिपाठी, उपनिदेशक जे राम, डीएसपी प्रियंका यादव और जिला समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार यादव उपस्थित रहे। अभ्यर्थियों ने भी संस्थान की सुविधाओं और कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

# लखनऊ में एक करोड़ की मार्फिन जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । लखनऊ में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को बुधवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। टीम ने थाना नगराम क्षेत्र में दबिश देकर नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में मार्फिन बरामद की है। एएनटीएफ लखनऊ की टीम ने थाना नगराम क्षेत्र अंतर्गत घुड़सारा पुलिया, बड़ी नहर के पास चेकिंग के दौरान संदिग्ध दोपहिया वाहन को रोका। तलाशी लेने पर मौके से दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उनकी पहचान कुलदीप सिंह और अंकुश यादव के रूप में हुई, जो रायबरेली जिले के निवासी बताए जा रहे हैं।टीम द्वारा की गई तलाशी में अभियुक्तों के कब्जे से कुल 990 ग्राम मार्फिन बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। इसके अलावा एक दोपहिया वाहन, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि एंटी



नारकोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ द्वारा थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाई में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 990 ग्राम मार्फिन बरामद हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दोनों आरोपी लंबे समय से नशीले पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त में संलिप्त थे और अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से लखनऊ आए थे। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना नगराम में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच आगे जारी है।गिरफ्तार तस्करों ने पुलिस पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वे मार्फिन की तस्करी कर मोटा मुनाफा कमाते थे और नए ग्राहकों की तलाश में लखनऊ पहुंचे थे, जहां एएनटीएफ टीम ने उन्हें धर दबोचा।

# आंग्ल नववर्ष पर लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस के व्यापक सुरक्षा इंतजाम, यातायात डायवर्जन लागू

**हजरतगंज, गोमती नगर, 1090 चौराहा, शहीद पथ और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आंग्ल नववर्ष के जश्न के दौरान लखनऊ में कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। 31 दिसंबर की रात और 1 जनवरी को लेकर पूरे शहर में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार ने बुधवार को बताया कि हजरतगंज, गोमती नगर, 1090 चौराहा, शहीद पथ और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर मॉल, मल्टीप्लेक्स और प्रमुख पिकनिक स्थलों पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की



जा रही है।यातायात को सुचारू रखने के लिए हजरतगंज, महानगर और गोमती नगर क्षेत्रों में व्यापक डायवर्जन लागू किया गया है। महानगर से आने वाले वाहन सिकंदरबाग और सहारागंज की ओर नहीं जा सकेंगे, उन्हें चिरैयाझील और संकल्प वाटिका की ओर मोड़ा जाएगा। हजरतगंज चौराहे से अल्का, मेफ़ेयर और परिवर्तन चौक की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।चारबाग से हजरतगंज जाने वाली बसों को केकेसी और कैंट मार्ग से चलाया जाएगा, जबकि अयोध्या रोड और कमता से आने वाली बसें लक्ष्मण मेला, गोल्फ क्लब और बंदरियाबाग होकर संचालित होंगी। लालबाग, सप्रू मार्ग और नवल किशोर रोड पर भी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा।संयुक्त पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया कि ड्रंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीडिंग और सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रमुख चौराहों पर ब्रीथ एनालाइजर के साथ पुलिस टीमें तैनात रहेंगी और नियम तोड़ने वालों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील इलाकों में सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों और एंटी-रोमियो स्क्वाड को गश्त के निर्देश दिए गए हैं।लखनऊ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे जारी रूट प्लान का पालन करें और नियमों के अनुरूप सुरक्षित व शांतिपूर्ण तरीके से आंग्ल नववर्ष का उत्सव मनाएं।

# नहर कटने से किसानों की फसले हुई बर्बाद,उम्मीदों पर फिरा पानी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब तहसीलअंतर्गत ग्राम पंचायत नगर चौगावां के लोध पुरवा में नहर का बांध कटने से किसानों पर आफत टूट पड़ी।नहर कटने के कारण किसानों के खेतों में पानी भर गया,जिससे दर्जनों किसानों की खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं।

प्रभावित फसलों में आलू,गेहूं, सरसों सहित अन्य फसलें शामिल हैं।इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।किसान छोटे लाल, प्यारे लाल,अमित,बहादुर,परशुराम,गिरधारी लाल, शिवनाथ,रामनरेश,उदयराज,शत्रोहन सहित कई अन्य किसानों की कई बीघा खड़ी फ़सल प्रभावित हुई हैं। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में किसानों में आक्रोश है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।वही सूचना पर पहुंचे संबंधित अधिकारियों ने कटे बांध को सही करवाकर अन्य कार्यवाही में जुटी हुई थी।

## बीकेटी में मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम द्वारा किया गया जागरूक



बीकेटी, लखनऊ । बुधवार को बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत एयरफोर्स रोड़ पर मिशन शक्ति फ़ेस 5 के तहत मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं को महिला संबंधी होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 1930, 112 और 108 के बारे में जानकारी दी गई तथा महिला शक्ति केन्द्र के बारे में अवगत कराया गया।वही इस मौक़े पर बीकेटी थाना पर तैनात उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र राजपूत,महिला पीआरडी सरिता मौजूद रही।

## खुदी सड़क बनी हादसों का कारण, अंधे की चौकी मार्ग पर पीडब्ल्यूडी-नगर निगम की लापरवाही उजागर



दुबग्गा, लखनऊ। अंधे की चौकी-महीपत मऊ मार्ग पर चल रहा सड़क मरम्मत कार्य इन दिनों गंभीर हादसों की वजह बनता जा रहा है। पीडब्ल्यूडी और नगर निगम द्वारा सड़क को खोदने के बाद काम बीच में ही रोक दिया गया है, जिससे मार्ग पर हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। पिछले दो दिनों से यहां कोई काम नहीं किया गया। लेकिन सड़क को अधूरी और असुरक्षित स्थिति में छोड़ दिया गया है।सड़क पर भारी मात्रा में मिट्टी फैल चुकी है। बताया जा रहा है कि मिट्टी से लदे डंपरों की आवाजाही के दौरान डंपरों से गिरने वाली चिकनी मिट्टी पूरे मार्ग पर जम गई है। यही मिट्टी राहगीरों के लिए फिसलन का कारण बन रही है। आए दिन दोपहिया वाहन सवार और पैदल चलने वाले लोग फिसलकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं।स्थानीय लोगों के मुताबिक, अंधे की चौकी के पीछे स्थित इस मार्ग पर शाम होते ही हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं। रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर फैली मिट्टी नजर नहीं आती। जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। इसके बावजूद न तो किसी तरह की बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी संकेत लगाए गए हैं।सड़क की मरम्मत के नाम पर की गई खुदाई और फिर काम रोक देना पीडब्ल्यूडी व नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। जिस मार्ग से रोज़ाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। उसे इस तरह अधूरी हालत में छोड़ देना गंभीर लापरवाही का उदाहरण माना जा रहा है। फिलहाल अंधे की चौकी महीपत मऊ मार्ग पर हालात जस के तस बने हुए हैं और हर गुजरता राहगीर जोखिम उठाकर इस रास्ते से गुजरने को मजबूर है।

## मिशन शक्ति के तहत अलीगंज पुलिस टीम ने युवाओ एवं युवतियों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक



लखनऊ। को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा कपूर थला स्थित महिंद्रा कोचिंग सेंटर मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य महिलाओ व बच्चों को उनके अधिकारो के लिए जागरूक करना व साइबर ठगी से बचाव था। इस कार्यक्रम मे सजग,सतर्क व सशक्त नारी,सुरक्षित परिवार और मज़बूत समाज की भी बात कही गई। जागरूकता कार्यक्रम मे पुलिस द्वारा छात्र व छात्रओ को उनके अधिकार के प्रति सजग किया गया इस दौरान उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक करने वाले पम्पलेट भी वितरित किये गये साथ ही ये भी बताया गया कि मिशन शक्ति महिलाओं पर हो रहे हर तरह के अपराध से निपटने को तत्पर है लेकिन इसके लिए सभी को अपने ऊपर हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध आगे आना चाहिए ताकि ऐसा करने से रोका जा सके।

# मोहनलालगंज में किताबें कबाड़ी को बेचने का मामला गरमाया



**नेवाज खेड़ा स्कूल का वीडियो वायरल, दूसरे दिन ग्रामीण धरने पर, बीईओ पहुंचे मौके पर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्राथमिक विद्यालय नेवाज खेड़ा मोहनलालगंज से लगभग दो कुंतल किताबें कबाड़ी को बेचे जाने का वीडियो बीते मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो में रिक्शावाला स्कूल से किताबें ले जाता दिखा, जिसने पूछताछ में बताया कि उसे प्रधानाध्यापक रवीन्द्र गुप्ता व सहायक अध्यापक पंकज मणि ने किताबें खरीदने के लिए बुलाया था। मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। दूसरे दिन भी ग्रामीण विद्यालय गेट पर धरने पर बैठ गए। सूचना पर खंड शिक्षा अधिकारी मोहनलालगंज मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों को समझाया और कबाड़ी व ग्रामीणों के बयान लिए, साथ ही मोबाइल पर संबंधित शिक्षक से भी बात की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देंगे। अब सभी की निगाहें विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं।

# लोकबंधु राज नारायण के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता : डॉ. फिदा हुसैन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं देश के पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री लोक बंधु राजनारायण की 39 वीं पुण्यतिथि बीकेटी स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय कैंपस के लोकबंधु राजनारायण छात्रावास में मनाई गई।उनकी प्रतिमा पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी, प्रबंधक डॉ टीपी सिह ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

कृषि महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने उनके जीवन पर चर्चा की और कहां वह एक सच्चे समाजवादी चिंतक थे उनके विचार और संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान नई पीढ़ी से किया।महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ टीपी सिंह ने बताया कि हम लोगों ने उनके साथ 1968 में जनसेवक के रूप में कार्य किया था,वह एक सच्चे समाजवादी विचारधारा के प्रखर नेता थे।लोकबंधु राजनारायण



छात्रावास के अधीक्षक डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लोक बंधु राजनारायण जी के श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह से अच्छे संबंध थे ,उन्होंने महाविद्यालय कैंपस में लोकबंधु छात्रावास का निर्माण कराया था,जिसमें लगभग 200 से अधिक छात्र अतःवासी छात्र के रूप में रहते हैं और डॉ सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी ने राजनारायण की वजह से ही देश में इमर्जेंसी लगाई थी।उन्होंने 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी को रायबरेली लोकसभा सीट पर पराजित किया था,उस समय बाबू भगवती सिंह रायबरेली में रहकर चुनाव प्रचार किए थे।इमर्जेंसी के दौर में सत्ता के खिलाफ आवाज बुलंद करने पर राजनारायण को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा उस समय बाबू भगवती सिंह जी भी उनके साथ जेल में रहे। पुण्यतिथि कार्यक्रम में महाविद्यालय के शोध अधिकारी प्रो गजेंद्र सिंह,प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी,डॉ हृदय नारायण तिवारी,प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे।

# मित्रता की आड़ में कत्ल, डंडे से पीट-पीटकर हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। हत्याकांड का खुलासा, तीन दोस्तों ने मिलकर युवक को उतारा मौत के घाटमोहनलालगंज थाना क्षेत्र में बीते मंगलवार को एक युवक की हत्या कर शव सड़क किनारे झाड़ियों में फेंकने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सनसनीखेज वारदात में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों द्वारा मृतक का मोबाइल फोन नहर में फेंक दिया गया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।पुलिस के अनुसार, हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई थी। मृतक की पहचान अलमाज सिद्दीकी उर्फ अज्जू (20) के रूप में हुई है।मृतक के पिता रवी मोहम्मद निवासी मऊ, मोहनलालगंज ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनका छोटा बेटा अलमाज सोमवार शाम करीब 7:30 बजे घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन मंगलवार को उसका शव मऊ बड़ी नहर के किनारे खेत में मिला।रवी मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि गांव के ही अरमान पुत्र इजराइल, रमजान पुत्र इस्माइल और सूरज रावत पुत्र पूर्णमासी उनके



परिवार की एक लड़की को परेशान करते थे। इस बात की जानकारी मिलने पर अलमाज ने करीब एक महीने पहले तीनों को मारा था और दोबारा ऐसी हरकत करने पर पुलिस में शिकायत करने की चेतावनी दी थी। इसी रंजिश को लेकर तीनों आरोपी अलमाज से बदला लेना चाहते थे।29 दिसंबर 2025 की शाम से अलमाज के बारे में कोई जानकारी न मिलने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव के कुछ लोगों ने बताया कि अलमाज को अंतिम बार अरमान, रमजान और सूरज रावत के साथ देखा गया था। इसके बाद परिजनों को तीनों पर हत्या का शक हो गया।पुलिस ने देर रात तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ।पूछताछ में सामने आया कि तीनों अभियुक्त और मृतक आपस में मित्र थे तथा एक ही मोहल्ले में रहते थे। अभियुक्त रमजान मृतक की रिश्ते की बहन को परेशान करता था, जिसको लेकर पूर्व में अलमाज और रमजान के बीच मारपीट व विवाद हो चुका था। इसी रंजिश से क्षुब्ध होकर आरोपियों ने हत्या की साजिश रची।आरोपियों ने बताया कि बीते सोमवार शाम करीब 7 बजे वे तीनों एक दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान अरमान कुरैशी ने अलमाज को फोन कर बुलाया। इसके बाद तीनों आरोपी योजनाबद्ध तरीके से अलमाज को दो मोटरसाइकिलों पर बैठाकर पहले अतरौली के पास ले गए, लेकिन वहां कुछ लोगों को शराब पीते देख स्थान सुरक्षित न लगने पर वापस लौट आए।इसके बाद तीनों आरोपी मऊ बड़ी नहर की पटरी पर पहुंचे, जहां इलाका पूरी तरह सुनसान था। सही मौका देखकर अरमान कुरैशी ने मौके पर पड़ा मजबूत यूकेलिप्टस का डंडा उठाकर अलमाज के सिर पर वार किया, जिससे वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। इसके बाद तीनों आरोपियों ने उसे घसीटकर नीचे ले जाकर डंडे से उसके चेहरे और सिर पर कई बार प्रहार कर उसकी हत्या कर दी।पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नगर निगम की बड़ी उपलब्धि, सम्पत्ति विभाग ने एक वर्ष में 70 हेक्टेयर से अधिक भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

लखनऊ । वर्ष 2025 नगर निगम लखनऊ के लिए अतिक्रमण हटाने के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धियों भरा वर्ष रहा। महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार के कुशल निर्देशन में नगर निगम के सम्पत्ति विभाग द्वारा पूरे वर्ष शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर अभियान चलाते हुए बड़ी मात्रा में सरकारी एवं नगर निगम की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। यह अभियान न केवल शहर के सुव्यवस्थित विकास की दिशा में एक ठोस कदम रहा, बल्कि सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण में भी मील का पत्थर साबित हुआ।नगर निगम लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार 01 जनवरी 2025 से 24 दिसम्बर 2025 तक सम्पत्ति विभाग ने शहर के विभिन्न हिस्सों में कार्रवाई करते हुए कुल 7,608,653 वर्गफुट भूमि, जो लगभग 70.686 हेक्टेयर के बराबर है, को अतिक्रमण से मुक्त कराया। यह भूमि लंबे समय से अवैध कब्जों, अस्थायी निर्माणों और अतिक्रमण की चपेट में थी, जिससे न केवल शहरी सौंदर्य प्रभावित हो रहा था।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर में संकट मोचन महायज्ञ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नववर्ष की पावन पूर्व संध्या 31 दिसंबर को सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर, इंदिरा नगर, लखनऊ की दिव्य एवं पुण्यभूमि पर संपूर्ण विश्व की मंगल कामना हेतु भव्य संकट मोचन महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा, भक्ति एवं पूर्ण आस्था के साथ सहभागिता की।

देश-विदेश में विख्यात सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर, जिसकी स्थापना श्री कृष्ण चेतनावतार देवी माँ जी द्वारा वर्ष 1989 में की गई थी, आज भी आस्था का वह अद्वितीय केंद्र है जहाँ से कोई भी श्रद्धालु कभी खाली हाथ नहीं लौटा। इस पावन धाम में असंख्य भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण हुई हैं, जीवन की विकट से विकट परिस्थितियों, संघर्षों, असाध्य रोगों एवं गहन कष्टों से उन्हें मुक्ति प्राप्त हुई है।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान की वाणी के दिव्य पाठ से हुआ। तत्पश्चात आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति माँ पूनम जी एवं दिव्य शक्ति योगीराज श्री



अभिनव महाराज जी की पावन उपस्थिति में वैदिक विधि-विधान से महायज्ञ संपन्न हुआ। इस यज्ञ में केवल वही श्रद्धालुजन आहुति अर्पित कर सके, जो शुद्ध शाकाहारी एवं सात्विक जीवन का पालन करते हैं।इस अवसर पर अपने ओजस्वी प्रवचन में आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति माँ पूनम जी ने कहा –ŀयदि आने वाले वर्ष में आप ईश्वर की कृपा और संरक्षण चाहते हैं, तो पहले संरक्षण देना सीखें – असहाय, असमर्थ पशु-पक्षियों को। जिन हाथों पर किसी निर्दोष प्राणी का रक्त लगा हो, उनके द्वारा किया गया कोई भी पूजन, अर्पण या तप भगवान स्वीकार नहीं करते।ŀउनके ये शब्द उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय को भीतर तक झकझोर गए और करुणा, दया व मानवता का गहन संदेश दे गए।सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर, लखनऊ द्वारा 'आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति माँ जी' एवं 'दिव्य शक्ति योगीराज श्री अभिनव महाराज जी' के सान्निध्य में समय-समय पर मानवता एवं श्रीकृष्ण भगवान की गीता पर आधारित दिव्य सत्संग भारत के अनेक नगरों – दिल्ली, फरीदाबाद, अल्मोड़ा, जयपुर, आगरा, अयोध्या, ग्वालियर, कानपुर – सहित विदेशों में इंग्लैंड एवं सिंगापुर तक आयोजित किए जा चुके हैं।भगवान के अलौकिक मंत्रŀजाति है इंसान की, धर्म है मानवता काŀसे प्रेरित होकर समाज में जाति प्रथा, दहेज प्रथा, कन्या उत्पीड़न एवं अंधविश्वास जैसी कुरीतियों के विरुद्ध चेतना जागृत हुई है। इतना ही नहीं, इस दिव्य संदेश से प्रेरित होकर आज बड़ी संख्या में लोगों ने मांसाहार का त्याग कर शाकाहारी जीवन को अपनाया है।

# शाहजहांपुर–फर्रुखाबाद के डीएम ने ढाईघाट मेले की तैयारियों को लेकर की बैठक

**बैठक में बताया गया कि श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए मार्गो का निर्माण किया गया है। मेला क्षेत्र में 300 हैंडपंप लगाए गए हैं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिला पंचायत शाहजहांपुर द्वारा आयोजित किए जाने वाले माघ मेला ढाईघाट की तैयारियों की समीक्षा बैठक मेला स्थल ढाईघाट पर हुई। बैठक की अध्यक्षता डीएम शाहजहांपुर एवं डीएम फर्रुखाबाद ने की।

बैठक में बताया गया कि श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए मार्गो का निर्माण किया गया है। मेला क्षेत्र में 300 हैंडपंप लगाए गए हैं। जबकि 40 हैंडपंप रिजर्व में हैं। जिन्हें जरूरत पर स्थापित किया जाएगा। विद्युत व्यवस्था के तहत जनरेटर से 300 ट्यूबलाइट, 400 बल्ब एवं 40 सर्चलाइट लगाए जाएंगें। प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस बल, फायर सर्विस, स्वास्थ्य विभाग, पशु स्वास्थ्य विभाग तथा कर्मचारियों के लिए टेंट, शामियाना, कुर्सियां, चारपाई, दरी एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था रहेगी। मुख्य घाटों पर महिलाओं के लिए पांच चेंजिंग रूम रहेगें। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक-एक डॉक्टर, कंपाउंडर एवं वार्ड बॉय की तैनाती दवाइयों सहित रहेंगी। खोया-पाया केंद्र जिला पंचायत कैंप कार्यालय में स्थापित रहेगा। सुरक्षा की दृष्टि से 12 गोताखोर, रिवर पुलिस एवं स्टीमर की व्यवस्था रहेगी। 50 पुरुष और 30 महिला शौचालयों की व्यवस्था रहेगी। सफाई व्यवस्था के 60 सफाईकर्मी तैनात रहेगें। भीड़ नियंत्रण और निगरानी के लिए दो वॉच टावर लगेगें। मेला कोतवाली तथा चार पुलिस चैकियां बनाई जाएंगी। 100 सीसीटीवी कैमरे लगेगें। भारी वाहनों को कोलाघाट मोड़ पर ही रोका जाएगा। पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। दोनों डीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। साफ-सफाई, सुरक्षा, गोताखोरों की तैनाती एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मेला में स्वच्छता एवं सुरक्षा का ध्यान रखें और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें। बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पति अजय प्रताप सिंह यादव, एसपी फर्रुखाबाद आरती सिंह, एडीएम प्रशासन फर्रुखाबाद अरुण सिंह, एडीएम प्रशासन शाहजहांपुर रजनीश मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सचिव–मुखिया की निष्क्रियता से नहीं संचालित हो रहे कूड़ा घर

**सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर पानी फ़ेर रहें जिम्मेदार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिधौली, सीतापुर। सिधौली ब्लाक इलाके में अधिकांश पंचायतों में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र सिर्फ शो पीस बन कर रह गये है। सिधौली ब्लाक की ग्राम पंचायत बनियानी,में बने कूड़ा घर सिर्फ शो पीस बन कर रह गया है। तो वहीं हरदोइया एवं विशुनदास पुर में अभी तक कूड़ा घर अधूरा ही पड़ा है।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ मिशन सिर्फ कागजों पर ही रफ्तार पकडे हुए है। लेकिन धरातल पर सचिव और गांव के मुखिया की निष्क्रियता से स्वच्छ मिशन योजना की धज्जियां उड़ानें में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। ग्राम पंचायत में जगह जगह पर कचरा जमा होने से गंदगी फैल रही थी और गांव के लोग मलेरिया, डेंगू, जैसी अनेक खतरनाक बीमारियों से जूझ रहे थे। ग्रामीणों की सुविधा के लिए सरकार ने लाखों रुपए खर्च करके हर ग्राम पंचायत में कूड़ा घर का निर्माण तो करवा दिया लेकिन धरातल पर आज भी गांव की गलियों में गंदा कचरा फैला हुआ पड़ा मिलेगा। लाखों की लागत से बनवाएं गये कूड़ा घर में सूखा कचरा, गीला कचरा, प्लास्टिक कचरा,लोहे का कचरा सहित एक कार्यालय रुम भी बनवाया गया। अंदर से बाहर तक स्वच्छता अभियान से जुड़ी पेंटिंग द्वारा बहुत ही सुन्दर पंक्तियां भी लिखवाईं गई। लेकिन यह सब एक दिखावा साबित हो रहा है। खानापूर्ति के लिए कूड़ा घरों को कागजों पर भले ही संचालित किया जा रहा है लेकिन धरातल पर कूड़ा घर संचालित ना होने के कारण आज भी गांव की गलियों में गंदगी फैली हुई हैं। जिसका मुख्य कारण सचिव और गांव के मुखिया की निष्क्रियता भी बताई जा रही है। जबकि सरकार के द्वारा स्वच्छ मिशन योजना को देखते हुए लाखों रुपए खर्च करके पंचायत में सुधार करने का प्रयास कर रही है। वहीं पर ब्लाक के जिम्मेदार अफसरों की उदासीनता से पंचायत के हालात दिन प्रतिदिन और बदतर होते जा रहे हैं।

# लेखपालों के आशीर्वाद से भूमिहीनों ने बेच डाला लाखों का धान

**डीएम की सख्ती भी बेअसर, सकरन में पीसीयू धान खरीद का वृहदतम घोटाला उजागर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर । विकास खण्ड सकरन में सरकारी धान खरीद व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। पीसीयू द्वारा संचालित सरकारी धान क्रय केंद्रों पर किसानों की बजाय बिचौलियों, भूमिहीनों और बाहरी ब्लॉकों के लोगों के नाम पर करोड़ों रुपये का धान सिर्फ कागजों पर खरीद लिया गया, जबकि वास्तविक किसान अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर रहे। जिलाधिकारी राजा गणपति आर की सख्ती और निर्देशों के बावजूद सकरन में धान खरीद का खेल निर्बाध चलता रहा। दुगाना, बोहरा और पलोली स्थित साधन सहकारी समितियों पर बनाए गए पीसीयू क्रय केंद्रों पर 28 अक्टूबर से 22 दिसंबर तक 384 किसानों के नाम 2704.34 मीट्रिक टन धान, जिसकी कीमत 6 करोड़ 64 लाख 5 हजार 161 रुपये बताई गई है, की खरीद केवल अभिलेखों में दर्शा दी गई।जिनके पास जमीन नहीं, उन्होंने लाखों का धान बेचाखरीद सूची में दर्ज कई ऐसे नाम सामने आए हैं जिनके पास एक बीघा भी कृषि भूमि नहीं है। सूत्रों का दावा है कि मुंशीपुरवा मजरा उमराकला निवासी राजाराम भार्गव ने एक लाख रुपये का धान बेचा, जबकि उनके नाम कोई जमीन दर्ज नहीं।अनूप कुमार बाजपेई ने 18 दिसंबर को 3,77,462,शिवम ने 20 दिसंबर को 4,59,643,रामबिलास ने 17 नवंबर को 2,67,614,अमित राज (उमरा) ने 19 नवंबर को 2,80,468 का धान बेचना दर्शाया गया।

### इनमें से किसी के भी नाम कृषि योग्य भूमि नहीं है

घोटाले की परतें यहीं नहीं थमतीं। सकरन क्रय केंद्रों पर अन्य विकास खण्डों के लोगों के नाम पर भी कई कुंतल धान की खरीद दिखाई गई नरेंद्र कुमार सिंह, निवासी ढोलाई कला (विकास खण्ड परसेंडी) ऽ ?2,81,902अमित कुमार, निवासी मिश्रिख 1,98,287लवकुश कुमार, निवासी जनुवा (विकास खण्ड बिसवां) 3,62,172अनिल कुमार, निवासी खैराबाद 2,56,100 केंद्र कागजों में चले, धरातल पर नहीं बताया जाता है कि दुगाना और पलोली क्रय केंद्रों पर धान खरीद का वास्तविक संचालन ही नहीं हुआ। न धान आया, न तौल हुई सिर्फ फाइलों में एंट्री कर करोड़ों की खरीद दिखा दी गई।

### लेखपालों की भूमिका संदेह के घेरे में

सूत्रों की माने तो कुछ लेखपालों की मिलीभगत से यह पूरा खेल रचा गया। गुलाबी नोटों की चकाचौंध में एक बार फिर धान खरीद घोटाले की पटकथा लिखी गई, जो पुराने चर्चित मामलों की पुनरावृत्ति मानी जा रही है।

### अन्नदाता लुटा, सिस्टम मौन

एक ओर क्षेत्र का अन्नदाता सरकारी केंद्रों तक पहुंच नहीं सका, दूसरी ओर भूमिहीनों और बिचौलियों ने सरकारी खरीद का लाभ उठा लिया। सवाल यह है कि जिलाधिकारी की सख्ती के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखें क्यों मूंदे रखीं?अब देखना यह है कि इस वृहदतम धान खरीद घोटाले पर प्रशासन कब तक ठोस कार्रवाई करता है या यह मामला भी फाइलों में ही दबा दिया जाएगा।

## गौशालाओं की व्यवस्था अस्त -व्यस्त, शीतलहर में ठिठुर रहे गौवंश

सकरन, सीतापुर। ब्लॉक मुख्यालय से चंद कदम दूर स्थित अस्थायी गौ आश्रय स्थल किरतापुर व देवतापुर में भूख प्यास के बीच ठिठुरते मिले गौवंश। तैनात केयर टेकरों से ताला खोलने की बात करने पर सीधे ये कहकर मना कर दिया गया कि बगैर प्रधान की इजाजत के ताला नहीं खुल सकता है जब अलाव व चारे की बात की गई तो बताया गया कि खाने के लिए पैरा डाल दिया गया है अगौड़ा मिल नहीं रहे हैं बरसीम ख़त्म हो चुकी है और अलाव के लिए लकड़ी ही नहीं है।न गायों के पास झूल हैं न अलाव जिसके चलते किरतापुर व देवतापुर गौशाला में रजिस्टर पर अंकित गायों से कई दर्जन कम गौवंश मौजूद मिले प्रधान ने बताया कि विगत कई माह का भुगतान नहीं मिलने के चलते व्यवस्था चरमरा गई है आपलोगों को जो भी लिखना हो लिखो हमें फर्क नहीं पड़ता व्यवस्था पंचायत सचिव अरुण कुमार वर्मा देखते हैं उनकी ही जिम्मेदारी है।पंचायत सचिव से जब फोन पर वार्ता करने का प्रयास किया गया तो फोन ही रिसीव नहीं किया गया।

# सपा नेताओं ने मनाई लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर लोकबंधु राजनारायण की 39वीं पुण्यतिथि बिजलीपुरा स्थित सपा के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें लोकबंधु राजनारायण के योगदान पर चर्चा की गई।सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि लोकबंधु राजनारायण हमेशा अन्याय के खिलाफ खड़े होते थे, डॉ. लोहिया के नेतृत्व में उन्होंने समाजवादी आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आजादी के आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की थी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके विचारों को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। गोष्ठी में पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जफरीन, सरताज खान, मोनू कुरैशी, संतोष कुमार पाल, पूर्व सभासद दुर्गेश कुमार, सुखपाल सिंह, आशिक अली, राकेश विश्वकर्मा, मनोज यादव, बहादुर सिंह यादव, सौरभ भास्कर एडवोकेट, यश मौर्य, सुनील यादव, मोहम्मद बिलाल, मोहसिन खान, सचिन भोजवाल, मोहम्मद जुबेर खान, रामनिवास यादव, रिजवान खान, अमन खान, आरिफ खान, रानू खान आदि कई लोग मौजूद रहे।

# हिस्ट्रीशीटर वारंटी समेत दो अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद के थाना पढुआ क्षेत्र में पुलिस ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में एक अहम सफलता हासिल की है। आज दिनांक 31 दिसंबर 2025 को न्यायालय द्वारा प्राप्त गिरफ्तारी वारंट के क्रम में थाना पढुआ पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सहित दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में हनीफ पुत्र चुन्ना खाँ एवं सफीउद्दीन सफी उर्फ लल्लू पुत्र हनीफ खाँ शामिल हैं, जो दोनों पठाननपुरवा गांव के निवासी हैं।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त हनीफ पुत्र चुन्ना खाँ स्थानीय स्तर पर प्रधानपति के रूप में जाना जाता है तथा थाना पढुआ का नामजद हिस्ट्रीशीटर है, जिसका हिस्ट्रीशीट नंबर 54इ दर्ज है। दोनों अभियुक्त थाना पढुआ में पंजीकृत मुकदमा संख्या 75/2016 में वांछित चल रहे थे। यह मुकदमा भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं 147, 148, 149, 323 एवं 325 के अंतर्गत दर्ज है, जिसमें दंगा, घातक हथियारों का प्रयोग और मारपीट जैसे आरोप शामिल हैं।बताया जा रहा है कि दोनों अभियुक्त काफी समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा इनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। वारंट प्राप्त होते ही थाना पढुआ पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए विशेष टीम गठित की और सटीक सूचना के आधार पर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।इस कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक श्री अभिषेक सिंह, मुख्य आरक्षी योगेन्द्र कुमार तथा आरक्षी अंकित कुमार शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है और उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के तहत यह कदम उठाया गया है। फरार, वारंटी एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा, ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# पूर्व विधायक शकुंतला देवी ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । कड़ाके की ठंड से जूझ रहे असहाय, गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए पुवायां की पूर्व विधायक शकुंतला देवी ने सराहनीय पहल की है। उन्होंने अपने पैतृक गांव अगौना बुजुर्ग, बिल्सडी बुजुर्ग एवं बिल्सडी खुर्द में गरीब, बुजुर्गों, असहाय और जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए।

कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक शकुंतला देवी ने कहा कि सर्दी के इस कठिन समय में जरूरतमंदों की सहायता करना सभी का सामाजिक दायित्व है। मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। कहा कि आगे भी इस तरह के जनकल्याणकारी कार्य लगातार जारी रहेंगे। वहीं, कम्बल पाकर जरूरतमंदों की चेहरे की खुशी देखते ही बनती थी। इस दौरान पूर्व विधायक के समर्थक आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार डीसीएम ने मवेशी को रौंदा, मौके पर मौत



लखीमपुर खीरी। भदफर चौकी से करीब 500 मीटर पहले सिसैया रोड पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही डीसीएम (वाहन संख्या उट51क्ष्0961) ने सड़क पर मौजूद एक मवेशी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डीसीएम अत्यधिक गति में थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही भदफर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मृत मवेशी को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। साथ ही डीसीएम वाहन उट51क्ष्0961 के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस चालक से पूछताछ कर रही है और हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने और नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# रेहान खान के विवादित बयान पर वाल्मीकि समाज का उग्र प्रदर्शन, गिरफ्तारी की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलिया खीरी। जनपद की पलिया तहसील में शुक्रवार को उस समय माहौल गर्म हो गया, जब रेहान खान के कथित विवादित बयान के विरोध में वाल्मीकि समाज के लोग एकजुट होकर तहसील परिसर पहुंचे।

प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए रेहान खान की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में सौंपा।वाल्मीकि समाज के लोगों का आरोप है कि हाल ही में रेहान खान द्वारा दिए गए एक भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है, जिसमें उन्होंने ‟ब्राह्मण भंगी एक समान” जैसा आपत्तिजनक और अपमानजनक बयान दिया। समाज के लोगों का कहना है कि यह बयान न केवल एक विशेष वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाला भी है।प्रदर्शन के दौरान ‟रेहान खान को गिरफ्तार करो”, ‟रेहान खान मुर्दाबाद” जैसे नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इस तरह के बयान से समाज में तनाव फैल सकता है और यह अनुसूचित जाति के सम्मान के खिलाफ है। वाल्मीकि समाज ने प्रशासन से मांग की कि रेहान खान के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य सक्षम धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए और उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।ज्ञापन के माध्यम से समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते समय प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।पूरे घटनाक्रम के दौरान तहसील परिसर में पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही। वाल्मीकि समाज के लोगों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि समाज को बांटने और अपमानित करने वाली सोच के खिलाफ है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद (सीतापुर)

पत्रांक–1095/ न0पा0प0 खैराबाद / 2025–26 दिनांक 30.12.2025

## ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद खैराबाद, सीतापुर द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या–37 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जनहित में निम्न कार्य के लिए पंजीकृत ठेकेदार / फर्मो से ई–निविदा दिनांक 31.12.2025 से दिनांक 08.01.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 08.01.2026 को पूर्वाह्न 12:00 बजे खोली जायेगी। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर की जायेगी।

टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)

| क्र.सं. | नगर पालिका परिषद खैराबाद | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 31.12.2025 05:00 PM | |
| 2 | | Tender Download | 31.12.2025 05:00 PM | 08.01.2026 11:30 AM |
| 3 | | Bid Submission | 31.12.2025 06:00 PM | 08.01.2026 11:30 AM |
| 4 | Tender Open | | 08.01.2026 12:00 AM | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर

# एसएसपी ने पैदल गश्त कर परखी शहर की सुरक्षा व्यवस्था, दिए दिशा-निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूं । तेजतर्रार एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह अधीक्षक ने सदर कोतवाली, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नव वर्ष की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बिना लाइसेंस पार्टी की अनुमति न दी जाए और सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग बढ़ाई जाए। नव वर्ष की रात चेकिंग बढ़ाई जाए। वहीं एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने नगर क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए नव वर्ष को लेकर की गई सुरक्षा व्यवस्था को परखा। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही चेतावनी दी कि सुरक्षा व्यवस्था में खामी पाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुधवार की शाम को तेजतर्रार एसएसपी ने कोतवाली क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्ष 2026 के लिए अपना ड्यूटी चार्ट बना लें और पर्याप्त संख्या में नाइट ड्यूटी लगाई जाए। प्रमुख स्थलों का राजपत्रित अधिकारी स्वयं भ्रमण करें, यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई नई परंपरा ना डाली जाए । बिना लाइसेंस के पार्टी करने की अनुमति ना दें, अन्यथा शराब पीकर झगड़े से कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है । आबकारी विभाग द्वारा जारी लाइसेंसों की अद्यतन सूची प्राप्त कर ली जाए तथा सूची से इतर कहीं भी शराब की बिक्री, भंडारण अथवा व्यवसायिक वितरण न होने दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया के माध्यम से निरंतर मॉनिटरिंग की जाए एवं किसी भी अफवाह के फैलने पर तत्काल उसका खंडन किया जाए ।? यातायात व्यवस्था बेहतर रखी जाए। थाना प्रभारी चेकिंग प्वाइंट चिन्हित कर नववर्ष की रात्रि में सघन चेकिंग कराएंगे। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों व शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए। भीड़ नियंत्रण के लिये बैरिकेटिंग, पैदल गश्त, पीआरवी एवं क्यूआरटी को पूर्णतः सक्रिय रखा जाए। नववर्ष कार्यक्रम स्थलों एवं मार्गों पर महिला सुरक्षा के दृष्टिगत महिला पुलिस बल की तैनाती, पिकेट व पेट्रोलिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। ?

## रुक्मणी विवाह एक संयोग नहीं अपितु लीला है : दिनेशानंद मृदुल महाराज



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। सनातन धर्म सेवा संस्थान के तत्वाधान में बघराजपुर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन 31 दिसंबर बुधवार को व्यास पीठ पर विराजमान श्री धाम वृंदावन से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता भागवताचार्य दिनेशानंद मृदुल महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मणि विवाह के रहस्य को उद्घाटित किया, उन्होंने भगवान के सोलह हजार एक सौ आठ विवाह के संदर्भ में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा यह विवाह भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, त्याग, तपस्या, बलिदान का दिव्य दर्शन है। भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी के विवाह का रहस्य श्रवण कर कथा रसिक जन भाव विभोर हुए और कथा पंडाल जय घोष से गूंजायमान हो गया और इसके साथ ही कथा का विश्राम हुआ। आचार्य दुर्गेश शुक्ला, आचार्य गणेश तिवारी, महिला व्यापार मंडल से कमलेश वर्मा, कंचन कसौधन, पूनम गुप्ता, मथुरा अग्रहरि आदि का कथा आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

## गौशाला को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करेंगे : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल (बहजोई) । आज तहसील गुन्नौर के ग्राम बाघऊ के निकट खेरे वाले शिव मंदिर बबराला पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में नवनिर्मित कान्हा गौशाला का जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के द्वारा लोकार्पण किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने गौशाला का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गोवंशों के लिए बने मंगला सदन,धनु सदन,सुरभि सदन एवं नंदी सदन का विस्तार पूर्वक अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बबराला महाबली बर्बरीक की पावन धरा पर एक अनकही गाथा है। उन्होंने कहा कि इस गौशाला को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करेंगे और जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस गौशाला पर एक गौ पुस्तकालय का भी निर्माण कराया जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा गौशाला परिसर में पीपल के वृक्ष को रोपित किया गया। इस कान्हा गौशाला को एक बहुत ही भव्य रूप में बनाया गया है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी गुन्नौर को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला के आसपास की भूमि की पैमाइश कराई जाए अगर कहीं अवैध कब्जा है उसको हटवाना सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने इंदिरा चौक बबराला का भ्रमण किया उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इंदिरा चौक चौराहा पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए इसको प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष बबराला, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी बबराला संबंधित थाना अध्यक्ष सहित समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की विकास कार्यों की समीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। जनपद की प्रभारी मंत्री व प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कर्मियों को दूर करने व दायित्वों का ठीक प्रकार से निर्वहन करने के निर्देश दिए, साथ ही आंकड़ों में सुधार करने व उसे पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए वहीं उन्होंने अधिकारियों को नव वर्ष 2026 की बधाईयां व शुभकामनाएं भी दी।

बैठक में वीसी के माध्यम से जिलाधिकारी अवनीश राय व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार व अन्य अधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी से जुड़े। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के कार्यों में पूरी पारदर्शिता बढ़ती जाए तथा जो भी युवा 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं उनका वोट अवश्य बनाया जाए। उन्होंने निराश्रित गोवंशों के लिए और आश्रय स्थल बनाने के लिए भी निर्देशित किया।



जिलाधिकारी ने प्रभारी मंत्री जी को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा वहीं उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने विभागीय कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ करें तथा आंकड़ों को पोर्टल पर अपलोड कराने के कार्यो को अधिकारी स्वयं देखें तथा रैंकिंग में सुधार करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अक्टूबर 2025 में जनपद को विकास कार्यों में 14वीं रैंक मिली थी जबकि नवंबर 2025 में 43वीं रैंक प्राप्त हुई है। नवंबर में की गई रैंकिंग में 57 कार्यक्रमों में ए श्रेणी, 11 कार्यक्रमों में बी श्रेणी, 04 कार्यक्रमों में सी श्रेणी तथा 04 कार्यक्रमों में डी श्रेणी प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि नेडा का 67.74 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग ग्राम पंचायत का 90.90 प्रतिशत तथा 5वें वित्त आयोग ग्राम पंचायत का 98.47 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत जनपद को मिले 784 के लक्ष्य के सापेक्ष 577 जोड़ों का विवाह कराया गया है। 15 जनवरी के बाद अन्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया की फैमिली आईडी का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि अक्टूबर में प्रभारी मंत्री द्वारा की गई समीक्षा व जिलाधिकारी के निर्देश पर 05 नई वृहद गौशालाओं के लिए भूमि के चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा है। चिन्हांकन उपरान्त प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 05 वृहद गौशालाएं जनपद में संचालित हैं तथा 05 वृहद गौशालाओं निर्माणाधीन हैं। जनपद में कुल 317 गौशालाएं संचालित हैं। बताया कि अधिकारियों की टीम बनाकर गत दिनों गौशालाओं का रात्रि निरीक्षण भी कराया गया है। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने छात्रवृत्ति योजनाओं, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनआरएलएम, नेडा, एंबुलेंस सेवाएं, फैमिली आईडी, ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, मध्यान्ह भोजन व परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति आदि विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की एक-एक कर समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पिता ने बेटी का हंसिया से काटा गला, खेत में फेंका था शव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूं। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव लहरा-लाडपुर निवासी सोनम की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक सोनम की हत्या उसके पिता इकरार ने की थी। इसके बाद शव सरसों के खेत में फेंक दिया था। परिजन दस दिन तक घटना को दबाए रहे। 29 दिसंबर को शव मिला तो मामला सामने आया। आपको बता दें कि पूरा मामला वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव लहरा-लाडपुर निवासी इकरार की 15 साल की बेटी सोनम उर्फ सोनी का शव सोमवार की सुबह सरसों के खेत में मिला था। तब इकरार ने बताया था कि 19 दिसंबर रात सोनम अपने परिजनों के साथ घर में सो रही थी। रात में किसी समय वह कहीं चली गई। परिवार के लोगों को जब इसकी भनक लगी तो उसकी तलाश शुरू की। लेकिन, उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिवार के लोगों ने न तो मोहल्ले के लोगों को इस बात को बताया और न ही पुलिस को कोई सूचना दी थी। वहीं सोमवार को सरसों के खेत में किशोरी का क्षत-विक्षत शव मिलने के बाद परिवार के साथ-साथ गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। परिवार के लोग पुलिस को गुमराह करते रहे। लेकिन, पुलिस घटनास्थल की जांच पड़ताल करने के बाद से ही परिवार के लोगों पर हत्या करने का शक जता रही थी। परिजन किशोरी के भाग जाने की बात कहकर भ्रमित कर रहे थे। वहीं पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हत्या गला रेतकर होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस का शक उसके अपनों पर गहरा गया। पुलिस ने किशोरी के पिता समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी इकरार ने हत्या की बात कबूल कर ली। उसने हंसिया से बेटी का गला काटा था। फिर रात में उसका शव सरसों के खेत में फेंक गया। दस दिन तक शव खेत में पड़ा रहा। जंगली जानवरों ने मांस नोच खाया था। वहीं घटना को लेकर एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण घटना को शीघ्र ही खुलासा करने के सटीक निर्देश दिए। जिसको लेकर थाना पुलिस की कड़ी पूछताछ में सोनम उर्फ सोनी (15 वर्ष) की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसी के पिता इकरार ने हंसिया से वार कर की थी। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पता लगा है कि 19 दिसंबर की रात को पिता ने सोनम की हत्या की और शव को चुपचाप सरसों के खेत में फेंककर चला आया। यही वजह रही कि पुलिस को भी शिकायती पत्र नहीं दिया गया। 29 दिसंबर को सोनम का शव सरसों के खेत में मिला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला रेतकर हत्या होने की पुष्टि हुई। जिसके बाद से मृतका के पिता इकरार को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। आरोपी ने पुलिस को सच बता दिया। उसने कहा कि बेटी अपने प्रेमी संग बार-बार भाग जा रही थी। बेटी की हरकत की वजह से उसकी समाज में बदनामी हो रही थी। इसी वजह से उसकी हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी पिता की निशानदेही पर आलाकत्ल हंसिया बरामद कर लिया। पुलिस ने बुधवार को पूरे मामले का खुलासा किया। इसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## नहर पर पुलिया बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव भगवंतापुर के पास से माधोटांडा रजवाहा निकलती है नहर के पार भगवंतापुर और भवानीगंज के दर्जनों किसानों के खेत हैं जिनमें गन्ना और गेहूं आदि फसलें लगी हुई हैं बुधवार सुबह दोनों गांव के दर्जनों किसान माधोटांडा रजवाहा पर पहुंचे उन्होंने नहर पर पुलिया न बनाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई सालों से जनप्रतिनिधियों से पुलिया बनाने की मांग की गई लेकिन नहर पर पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया इससे किसानों के गन्ने की फसल नहीं निकल पा रही है सिंचाई विभाग से पुलिया बनाने के लिए बर्ष 2019 से एनओसी भी मिल चुकी है इसके बावजूद बजट का अभाव बताकर पुलिया का निर्माण नहीं कराया जा रहा है हर बार जन प्रतिनिधि पुलिया बनवाने का आश्वासन देकर टरका देते हैं। इसको लेकर किसान परेशान है।

### स्थान परिवर्तन हेतु सूचना अब कार्यक्रम स्थल

चंदौसी (संभल) कैनविज टाइम्स संवाददात । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की जयंती 1 जनवरी 2026 के लिए मोगा फैमिली रेस्टोरेंट गौशाला रोड चंदौसी में दोपहर 1:00 बजे से मनाई जाएगी । उक्त जानकारी संगठन के जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा ने दी। उन्होंने संभल जनपद के समस्त पत्रकार बंधुओं से आग्रह किया है कि समय से कार्यक्रम में सहभागिता निभाएं । उन्होंने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी द्वारा ग्रामीण पत्रकारिता में उनके योगदान को याद करने के लिए पत्रकार इस दिन को मनाते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें ग्रामीण पत्रकारों का मसीहा और मार्गदर्शक माना जाता है, जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारों के अधिकारों और सम्मान के लिए लड़ाई लड़ी और एसोसिएशन की स्थापना की थी।

### हरि बाबा मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का समापन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददात। बिसौली क्षेत्र की नई तहसील कॉलोनी स्थित श्री हरि बाबा मंदिर परिसर में 23 दिसंबर से चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आज विधिवत समापन हो गया। समापन अवसर पर कथावाचक देशपाल भारद्वाज ने लंका दहन, संजीवनी बूटी, रावण वध और श्रीराम के राजतिलक जैसे प्रमुख प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु भाव–विभोर होकर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति ने कथा में पधारे सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया। समापन के अवसर पर पूर्व सभासद निशा पाठक, टिंकू पाठक, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्काउट गाइड शिविर में अनुशासन, सेवा एवं राष्ट्रभक्ति का दिखा संगम

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददात। भारत स्काउट और गाइड संस्था के तत्वावधान में कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज, बुटला बोर्ड में चल रहे तीन दिवसीय स्काउटऽगाइड शिविर के दूसरे दिन अनुशासन, सेवा, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना देखने को मिली। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा राष्ट्र की प्रगति में हम सबकी प्रगत निहित है।उन्होंने आपदा प्रबंधन, मॉक ड्रिल और संकट के समय धैर्य व आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की। शिविर में प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा, तंबू निर्माण, गांठेंऽबंधन, गैजेट्स निर्माण और युद्धकालीन आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक अमरदीप सिंह, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह सहित शिक्षक व बड़ी संख्या में स्काउट गाइड मौजूद रहे।

### सीडीओ की आईएएस पर हुई पदोन्नति

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददात। नियुक्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 30 दिसंबर 2025 को जारी आदेश में जनपद के मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार को आईएएस के पद पर पदोन्नति दी गई है। मूल रूप से जमशेदपुर झारखंड के रहने वाले मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार 2004 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। सीडीओ को वर्ष 2018 का आईएएस बैच दिया जाएगा। सीडीओ के आईएएस बनने पर विकास विभाग व कलेक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी व प्रसन्नता व्यक्त की। केशव कुमार मुख्य विकास अधिकारी बदायूँ बनने से पहले डिप्टी कलेक्टर बलिया, औरेया, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, गोरखपुर व नगर मजिस्ट्रेट मेरठ, एडीएम एफआर गौतमबुद्धनगर, एटा, ओएसडी मेट्रो रेल कारपोरेशन नोएडा, वक्फ़ ट्रिव्यूनल के सदस्य व संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ भी रहे हैं। उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर हैं, उनके एक बेटा व एक बेटी है।

### युवक ने घर में लगाई फांसी, मौत

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बुधवार को अपने सूने घर में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछछ निवासी बालेंद्र यादव उर्फ़ अनूप यादव (42) पुत्र राजबहादुर ने बुधवार दोपहर अपने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस समय युवक ने आत्महत्या की घर में कोई नहीं था।

## नवीन कार्यकारिणी में आशीष बने सह मीडिया, संयोजक सदस्य बने शशांक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप ने आगामी सत्र के लिए अपनी नवीन प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रियता और निरंतर कार्य को देखते हुए आशीष देव मिश्र को प्रांत की नवीन कार्यकारिणी में प्रांत सह मीडिया संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन के मीडिया एवं जनसंपर्क कार्यों को और अधिक सशक्त होने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं सैदपुर निवासी कार्यकर्ता शशांक शर्मा को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस घोषणा के बाद छात्र समुदाय एवं संगठन के कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। शशांक शर्मा लंबे समय से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर छात्र हितों, शिक्षा संबंधी समस्याओं तथा सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। उनके कार्यकाल में संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा मिली है। संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है । आशीष देव मिश्र व शशांक शर्मा ने संयुक्त रूप से संगठन हाई कमान और अपने इष्ट मित्रों का कोटि कोटि आभार व्यक्त किया है।

## भाजपा के युवा मोर्चा उपाध्यक्ष ने प्रदेश के शीर्ष नेतेओ से की मुलाकात

**पार्टी का सच्चा सिपाही बनकर हासिल कर सकता है बड़ा मुकाम : प्रदेश अध्यक्ष**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। प्रदेश की भाजपा सरकार ने नये युग को और मजबूती से राजनीतिकरण करते युवओ को तरासने का काम तेज कर दिया है। जिला युवा मोर्चा की इकाई मे दम भरते हुए सुल्तानपुर की राजनीति में युवा का नया चेहरा बने उपाध्यक्ष अंश द्विवेदी को जिले में नई पारी खेलने के लिए प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पट लिखना शुरू कर दिया है। इसी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी मार्ग प्रशस्त करने



का सरल तरीका तरासते हुए गुरु मंत्र दिया हैं। प्रदेश स्तर के दोनों नेताओं की मुलाकात में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अंश द्विवेदी से से अपने राजनीतिक जीवन का अनुभव साझा किया. मुलाकात में बीजेपी नेता ने अपनी दृढ़ शक्ति रखने वाले समय-समय पर युवाओं का नेतृत्व करते हुए लोगों के बीच सम्मान बटोरने की सलाह दी अपना आशीर्वाद देते हुए उन्होंने श्री दुबे कोई हमें बताया कि कोई भी राजनीतिक बढ़ाया छोटा नहीं होता वह हमेशा अपने कर्मों से पहचाना जाता है अपने इसी पहचान को संजोने की युवाओं को बहुत जरूरी है जिससे देश तरक्की की तरफ जा सकेइसी कड़ी में अलग-अलग मुलाकातों के बीच प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बीजेपी के कार्यकर्ताओं को पार्टी में हमेशा प्रथम स्थान मिलने की बात कही है जो अन्य दलों में पैसे के दम पर प्राप्त किया जा सकता है वह भाजपा में एक सच्चा सिपाही बनकर अच्छे मुकाम को हासिल कर देश की सेवा कर सकता है।

# मानवता की मिसाल: नववर्ष से पहले वृद्धजनों के चेहरों पर मुस्कान लाए आयुक्त दम्पति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मानवता,सेवा और संवेदना का सुंदर उदाहरण उस समय देख ने को मिला, जब देवीपाटन मण्डल के आयुक्त अपनी धर्मपत्नी के साथ पंतनगर स्थित वृद्धाश्र म पहुंचे।इस अवसर पर उन्होंने वृद्धाश्रम में नि वासरत बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किया और उ न्हें सर्दी से बचाव हेतु शॉल वितरित किए।आ युक्त एवं उनकी धर्मपत्नी ने वृद्धजनों के बीच पहुंचकर न केवल उन्हें शॉल भेंट किए, बल्कि उनका हालचाल भी जाना। उन्होंने वृद्धजनों से बातचीत करते हुए कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर हैं और उनके सम्मान, सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी हम सभी की सामूहिक है। नव वर्ष के आगमन से पहले वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उन्हें अपनत्व और सम्मान का अहसास कराना इस पहल का मुख्य उद्देश्य रहा।इस अवसर पर आयुक्त दंपति के सुपुत्र भी उपस्थित रहे।परिवार के साथ वृ द्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों से संवाद करना एक भावनात्मक और प्रेरक क्षण रहा,जिसने पारि वारिक संस्कारों और सामाजिक दायित्व का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण सीख रही कि जीवन के इस पड़ाव पर पहुंचे बुजुर्गों के साथ संवेदनशील व्यवहार और सेवा भावना कितनी आवश्यक है।शॉल पाकर वृद्धजनों के चेहरों पर खुशी औ र संतोष साफ झलक रहा था।सभी वृद्धजनों ने इस स्नेहपूर्ण पहल के लिए आयुक्त दंपति का आभार व्यक्त किया और उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयास उन्हें आत्मसम्मा न और अपनापन महसूस कराते हैं।नव वर्ष की पूर्व संध्या पर किया गया यह सेवा कार्य समाज में करुणा, सहानुभूति और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# शहर में ठंड से बचाव के लिए जरूरतमन्दों को सीआरओ ने वितरित किया कम्बल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशा नुसार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नायब तहसीलदर सदर गोण्डा एवं जिला आप दा विशेषज्ञ ने मंगलवार रात्रि में शहर के गुरु नानक चौराहा, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन सहित अन्य विभिन्न रैनबसेरों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया।इसका मुख्य उद्देश्य ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना एवं उन्हें आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करना था।जिलाधिकारी का यह प्रयास कि कोई भी व्यक्ति ठंड में परेशान न हो।इसके लिए टीम ने कम्बलों का वितरण किया,जिससे गरीब तथा जरूरतमंद लोग अपनी रातें सुरक्षित और गर्मा इश के साथ गुजार सकें।मुख्य राजस्व अधिका री महेश प्रकाश ने बताया कि ''सरकार हमेशा जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए तत्पर है।इस स्थिति में यह आवश्यक है कि हम लोगों तक पहुंचें और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करें।'' उन्होंने कहा कि रैनबसेरों में पर्याप्त कम्बल एवं अन्य आवश्यक सामग्री सुनिश्चित की जाएगी ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो।नायब तहसीलदार सदर गोण्डा ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज का हर व्यक्ति यह महसूस करे कि उन की सुरक्षा तथा भलाई के लिए प्रशासन हमेशा तत्पर है।जिला आपदा विशेषज्ञ ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से न केवल जरूरतमंदों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि समाज में एकजुटता की भावना भी जागृत होती है।सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे इस ठंड में एक-दूसरे की मदद करें और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील रहें।

# आईजी अमित पाठक ने की मिशन शक्ति अभियान की समीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक के द्वारा परिक्षेत्र स्तर पर की जा रही मिशन शक्ति समीक्षा में बुधवार को थाना मटेरा जनपद बहराइच व थाना तरबगंज गोण्डा व थाना हरैया जनपद बलरामपुर की समीक्षा की गयी।समीक्षा में तरबगंज द्वारा अभियान के तहत की गई कृत कार्यवाही एवं सूचनाओं का अंकन एसओपी के अनुरूप नही पाया गया हैं। इनके द्वारा काउंसलिंग प्रक्रिया,निरोधात्मक का र्यवाही,निस्तारित प्रकरणों का फीडबैक एवं ज नसुनवाई जैसे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से नही किया गया था।जिस पर आईजी अमित पाठक के द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणव त्तापूर्ण कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। महिला हेल्प हेल्प डेस्क समेत अन्य कार्यवाही संतोषजनक पाई गई।थाना हरैया जनपद बल रामपुर द्वारा मिशन शक्ति अभियान का क्रिया न्वयन निर्धारित एसओपी के अनुरूप किया ग या हैं जनसुनवाई रजिस्टर के अंकन में आंशिक कमियाँ पाई गयीं,जिन्हें सुधारने सुधारने के निर्दे श दिए गए।इनके द्वारा काउंसलिंग एवं निरोधा त्मक कार्यवाही में अच्छा कार्य किया गया हैं। आईजी अमित पाठक द्वारा सराहना की गई। थाना मटेरा के द्वारा मिशन शक्ति अभियान का क्रियान्वयन बेहद अच्छे ढंग से किया गया हैं इ नके द्वारा समस्त कार्यवाही गुणवत्तापूर्ण और बेहतर ढंग से की गई।आइजी अमित पाठक के द्वारा अपहृत,गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# वीडियो के छत्रछाया में करनैलगंज मनरेगा में फल-फूल रहा भ्रष्टाचार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**रामगढ़, प्रतापपुर, तरहटा में मनरेगा में एपीओ के जानकारी में चल रहा हैं डबल रोल का खेल**

गोण्डा । जिले के करनै लगंज विकास खंड में मनरेगा योजना बेपटरी हो चुकी है और यहां भ्रष्टचार अपनी चरम सीमा पर है।बीडीओ, एपीओ व तकनीकी सहा यक से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारी जान-बूझकर आंखें बंद किए हुए हैं।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि फर्जी मस्टर रोल के जरिए केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि आखिर यहां मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार पर कब नकेल लगेगी। बताते चलें कि करनैलगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत तरहटा को मन रेगा पोर्टल पर खंगालने की कोशिश की तो डब ल रोल का खेल बदस्तूर जारी मिला है। ग्राम

पंचायत तरहटा में आफत के घर से हाफिज के खेत तक नाला खुदाई का एक कार्यों पर मस्टर रोल में 82 श्रमिको को दिखाया गया जो फोटो अपलोड की गई है,उसमें बड़ा खेल हुआ है।इस में डबल रोल का खेल खेला जा रहा हैं मनरेगा कि सच्चाई से पर्दा उठ गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत रामगढ़ में भी एक कार्यों के लिए 90 श्रमिकों का मस्टर रोल चल रहा है, लेकिन गाँव में मनरेगा का भ्रष्टाचार के आगे दम घुट रहा है।मनरेगा पोर्टल पर जो फोटो अपलोड की गई है,उसमें सभी एक जैसी दिखाई दे रही हैं।ऐसे में यह खुलासा हो रहा है कि डबल रोल का खे ल ब्लॉक करनैलगंज में बेखौफ जारी है।जिस तरह से करनैलगंज विकासखंड की ग्राम पंचाय तों में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चल रहा है। वह सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है।ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के नाम सिर्फ पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मो ड़ लिया जाता है। ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीण इसके लिए खंड विकास अधिकारी,प्रमुख और तकनी की सहायक को ज्यादा जिम्मेदार बता रहे हैं।इस संबंध में सीडीओ अंकिता जैन का कहना है कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

फर्जी मस्टर रोल,फर्जी मनरेगा श्रमिक

ग्राम पंचायतों में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मनरेगा योजना के तहत तालाब खुदाई,नाला सफाई व चक मार्ग पर मिट्टी पटाई का कार्य दिखाकर धन की बंदर बांट की जा रही है।हद तो यह है कि यहां एक दिन में कहीं 90 कहीं 82 तो कहीं 73 तो कही 61तो कही 135 तो कही 223 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है।वहीं दूसरी तरफ,सूत्र बताते हैं कि धरातल पर सिर्फ नाम मात्र श्रमिक काम करते हैं।इस कारनामे को अंजाम देने में सिर्फ प्रधान व एपी ओ ही जिम्मेदार नहीं है,बल्कि ब्लॉक के अफ सर ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ की भी इसमें ब राबर की हिस्सेदारी बताई जाती है। बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने के नाम पर तरहटा, रामगढ़, प्रतापपुर के प्रधान ने अपने रसूख से मनरेगा योजना को पलीता लगाने का ऐसा जा ल बुन रखा है,जिसे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा क हा जा सकता है।

# अभाविप काशी प्रांत का 65वां प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न, चार प्रस्ताव पारित, नई कार्यकारिणी घोषित

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), काशी प्रांत का 65वां प्रांतीय अधिवेशन जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को सम्पन्न हुआ। यह तीन दिवसीय अधिवेशन 'रानी अब्बक्का नगर' नामक अस्थायी परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें संगठनात्मक, शैक्षिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत मंथन हुआ। अधिवेशन के अंतिम दिन चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इनमें केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों में रिक्त सीटें एवं देर तक चलती प्रवेश प्रक्रिया चिंतनीय, वंदे मातरम् के 150 वर्षः राष्ट्र चेतना का अमर घोष, स्क्रीन टाइम से ग्रीन टाइम की ओरः एक संतुलित जीवन की पहल तथा सीमांत से सशक्तिकरण तकः सोनभद्र के उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना शामिल है। अभाविप काशी प्रांत ने आगामी सत्र में इन प्रस्तावों पर प्रमुखता से कार्य करने का निर्णय लिया है। अधिवेशन के समापन अवसर पर नवनिर्वाचित काशी प्रांत अध्यक्ष डॉ. महेंद्र त्रिपाठी ने नवीन प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा की। इसके तहत सुल्तानपुर के संतोष सिंह अंश, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के राम शंकर उरांव, प्रयाग महानगर की आभा त्रिपाठी तथा गाजीपुर के रवि शेखर सिंह को प्रांत उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं कौशाम्बी के शिवबाबू चौधरी, प्रयाग महानगर की निवेदिता मिश्रा, भदोही के अमन सिंह और वाराणसी महानगर के त्रिकांत सिंह जाटव को प्रांत सह-मंत्री नियुक्त किया गया।

नवीन एवं पूर्व कार्यकारिणी को सम्बोधित करते हुए अभाविप, पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद की विशिष्ट एवं सुदृढ़ कार्यपद्धति के कारण ही संगठन ने 77 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी की है। उन्होंने कहा कि अभाविप एक चलायमान और परिवर्तनशील संगठन है, जिसमें कार्यकर्ता अपने विद्यार्थी जीवन तक सक्रिय भूमिका निभाता है। संगठन की कार्यपद्धति के अनुरूप कार्य करने से कार्यकर्ता का व्यक्तित्व निखरता है और उसमें 'राष्ट्र प्रथम' का भाव विकसित होता है। इसी कारण अभाविप आज विश्व का सबसे बड़ा और सशक्त छात्र संगठन बनकर उभरा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# आईटीआई में बालिकाओं को बाल विवाह के बारे में किया गया जागरूक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता के निर्देशानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग की हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) रायबरेली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन कोऑर्डिनेटर शेफाली सिंह द्वारा सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए हुए बताया गया कि बाल विवाह करने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पता है जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधकारमय बीतता है। बाल विवाह बच्चों का बचपन छीन लेता है और उनकी खुशहाली को खतरे में डाल देता है 18 साल से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों के घरेलू हिंसा का शिकार होने की संभावना ज्यादा होती है और उनके स्कूल में बने रहने की संभावना भी कम होती है। बाल विवाह करना एक कानून अपराध है यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करता है तब उसको 1 लाख रुपए जुर्माने एवं 2 वर्ष तक का कठोरतम कारावास या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा ।परिवार ,समाज, समुदाय एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा। जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी द्वारा बताया गया कि विवाह करने की उम्र लड़की की 18 वर्ष से अधिक तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के प्रतिज्ञा की, ''मैं शपथ लेता/लेती हूँ कि मैं बाल विवाह के खिलाफ हर संभव प्रयास करूँगा/करूँगी, यह सुनिश्चित करूँगा/करूँगी कि मेरे परिवार, पड़ोस या समुदाय में किसी भी बच्चे का बाल विवाह न हो, और बाल विवाह के किसी भी प्रयास की सूचना पंचायत और सरकार को दूँगा/दूँगी ताकि ''बाल विवाह मुक्त भारत'' का निर्माण हो सके। इसी दौरान बच्चों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा योजना,स्पॉन्सरशिप योजना, 181 महिला हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पति की मृत्यु पर निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्थान के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत मखानें की खेती करें किसान: उद्यान अधिकारी

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि मखाना की गुणवत्ता उसकी सफ़ेदी, अखंडता (टूटे हुए न हों) और पोषक तत्वों से भरपूर होने (कैल्शियम, प्रोटीन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स) पर निर्भर करती है, अच्छी गुणवत्ता वाले मखाने हल्के, कुरकुरे और बिना दाग के होते हैं, जो हड्डियों, हृदय और पाचन के लिए फायदेमंद है। मखाना की गुणवत्ता को देखते हुए उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेष द्वारा मखाने की खेती को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत सम्मिलित किया गया है। जनपद बहराइच में मखाना की खेती को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत लक्ष्य की माँग की गई है, जिसके अन्तर्गत रू. 80,000.00 प्रति हे. की दर से अनुदान अनुमन्य है। उन्होनें बताया कि मखाना की खेती मुख्य रूप से पानी में सिंघाड़ें की भाँति की जाती है। मखाना की बाजार में अच्छी मॉग है और इसके बाजार में अच्छे दाम भी है। जल भराव वाले क्षेत्र में मखाना की खेती अधिक लाभकारी है। मखाना की खेती पर लाभ प्राप्त करने के लिए किसान भाई आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल डीबीटी, यूपीहर्टीकल्चर डाट काम पर पंजीकरण स्वयं/ जनसेवा केन्द्र से कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते हैं।

## अब तक हमीरपुर के इंगोहटा रेलवे स्टेशन को नहीं मिली छत

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले का इंगोहटा रेलवे स्टेशन वर्तमान में भी उपेक्षा का शिकार है। आधुनिक युग में जहां रेलवे स्टेशनों को स्मार्ट बनाया जा रहा है, वहीं इंगोहटा स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक अदद छत तक नसीब नहीं है। भीषण ठंड में यात्री खुले आसमान के नीचे ट्रेन का इंतजार करने को विवश हैं।

इंगोहटा स्टेशन का दुर्भाग्य है कि यहां न तो स्टेशन भवन है और न ही यात्रियों के बैठने के लिए प्लेटफॉर्म में बेंच। गर्मी में चिलचिलाती धूप, बरसात में मूसलाधार बारिश और वर्तमान की शीतलहर में यात्रियों को सिर छुपाने की कोई जगह नहीं है। स्टेशन पर विद्युत प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है। पेयजल की व्यवस्था न होने पर यात्रियों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है।

सुमेरपुर क्षेत्र के जागरूक नागरिक अरविंद त्रिपाठी, ज्ञानेश दीक्षित, मोहनलाल साहू ने बुधवार को बताया कि अन्य स्टेशनों पर जहां पक्के भवन, टिकट काउंटर और प्रतीक्षालय की सुविधा है, वहीं इंगोहटा के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। प्रदीप मिश्रा और राघवेंद्र सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि टिकट लेने से लेकर ट्रेन आने तक का समय किसी सजा से कम नहीं होता। मूलभूत सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। लोगों ने रेल प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। सीनियर सेक्शन रेलवे अभियंता उपेन्द्र कुमार ने बुधवार को बताया कि इंगोहटा रेलवे स्टेशन में तमाम निर्माण कार्य कराने के लिए प्लानिंग चल ही है। जल्द ही स्टेशन की तस्वीर बदलेगी।

## वृद्धा से मारपीट के आरोप में बसपा नेता पर मुकदमा

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर कस्बे के लखना पुरवा में वृद्धा से मारपीट करने के मामले में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व नगर अध्यक्ष व उनके पुत्र के खिलाफ बुधवार को मुकदमा दर्ज किया गया है।

लखना पुरवा निवासी जीतू वर्मा ने बताया कि तीन दिसंबर को उसकी मां शांति देवी अपने दरवाजे पर बैठी थी। तभी मोहल्ला निवासी बसपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण वर्मा और उनके पुत्र अंकित वर्मा आकर गाली गलौज करने लगे। जब मां ने गाली देने से मना किया तो दोनों ने उसे जमकर मारा पीटा। शोर सुनकर जब वह व उसका भाई अमर राज बचाने आया तो आरोपित पिता पुत्र ने उन्हें भी मारपीट कर लहूलुहान कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि उसने घटना की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस मामले की जांच के बाद 27 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बुधवार को बताया कि दोनों पक्ष समझौता में लगे थे। मामला न निपटने पर पीड़ित ने तहरीर दी। रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

## रबी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने को आधुनिक तकनीक प्रयोग के निर्देश

कानपुर। रबी में केंद्र के प्रक्षेत्रों पर बीजोत्पादन भली-भांति तथा किसानों के प्रक्षेत्रों पर कराए जाने वाले परीक्षण व प्रदर्शनों को समय से नवीन तकनीकों के साथ हों। जिससे जनपद के किसानों के बीच तकनीकी प्रचार-प्रसार बड़े क्षेत्रफल में प्रभावी ढंग से हो सके तथा जनपद की मुख्य फसलों की उत्पादकता को बढ़ाया जा सके। इसके अलावा प्रत्येक वैज्ञानिक कम से कम केंद्र पर एक इकाई की स्थापना अवश्य करें। जो किसानों के लिए उपयोगी हो तथा उनको लाभप्रद भी बनाए। यह निर्देश बुधवार निदेशक प्रसार डॉ. आर के यादव ने दिए। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) की प्रसार निदेशालय में बुधवार को विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों की गहन समीक्षा बैठक हुई।

# प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बिजनौर में सभी विभागों की बिंदुवार समीक्षा की



बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के प्रभारी मंत्री कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने जिला अस्पताल में चिकित्सा प्रमाण पत्र गलत बनाए जाने के मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उक्त प्रकरण की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बुधवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल अपराह्न कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी को पेयजल योजना से अच्छादित ग्रामों की सूची प्राप्त कर उप जिलाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से जांच करा कर तीन दिन के भीतर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षा को गुणवत्ता परक बनाते हुए सभी स्कूलों में अच्छा एवं आकर्षित वातावरण रखें ताकि बच्चे पूरे शौक और स्वैच्छिक रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित हों। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी विकास योजनाओं को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर समयबद्धता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारी अपने विभाग से संबंधित विकास तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की विवरण सहित जानकारी विधायक गणों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं और उनसे विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का शुभारंभ व लोकार्पण कराना भी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक धामपुर अशोक राणा, जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौहान, जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, एडीएम प्रशासन वंशिका दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह सहित सभी उप जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# देश की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक आजादी का दिन है प्रतिष्ठा द्वादशी

**हिन्दू समाज ने निद्रा नहीं तोड़ी तो पुनः समाप्त हो जाएंगे मंदिर, अतः जागो**

**केवल भजन नहीं सज्जनों की संगति भी जरुरी**

अयोध्या। राम नगरी अयोध्या में जगद्गुरू रामानंदाचार्य रामदिनेशाचार्य ने व्यास पीठ से कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्रतिष्ठा द्वादशी देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आजादी का दिवस है। सभी रामलला के चरणों में नतमस्तक हैं। इससे अधिक आजादी क्या चाहिए। यह ऐसे नहीं मिला, इसके लिए विवादित भवन को गिरा कर टाट में रहना पड़ा। अब अगर सोए तो पुनः समस्त मंदिर चले जाएंगे। इसके लिए जागृत होना होगा। इसको स्थिर करने के लिए, गतिमान करने के लिए वर्तमान परंपरा और पीढ़ी के लोगों को जागृत होना होगा। बालक राम की कथा आगे विस्तार देते हुए कहा कि ज्ञान की पराकाष्ठा लिए कागभुशुन्डि और देवाधिदेव महादेव अयोध्या की गलियों में महीनों घूमते रहे। वे बालक राम के दर्शन चाहते थे। संत प्रवर ने ''बंदउं बाल रूप सोइ रामू... चौपाई के माध्यम से बालक राम की वंदना की और बताया कि निर्गुण और सगुण में उतना ही भेद है जितना बर्फ और पानी में है। सगुण बालक राम के पास हाथ, पैर सब है। जब अधर्म बढ़ता है, तब भगवान मानव रूप में देह धारण करते हैं और सज्जनों की पीड़ा का हरण करते हैं। जग में नारायण कहाँ नहीं है, यह पूछो। केवल भजन करते रहें और साधु की संगति नहीं हुई तो अहंकार हो जाता है। ''जो करते रहोगे भजन धीरे-धीरे, तो मिल जाएगा वो सजन धीरे-धीरे'' गीत पर श्रोता झूम उठे। भजन में साधु कृपा और भगवत कृपा दो बातों का ध्यान रखना होता है। असुर प्रवृत्ति का लक्षण बताते हुए कहा कि जो माता पिता व देवता को नहीं मानता, साधुओं सज्जनों से अपनी सेवा कराते हैं, ऐसे लोग मनुष्य देह में भी असुर हैं। जिसने अपने मन का मंथन कर भक्ति रूपी नवनीत में परिवर्तित कर लिया, वह पुनः सांसारिक बंधनों में नहीं बंध सकता। इसके साथ ही अयोध्या में राम जन्म के पूर्व ही अधिकांश देवी देवताओं के विभिन्न स्वरूपों में आने की कथा की व्याख्या की और रामजन्म तक की कथा सुनाई। साथ ही श्री राम जन्मोत्सव भी मनाया गया, कापियां, चाकलेट, खिलौने आदि लुटाए और बांटे गए। जगद्गुरू रामानंदाचार्य रामदिनेशाचार्य के व्यास गद्दी पर आसीन होने पर ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, धनंजय पाठक, टिन्नू, डॉ. चंद्रगोपाल पाण्डेय, आदि ने पूजन किया।

# आबकारी विभाग की लापरवाही से बेलगाम शराब ठेके, निर्धारित समय के बाद भी रहते हैं गुलजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पानी-गिलास के साथ ही शराब के शौकीनों को चखने की व्यवस्था मिलती है ठेकों पर**

**बियर में जमकर हो रही ओवर रेटिंग, विभाग बना धृतराष्ट्र**

सुल्तानपुर। आबकारी विभाग की कथित शिथिलता के चलते शराब ठेकों और बारों की गतिविधियाँ सवालों के घेरे में हैं। आरोप है कि जिले के कई प्रमुख स्थानों राहुल टॉकीज, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, मंडी परिसर, पुलिस लाइन, डाकखाना रोड, करौदिया, नेशनल टॉकीज सहित अन्य इलाकों में स्थित शराब के ठेके निर्धारित समय समाप्त होने के बाद भी खुले रहते हैं, और देर रात तक गुलजार दिखाई देते हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकों पर शराब के साथ पानी और गिलास के साथ चखने की भी बिक्री खुलेआम की जा रही है, जबकि यह आबकारी नियमों का सीधा उल्लंघन है। साथ ही निर्धारित दरों से अधिक पैसे वसूले जाने के भी आरोप सामने आए हैं।

नियम क्या कहते हैं?

उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम एवं शासनादेशों के अनुसार शराब की खुदरा बिक्री निर्धारित समय सीमा के भीतर ही की जा सकती है। ठेके के भीतर या आसपास बैठकर पिलाना, गिलास-पानी जैसी सहायक वस्तुओं की बिक्री कर स्थल पर सेवन को बढ़ावा देना निषिद्ध है (जब तक लाइसेंस की शर्तों में विशेष अनुमति न हो)। आबकारी विभाग का दायित्व है कि नियमित निरीक्षण, समयबद्ध बंदी और दरों की निगरानी सुनिश्चित करे। उल्लंघन पाए जाने पर जुर्माना, लाइसेंस निलंबन/निरस्तीकरण तक की कार्रवाई का प्रावधान है।

निरीक्षण पर सवाल

आरोप है कि आबकारी इंस्पेक्टर फोन नहीं उठाते, जबकि दुकानों की नियमित चेकिंग नहीं होती। इससे ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं और नियमों की अनदेखी लगातार जारी है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर कार्रवाई होती, तो सार्वजनिक स्थानों पर देर रात तक चल रही गतिविधियों पर अंकुश लगता। सूत्रों के मुताबिक जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते और विभागीय कार्यों के निस्तारण को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, यह आरोप हैं;कृपया औपचारिक पुष्टि संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित है। इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनसे संपर्क नहीं हो सका। विभागीय पक्ष मिलने पर उसे यथाशीघ्र प्रकाशित किया जाएगा।

जनहित का प्रश्न

रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मानक समय के बाद शराब बिक्री न केवल कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा से भी जुड़ा मुद्दा है। नागरिकों ने उच्चाधिकारियों से सख्त कार्रवाई, औचक निरीक्षण और पारदर्शी प्रवर्तन की मांग की है। यह रिपोर्ट प्राप्त शिकायतों और स्थलीय जानकारी पर आधारित है।

# शेरपुर कलां के सदस्यों की चेतावनी: मांग पूरी न होने पर देंगे सामूहिक इस्तीफा व अनिश्चितकालीन धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां के समस्त ग्राम पंचायत सदस्यों ने वुधवार दोपहर 12 बजे ग्राम प्रधान जानेआलम को एक कड़ा संदेश देते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है। सदस्यों ने बताया कि दिनांक 30.12.2025 को जिलाधिकारी महोदय को एक शपथ पत्र सौंपा गया था, जिसमें ग्राम पंचायत शेरपुर कलां से तत्काल ग्राम पंचायत अधिकारी के स्थानांतरण की मांग की गई थी। शपथ पत्र में पंचायत स्तर पर उत्पन्न समस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं का उल्लेख करते हुए अधिकारी के स्थानांतरण को आवश्यक बताया गया था। ग्राम पंचायत सदस्यों का कहना है कि उक्त प्रकरण की जानकारी ग्राम प्रधान को भी है, इसके बावजूद अब तक इस विषय में कोई ठोस पहल नहीं की गई। सदस्यों ने आग्रह किया है कि ग्राम प्रधान इस प्रकरण को गंभीरता से अवलोकन करें और जिलाधिकारी को दिए गए शपथ पत्र के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।सदस्यों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत में कोई भी विकास कार्य कराया गया, तो इसे शपथ पत्र की भावना के विपरीत माना जाएगा। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत के सभी सदस्य अपने-अपने सदस्य पद से सामूहिक रूप से त्याग पत्र देने को बाध्य होंगे। इतना ही नहीं, ग्राम पंचायत सदस्यों ने यह भी ऐलान किया है कि मांगें पूरी न होने की दशा में वे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की होगी। सदस्यों का कहना है कि यह निर्णय किसी मजबूरी में लिया जाएगा, क्योंकि पंचायत हित में अधिकारी का स्थानांतरण अत्यंत आवश्यक है।ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में इस चेतावनी के बाद राजनीतिक व प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। अब सभी की निगाहें ग्राम प्रधान और जिला प्रशासन की आगामी कार्यवाही पर टिकी हुई।

## पूरनपुर में ओटीएस योजना का पहला चरण समाप्त देर रात तक जमे रहे उपभोक्ता

पूरनपुर। विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के पहले चरण समाप्त हो गया इस चरण में बकाया विद्युत बिलों पर 25 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही थी पूरनपुर विद्युत उपखंड कार्यालय में बुधवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता अपने बकाया बिलों का निस्तारण कराया 700 उपभोक्ताओं ने करीब डेढ़ करोड़ का भुगतान किया विद्युत विभाग के एसडीओ मोहित गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में मिल रही विशेष छूट के कारण अंतिम दिन था देर रात तक कार्यालय में भारी भीड़ देखने को मिली उपभोक्ताओं को आज तक अपने बकाया बिल जमा करने पर मूल बकाया राशि पर 25 प्रतिशत की छूट मिली हालांकि, 1 जनवरी से यह छूट घटकर 20 प्रतिशत कर दी जाएगी ऐसे में जिन उपभोक्ताओं पर पुराने बिल बकाया हैं, उनके लिए आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है विद्युत विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट तीनों चरणों में बरकरार रहेगी इसका मतलब है कि उपभोक्ताओं को केवल मूल बकाया राशि का भुगतान करना होगा और ब्याज की पूरी रकम माफ कर दी जाएगी अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अंतिम दिन का लाभ अवश्य उठाएं विभाग ने बताया कि ओटीएस योजना का उद्देश्य लंबे समय से लंबित बकाया बिलों की वसूली के साथ-साथ उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना है योजना समाप्त होने के बाद बकायेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जिला कारागार में महिला कल्याण विभाग द्वारा बताना आयोजित किया गया कर्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। महिला कल्याण विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। जिला कारागार में डिप्टी जेलर पुष्पेंद्र विक्रम की अध्यक्षता में महिला बंदियों एवं पुरुष बंदियों को बाल विवाह की शपथ दिलाई गई। पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुश्री नताशा गोयल के सहयोग व समन्वय से पुलिस लाइन में नए प्रशिक्षणार्थियों को भी बाल विवाह की सामूहिक शपथ दिलायी गयी।साथ ही शपथ कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा विभिन्न अधिनियमों के संबध में जानकारी दी गयी है।

# अमेठी में नकली डीएपी और कीटनाशक बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । कोतवाली अमेठी क्षेत्र के ककवा रोड पर स्थित मंगलपुर गांव में स्थापित आलोक प्रमोद इंटरमीडिएट कालेज प्रांगण के अंदर एक कमरे में नकली कीटनाशक और डीएपी बनाने का काला कारोबार चल रहा था जिस पर जिला कृषि अधिकारी और नायब तहसीलदार के साथ ही स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से छापा मारा गया।छापेमारी के दौरान कमरे से भारी मात्रा में रीजेंट अल्ट्रा कीटनाशक के चार सौ तैंतालीस खाली रैपर और भरे गये खुले हुये रीजेंट अल्ट्रा के अड़तीस पैकेट तथा पैक्ड रीजेंट अल्ट्रा के चार सौ चौदह पैकेट बरामद हुये। इस रीजेंट अल्ट्रा की बाजार में एक पैकेट की कीमत तीन सौ पचास रुपये है। यही नही इसी के साथ पचास किलो की दो बोरी इफ़को डीएपी और नौ बोरी में भरी हुई नकली डीएपी के साथ इफको की खाली नई फ्रेस तीन सौ चालीस बोरियां बरामद हुई है। मौके से राम



उजागिर यादव नाम का एक कर्मी भी पकड़ा गया है। इस कमरे में तौलने वाली मशीन रायपुर को पैक करने वाली मशीन तथा बोरी को की सिलाई करने वाली मशीन भी मौजूद थी।मौके पर पहुंची टीम ने सैंपल कलेक्शन करते हुये बरामद सभी सामग्री को कमरे में ही सील कर बाहर से सील कर दिया है।जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के नोएडा की टू बड्डी कंसलटिंग प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा जिलाधिकारी को इस बात की शिकायत की गई थी कि जिले में उनके कम्पनी की कीटनाशक दवाएं बनाई और बेची जा रही हैं। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी एवं उनकी टीम और कम्पनी के तीन अन्य कर्मचारी के द्वारा इस बात का पता लगाया गया और ग्राहक बनकर यह लोग यहां तक पहुंचे इसके बाद में तहसीलदार अमेठी के नेतृत्व में छापा मारते हुए बड़े पैमाने पर बरामदगी किया गया है।मौके पर पकड़े गये कर्मी ने बताया कि शिवम तिवारी के द्वारा मुझे रखा गया है। मैं आज ही आया हूं मुझे चार सौ रुपया दिहाड़ी देने के लिये कहा गया था। मैं बोरियों में इसी पैकेट को भर रहा था जैसे ही दो बोरी भरा था तभी इन लोगों ने मुझे पकड़ लिया। फिलहाल कृषि विभाग के अधिकारी और पुलिस के लोग अब इस गैंग के सरगना तक पहुंचाने की पूरी कोशिश करेंगे।तभी यह स्पष्ट हो पायेगा कि यह फैक्ट्री कहां कहां चल रही है और इसका असली मालिक कौन है ?

## युवती को शादी का झांसा देकर कर दिया गर्भवती, फिर दूसरी के साथ रचाई शादी

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है गर्भवती होने के बाद प्रेमी ने दूसरी शादी रचा ली अब पीड़िता न्याय के लिए दर-दर भटक रहीं है महिला थाना माधोटांडा थाने में प्रार्थना पत्र देने पर कार्रवाई की मांग की है 19 वर्षीय युवती गढ़वाखेडा थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत की निवासी है वह अपने मामा रूपराम के यहा ग्राम कटकवारा थाना माधोटांडा के यहां कई बार आना-जाना होता था तभी करीब 03 वर्ष पूर्व नीरज पुत्र जयराखन नि0ग्राम कटकवारा युवती बहला-फुसलाकर अपने जाल में फसा लिया और प्रेम-प्रसंग की बातें करने लगा और फोन नम्बर भी ले लिया नजदीकिया बढ़ने पर शादी करने का झांसा देकर अवैध संबंध बनाना शुरू कर दिये जो कि नीरज अपने चाचा दारा सिंह पुत्र गंगाराम के घर में लेजाकर चाचा व चाची श्याम वती पत्नी दारा सिंह की मदद से शारारिक सम्बन्ध युवती की मर्जी के विरुद्ध शादी करने का झांसा देकर वनाता था तथा चाची चाचा मुझे नीरज शादी कराने की वात कर मना लेते नीरज के द्वारा बनाये गये अवैध जबरन शारारिक संबंधों से युवती के गर्भ में गर्भ ठहर गया जो कि अब लगभग 02 माह का हो चुका है युवती ने शादी करने के लिये कहा ती उक्त नीरज युवती से टाल-मटोल करने लगा उक्त नीरज की माता शान्ती देवी पत्नी जयराखन व जयराखन पुत्र गंगाराम नि0गण ग्राम कटकवारा थाना माधौटांडा जिला पीलीभीत को पूरी घटना के बारे में बत्ताया तो उक्त लोग शादी करने के लिये तैयार हो गये ।

# सेवानिवृत्त के बाद समाज के प्रति जिम्मेदारियां और बढ़ जाती है : प्राचार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। स्वशासी राजकीय महाविद्यालय में उस समय खुशी और गम का मिला-जुला माहौल देखने को मिला,जब चालक रहे रामयज्ञ का कार्यकाल पूर्ण होने पर बिदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वशासी राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डां.सलिल श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.आरके मिश्रा सहित तमाम डाक्टर्स व महाविद्यालय के अधिकारी व कर्मचरियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डां.सलिल श्रीवास्तव ने रामयज्ञ के कार्यो की प्रशंसात्मक लहजे में संबोधित करते हुए उपस्थित कर्मियों से कहाकि रामयज्ञ अपनी सेवाकाल में बेहद सरल व सहयोगी व्यक्ति रहे,उनसे आज के युवाओं को सीखने की जरूरत है, प्राचार्य डां.सलिल श्रीवास्तव ने कहाकि सेवानिवृत्त के बाद समाज के प्रति जिम्मेदारियां और बढ़ जाती है, आपका अनुभव समाज के लिए प्रेरणा साबित हो सकता है। वही मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.आरके मिश्रा ने चालक रामयज्ञ के कार्यकाल और अपने अनुभव को साझा करते हुए कहाकि अपने दायित्वों के प्रति बेहद गंभीर व जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज तक की यात्रा में रामयज्ञ ने हमेशा एक अच्छे कर्मी की भूमिका निभाई, चालक रामयज्ञ के बिदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी ओम प्रकाश गौड ने किया,उक्त अवसर पर सीएमएस महिला डां.आरके यादव, डां.सीएल रस्तोगी, डां.जीसी पाठक, डां.राम धीरेन्द्र, डां.अविनाश चंद्र गुप्ता वरिष्ठ फिजिशियन, डां.राम अनुज वर्मा, ईएनटी सर्जन डां.एएन तिवारी,डां.राजेश मिश्र, मैट्रन प्रेमलता सिंह, चीफ फार्मासिस्ट एसएन मिश्रा, स्टेनो रूद्र वर्मा, विवेक श्रीवास्तव, दिव्यांशु मिश्रा, अभिषेक, पूजा यादव, राम आधार, जुम्मन खान व अनिल रावत सहित मेडिकल कॉलेज के तमाम स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर डाक्टर, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा गार्ड सहित सभी ने रामयज्ञ की प्रशंसा करते हुए उनके स्वास्थ्य व दीर्घायु के लिए ईश्वर से कामना की।

# चीफ फार्मासिस्ट अवधेश चौधरी को दी गई भावभीनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार शाम 4:00 बजे चीफ फार्मासिस्ट अवधेश कुमार चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे। सभी ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। चीफ फार्मासिस्ट अवधेश कुमार चौधरी ने अपने सेवा जीवन की शुरुआत वर्ष 1995 में जनपद पीलीभीत के शिवनगर से की थी। इसके बाद उनकी दूसरी पोस्टिंग शेरपुर कला में हुई। तीसरी बार उन्हें माधव टांडा में सेवा देने का अवसर मिला।

चौथी पोस्टिंग जिला अस्पताल पीलीभीत में रही, जहां उन्होंने मरीजों की सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया। इसके बाद पांचवीं पोस्टिंग दोबारा मांडू टांडा में हुई। छठी बार वह पुनः जिला अस्पताल पीलीभीत में तैनात किए गए। सातवीं पोस्टिंग जनपद लखीमपुर खीरी के बांकेगंज में हुई, जहां उन्होंने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। लंबे समय तक विभिन्न स्थानों पर सेवाएं देने के बाद जुलाई 2030 में उनकी वापसी पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई, जहां उन्होंने चीफ फार्मासिस्ट के पद पर रहते हुए अपनी सेवा अवधि पूरी की। बुधवार को उनकी सेवा अवधि पूर्ण होने पर सीएचसी परिसर में आयोजित विदाई समारोह में वक्ताओं ने उनके सरल स्वभाव, अनुशासन और मरीजों के प्रति समर्पण की सराहना की। समारोह के दौरान सहकर्मियों ने स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। अपने विदाई संबोधन में अवधेश कुमार चौधरी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि स्वास्थ्य सेवा में बिताए गए ये वर्ष उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेंगे। समारोह का समापन भावुक माहौल में शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में चौदह जनवरी तक रहेगा अवकाश

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में शीतलहर को देखते हुये जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तीन से छह वर्ष के बच्चों हेतु चौदह जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है।उन्होंने स्पष्ट किया कि अवकाश अवधि के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं अपने नियमित विभागीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भांति करती रहेंगी।इस दौरान पंजीकृत लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण, सामुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन, वीएचएसएनडी सत्रों का संचालन तथा अन्य समस्त शासकीय दायित्वों का निर्वहन किया जायेगा।

## पुलिस ने फर्जी कॉल सेन्टर व अवैध गेमिंग एप से साइबर ठगी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन पर थाना घुंघचाई पुलिस ने फर्जी कॉल सेन्टर व अवैध गेमिंग एप से साइबर ठगी करने वाले अभियुक्त को 02 मोबाइल, 07 एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड व विदेशी कार्ड सहित किया गिरफ्तार गांव हरीपुर ता. अजीतपुर बिल्हा का रहने वाला अमृत पाल सिंह मोबाइल गेंमिग एप के जरिए लोगों से ठगी करता था बीते तीन 3 दिसंबर को पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए अमृत पाल,धमेंद्र सिंह और प्रियांशु को जेल भेज दिया था आरोपियों के पास से 9 मोबाइल, लैपटाप आदि सामान बरामद हुआ था उसके बाद 5 दिसंबर को पुलिस ने इनके गिरोह के अन्य सदस्य विक्रांत उर्फ विक्की, मनजीत, चक्र खड़का, कपिल, कुनाल और प्रशांत को भी सलाखों के पीछे भेज दिया था मनजीत के घर से 13 लैपटाप, दो कम्प्यूटर सिस्टम, युएई का सिम कार्ड और जीरोक्स मशीन बरामद हुई थी पुलिस इन आरोपियों को जेल भेजने के बाद लगातार संबधित लोगों की जांच पड़ताल कर रही है पुलिस ने इस मामले में जेल गए अमृत पाल सिंह के सगे छोटे भाई अर्शदीप पुत्र गुरप्रीत सिंह को भी गिरफतार किया है। आरोपी अर्शदीप घर से ही ठगी का गिरोह चलाता था उसके दो बैंक खातों पर तमिलनाडू, महाराष्ट पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा से एनसीपीआरसी पोर्टल से होल्ड लगा हुआ है पुलिस ने उसे बुधवार को मुखबिर की सूचना पर घर से गिरफतार कर लिया आरोपी अर्शदीप के पास से दो मोबाइल, सात एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, आधार कार्ड और यूएई देश का सिम कार्ड भी बरामद हुआ है मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने उसे भी जेल भेज दिया पुलिस अर्शदीप से जुड़े लोगों की भी जांच पड़ताल कर रही है

## मुसाफिरखाना पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफ़िरखाना पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पैंतीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान कल्लू उर्फ मोहम्मद गुफरान पुत्र मरहूम मोहम्मद जमील निवासी जमुआरी उर्फ तकिया थाना मुसाफिरखाना को पैंतीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## जेसीबी मशीन से चल रहा मिट्टी खनन वीडियो वायरल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव नजीरगंज हरिपुर पावर हाउस के पास चल रहे मिट्टी खनन का एक वीडियो बुधवार दोपहर करीब 12 बजे सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में साफ तौर पर जेसीबी मशीन से मिट्टी का खनन करते हुए देखा जा सकता है, जिससे क्षेत्र में अवैध खनन की चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह मिट्टी खनन लंबे समय से किया जा रहा है, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वायरल वीडियो सामने आने के बाद मामला प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में आया है।बताया जा रहा है कि वीडियो उपजिलाधिकारी के संज्ञान में आते ही उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच एवं अवैध ई रिक्शा संचालन पर दिया सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**यातायात नियमों के पालन व जनजागरूकता बढ़ाने पर दिया जोर**

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की और जनपद में अवैध रूप से संचालित ई रिक्शा के विरुद्ध कार्रवाई की स्थिति जानी।उन्होंने एआरटीओ व यातायात विभाग को संयुक्त टीम बनाकर अवैध व अपंजीकृत ई रिक्शा के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि ई रिक्शा चार्जिंग के लिये किसी भी स्थान पर विद्युत चोरी न हो, यह सुनिश्चित किया जाये तथा केवल वैध विद्युत कनेक्शन से ही चार्जिंग की अनुमति दी जाय। उन्होंने कहा कि ई रिक्शा के लिये निश्चित रूट प्रणाली लागू की जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सीओ ट्रैफिक, एआरटीओ और अधिशासी अभियंता (लोनिवि) की तीन सदस्यीय समिति गठित कर जनपद में ई-रिक्शा रूट निर्धारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्रों में अनधिकृत टैक्सी स्टैंडों का संचालन तत्काल बंद कराया जाए। साथ ही ई-रिक्शा, ऑटो, टैक्सी स्टैंड हेतु भूमि का चिन्हांकन कर छोटे-छोटे पिक एंड ड्रॉप स्टेशन बनाए जाएं ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच और परिवहन सुरक्षा पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों में संचालित वाहनों की फिटनेस, कागजात और निर्धारित क्षमता की नियमित जांच की जाए। यदि किसी विद्यालय द्वारा क्षमता से अधिक छात्रों को वाहन में बैठाया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगे हों। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्गो व एक्सप्रेसवे पर हो रही दुर्घटनाओं पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रमुख मार्गो पर साइनेज बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, निर्धारित गति सीमा बोर्ड लगाए जाएं तथा अनधिकृत कटों को बंद किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात अनुशासन बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और स्पीड लिमिट के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि एआरटीओ और यातायात विभाग संयुक्त रूप से नियमित जनजागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार व रमेश चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध मिट्टी खनन का खुला खेल किसान का खेत बना तालाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।अवैध मिट्टी खनन का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है सुल्तानपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के नजीरगंज, हरिपुर पावर हाउस के पास खनन माफियाओं ने कानून-व्यवस्था को खुलेआम चुनौती देते हुए किसान के खेत में रातों-रात अवैध मिट्टी खनन कर डाला बिना किसी वैधानिक अनुमति के जेसीबी मशीन लगाकर उपजाऊ खेत को इस कदर खोद दिया गया कि वह खेत अब तालाब का रूप ले चुका है जानकारी के अनुसार, खनन माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी-छिपे जेसीबी से मिट्टी निकालते रहे सुबह जब किसान को इस अवैध खनन की भनक लगी तो वह मौके पर पहुंचा अपने खेत की हालत देखकर किसान स्तब्ध रह गया और उसने तत्काल खनन कार्य का विरोध शुरू कर दिया। किसान के विरोध के बाद जेसीबी को बंद तो कराया गया, लेकिन खनन माफिया मशीन लेकर मौके से भागने का प्रयास करने लगे इस दौरान खनन माफियाओं और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। गाली-गलौज के साथ माहौल तनावपूर्ण बन गया घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और पूरे घटनाक्रम की फोटो व वीडियो मोबाइल कैमरों में कैद कर ली गई ग्रामीणों ने मामले की सूचना तत्काल पुलिस और उच्च अधिकारियों को दी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध मिट्टी खनन का खेल चल रहा है लेकिन प्रभावी कार्रवाई न होने से माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

## सम्पादकीय

# उन्नाव पीड़िता को थोड़ी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन्नाव बलात्कार मामले में दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर के उस आदेश के लागू होने पर स्टे ऑर्डर जारी किया, जिसमें सेंगर की आजीवन कारावास की सजा निलंबित कर उन्हें अपील लंबित रहने तक जमानत दी गई थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, श्विशेष तथ्यों को देखते हुए, जहां दोषी एक अलग अपराध में भी सजा काट रहा है, हम दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश को लागू करने पर रोक लगाते हैं। इस प्रकार, आरोपी को उक्त आदेश के तहत रिहा नहीं किया जाएगा। इस फैसले से एक बड़ी राहत पीड़िता को मिली है, क्योंकि अब यह तो तय हो गया है कि बलात्कार के दोष में कुलदीप सिंह सेंगर जेल में ही रहेगा, अब भी पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के एक अलग मामले में वह 10 वर्ष की सजा काट ही रहा है। इसमें उसे जमानत नहीं मिली है और अगली सुनवाई 4 हफ्ते बाद है। लेकिन अगर इस मामले में भी जमानत मिल जाती तब तो पीड़िता के लिए खतरा और ज्यादा बढ़ जाता। सेंगर ने केवल एक नाबालिग मासूम का बलात्कार ही नहीं किया, बल्कि अपने राजनैतिक दबदबे का इस्तेमाल उसकी इंसाफ की लड़ाई को रोकने में भी किया। इसलिए जब हाईकोर्ट ने सेंगर को जमानत दी थी, तो उसने इस नाइंसाफी के खिलाफ आवाज उठाई थी। उसका साथ देने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भयाना सामने आईं। हालांकि यह देखकर बेहद अफसोस हुआ कि इंसाफ के लिए लड़ रहे इन लोगों को पुलिस प्रशासन ने कुचलने की तमाम कोशिशें कीं। इंडिया गेट से लेकर संसद और हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट के सामने तक जहां भी कुलदीप सेंगर को जमानत मिलने का विरोध करने के लिए पीड़िता के साथ लोग इकत्रे हुए उन्हें वहां से बलपूर्वक भगाने की कोशिशें हुईं। समझ नहीं आता कि आखिर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों से किस बात का खतरा सरकार को दिखाई देता है। देश में कितने ही मामले ऐसे सामने आते हैं जहां गुंडे कभी रेस्तरां, कभी पार्क में बैठे लोगों को परेशान करने, प्रताड़ित करने पहुंच जाते हैं। तब पुलिस पता नहीं कहां गायब हो जाती है। अभी देहरादून में अंजेल चकमा नाम के युवा को नस्लभेदी नफरत के कारण मार दिया गया। उसे चायनीज और मोमो जैसे शब्द बोलकर अपमानित किया गया। वह कहता रहा कि वह भारतीय है, फिर भी उसकी जान ले ली गई। हालांकि वह भारतीय न भी होता, सच में चीन या किसी और देश का नागरिक होता, तब भी नस्लीय नफरत और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। लेकिन ऐसे उत्पीड़न जब हो रहे होते हैं, तब पुलिस वहां नहीं पहुंचती। भाजपा के शासन में पुलिस का भी राजनीतिकरण करने के जो आरोप लगते हैं, वो ऐसी घटनाओं के बाद सही लगते हैं।कुलदीप सेंगर मामले में शर्मनाक बात यह है कि भाजपा के कई नेता उसके समर्थन में खुलकर आ गए हैं। ब्रजभूषण शरण सिंह ने सेंगर को जमानत देने का स्वागत किया था, योगी सरकार में मंत्री ओ पी राजभर ने भी पीड़िता का मजाक उड़ाते हुए कहा था कि उसका घर उन्नाव में है तो दिल्ली में प्रदर्शन की क्या जरूरत। इसके बाद भाजपा पर कुलदीप सेंगर को राजनीतिक संरक्षण देने का जो आरोप लगा है, वह भी प्रमाणित होता दिखाई देता है। सब जानते हैं कि बलात्कार का गंभीर आरोप लगने के बावजूद लंबे समय तक कुलदीप सेंगर को गिरफ्तार नहीं किया गया। भाजपा ने लगातार इस मामले में लीपापोती की। अभी जमानत मिलने के बाद जब पीड़िता, उसकी मां और योगिता भयाना आदि विरोध के लिए सड़कों पर थे तो कुछ लोग सेंगर के समर्थन में पोस्टर लेकर उनसे भिड़ने आ गए। इनमें एक महिला भी थी, जो बार-बार कह रही थी कि इस मामले का राजनीतकरण किया जा रहा है। अफसोस की बात ये है कि मुख्यधारा का मीडिया ऐसे लोगों को बराबरी से कवरेज दे रहा था, मानो यही निष्पक्ष पत्रकारिता की कसौटी है। हालांकि एक पत्रकार ने सेंगर के समर्थन में आवाज उठा रही महिला से पूछ लिया कि आपकी बेटी के साथ ऐसा होता क्या तब भी आप बलात्कारी के लिए ऐसे ही सामने आती, तो वह महिला बिना जवाब दिए चली गई। इससे साफ समझ आ रहा है कि कैसे सेंगर के पक्ष में माहौल बनाकर पीड़िता के हौसले को कुचला जा रहा था।

# अंग्रेजी गैग्रेरियन कैलेण्डर 2025 नहीं केवल 444 वर्ष पुराना, भारत में 273 वर्ष पहले लागू हुआ

**आज भारत की आधुनिक पीढ़ी भले अपना अतीत भूल गयी हो पर यह गर्व की बात है कि यूरोप को काल गणना से परिचित कराने वाले भारतीय शोधकर्ता ही रहे हैं। यूरोप के प्राचीन इतिहास में वर्णन मिलता है कि दो सौ नावों से आर्यों का एक दल यूरोप गया था जिसने रोम की स्थापना की थी वे अपने साथ समय की गणना पद्धति लेकर गये थे। दूसरा विवरण सुप्रसिद्ध यूनानी सम्राट सिकन्दर के समय का है। सिकन्दर आक्रमणकारी के रूप में भारत आया था और भारत से लौटते समय विभिन्न विषय के विद्वानों का दल अपने साथ ले गया था। उनमें पंचांग पद्धति विशेषज्ञ भी थे। इन विशेषज्ञों ने यूरोप जाकर यूरोपीय काल गणना पद्धति में संशोधन किये और जूलियन कैलेण्डर आरंभ किया। फिर पोप ग्रेगरी अष्टम ने 1582 में कुछ संशोधन किये और वर्तमान कैलेण्डर का यह स्वरूप सामने आया। पोप ग्रेगरी अष्टम ने ईसा मसीह की अनुमानित जन्मतिथि की गणना करके 1582 वर्ष पूर्व की तिथि 1 जनवरी निर्धारित की और इसी तिथि से कैलेण्डर आरंभ किया। ईसा मसीह की अनुमानित जन्मतिथि से लागू करने के कारण इसे ''ईस्वी सन'' कहा गया और इस कैलेण्डर को पोप ग्रेगरी के नाम पर ''गेग्रेरियन कैलेण्डर'' नाम दिया। अंग्रेज जिस देश में व्यापार करने गये, शासक बने, उन्होने अपनी परंपराएँ लागू कीं और यह ग्रेगेरियन ईस्वी सन कैलेण्डर पद्धति भी। अंग्रेज अपनी जड़ों और परंपराओं से इतने गहरे जुड़े रहे कि उन्होंने पूरी दुनियाँ को अपने ही परिवेश में ढाला। पता नहीं अंग्रेजों के पास क्या जादू था कि दुनिया से उनके शासन का अंत भले हो गया हो पर उनके द्वारा शासित रहे अधिकांश देश आज भी अंग्रेजी परंपराएँ और उनके इस ग्रेगोरियन कैलेंडर से ही अपनी सरकार और समाज चलाते हैं। कुछ देशों में भीतर अपनी निजी काल गणना पद्धति प्रचलित तो है, पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी दुनियाँ अंग्रेजी महीनों और तिथियों के अनुसार ही संचालित होती है ।**

एक जनवरी से नया साल आरंभ हो रहा है। पूरी दुनियाँ वर्ष 2026 में प्रवेश करेगी। यह अंग्रेजी कैलेण्डर 2025 वर्ष पुराना नहीं है, केवल 444 वर्ष पुराना है और भारत में 273 वर्ष पहले लागू हुआ था। दुनियाँ में काल गणना का इतिहास बहुत उतार-चढ़ाव से भरा है। विभिन्न देशों में अपने-अपने पुराने कैलेण्डर हैं। बीस से अधिक कैलेण्डरों का इतिहास उपलब्ध है। जिस अंग्रेजी कैलेंडर को आज की दुनियाँ में सबसे अधिक मान्यता है उसे ''ग्रेगेरियन कैलेण्डर'' कहा जाता है। इस कैलेण्डर के अनुसार संसार वर्ष 2026 में प्रवेश करने जा रहा है लेकिन यह कैलेण्डर इतना पुराना नहीं है। इसे आरंभ करने वाले पोप ग्रैगरी अष्टम थे। उनके नाम पर ही इस कैलेण्डर का नाम ''ग्रेगोरियन कैलेण्डर'' कहलाता है। यह कैलेण्डर 1582 ईस्वी में लागू हुआ था। अंग्रेजों ने भारत में इस कैलेण्डर को 1753 में लागू किया था। अंग्रेजों ने आरंभ में इस कैलेण्डर को शासन व्यवस्था में लागू किया था और धीरे-धीरे समाज में घोला। अब पूरे भारत की जीवनचर्या इसी कैलेण्डर से संचालित होती है।

कैलेण्डर का इतिहासः आज भारत की आधुनिक पीढ़ी भले अपना अतीत भूल गयी हो पर यह गर्व की बात है कि यूरोप को काल गणना से परिचित कराने वाले भारतीय शोधकर्ता ही रहे हैं। यूरोप के प्राचीन इतिहास में वर्णन मिलता है कि दो सौ नावों से आर्यों का एक दल यूरोप गया था जिसने रोम की स्थापना की थी वे अपने साथ समय की गणना पद्धति लेकर गये थे। दूसरा विवरण सुप्रसिद्ध यूनानी सम्राट सिकन्दर के समय का है। सिकन्दर आक्रमणकारी के रूप में भारत आया था और भारत से लौटते समय विभिन्न विषय के विद्वानों का दल अपने साथ ले गया था। उनमें पंचांग पद्धति विशेषज्ञ भी थे। इन विशेषज्ञों ने यूरोप जाकर यूरोपीय काल गणना पद्धति में संशोधन किये और जूलियन कैलेण्डर आरंभ किया। फिर पोप ग्रेगरी अष्टम ने 1582 में कुछ संशोधन किये और वर्तमान कैलेण्डर का यह स्वरूप सामने आया। पोप ग्रेगरी अष्टम ने ईसा मसीह की अनुमानित जन्मतिथि की गणना करके 1582 वर्ष पूर्व की तिथि 1 जनवरी निर्धारित की और इसी तिथि से कैलेण्डर आरंभ किया। ईसा मसीह की अनुमानित जन्मतिथि से लागू करने के कारण इसे ''ईस्वी सन'' कहा गया और इस कैलेण्डर को पोप ग्रेगरी के नाम पर ''गेग्रेरियन कैलेण्डर'' नाम दिया। अंग्रेज जिस देश में व्यापार करने गये, शासक बने, उन्होने अपनी परंपराएँ लागू कीं और यह ग्रेगेरियन ईस्वी सन कैलेण्डर पद्धति भी। अंग्रेज अपनी जड़ों और परंपराओं से इतने गहरे जुड़े रहे कि उन्होंने पूरी दुनियाँ को अपने ही परिवेश में ढाला। पता नहीं अंग्रेजों के पास क्या जादू था कि दुनिया से उनके शासन का अंत भले हो गया हो पर उनके द्वारा शासित रहे अधिकांश देश आज भी अंग्रेजी परंपराएँ और उनके इस ग्रेगोरियन कैलेंडर से ही अपनी सरकार और समाज चलाते हैं। कुछ देशों में भीतर अपनी निजी काल गणना पद्धति प्रचलित तो है, पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी दुनियाँ अंग्रेजी महीनों और तिथियों के अनुसार ही संचालित होती है ।

शब्द ''कैलेण्डर'' की यात्राः ग्रेगोरियन कैलेण्डर उपयोग किये गये महीनों और दिनों के नाम भी अंग्रेजों के अपने नहीं हैं। वे दुनियाँ की विभिन्न भाषाओं से लेकर रूपान्तरित किये गये है। सबसे पहले इसका नाम ''कैलेण्डर'' ही देखें। कैलेण्डर शब्द अंग्रेजी भाषा का नहीं है, लैटिन भाषा का है। लैटिन भाषा में ''कैलेण्ड'' शब्द का अर्थ हिसाब-किताब होता है। उधर, चीन में ''केलैण्ड'' का अर्थ चिल्लाना होता है। वहाँ ढोल बजाकर तिथि, दिन और समय की सूचना दी जाती थी। इस तरह कैलेण्ड शब्द से इस पद्धति का नाम कैलेण्डर पड़ा। इसे संसार में अलग-अलग देशों में अलग-अलग तिथियों में लागू किया गया। यह ग्रेगोरियन कैलेंडर इटली, फ्रांस, स्पेन और पुर्तगाल ने सन 1582 ईस्वी में, परशिया, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, हॉलैंड और फ़्लैंडर्स ने 1583 ईस्वी में, पोलैंड ने 1586 ईस्वी में, हंगरी ने 1587 ईस्वी में, जर्मनी, नीदरलैंड, डेनमार्क ने 1700 ईस्वी में, ब्रिटेन और उनके द्वारा शासित लगभग सभी देशों में 1752 ईस्वी, जापान ने 1972 ईस्वी, चीन ने 1912 ईस्वी, बुल्गारिया ने 1915 ईस्वी, तुर्की और सोवियत रूस ने 1917 ईस्वी, युगोस्लाविया और रोमानिया ने 1919 ईस्वी में लागू हुआ।

यूरोप में कैलेण्डर की शुरुआतः यूरोपियन कैलेण्डर का आरंभ रोम से हुआ था। इसे आरंभ करने वाले रोमन सम्राट जूलियन सीजर थे। इसलिये उसका पुराना जूलियन कैलेण्डर था। उन्होंने पूर्व से प्रचलित कैलेण्डर में कुछ परिवर्तन किये थे जो उनसे पूर्व राजा न्यूमा पोपेलियस ने आरंभ किया था। तब इसमें केवल दस माह और 354 दिन ही हुआ करते थे। कहते हैं शोधकर्ता तो बारह मास का ही कैलेण्डर तैयार करना चाहते थे पर राजा बारह माह का कैलेण्डर बनाने तैयार न हुआ था। राजा की जिद के चलते बारह के बजाय दस माह का कैलेण्डर तैयार हुआ था। बाद में जूलियट सीजर ने उस कैलेण्डर में परिवर्तन करने के आदेश दिये और तब यह कैलेण्डर बारह महीने का तैयार हुआ। अब कुछ विद्वानों का मत है कि इसमें ईसा मसीह की जन्मतिथि में चार वर्ष का अंतर आ गया है। इसमें समय के साथ अनेक परिवर्तन हुये। जब यह कैलेण्डर आरंभ हुआ था तब इसमें लीप इयर या हर चौथे साल फरवरी 29 दिनों का प्रावधान नहीं था। यह प्रावधान खगोल अनुसंधान के बाद अमेरिकी वैज्ञानिकों ने सूर्य और पृथ्वी परिक्रमा की गणना करके जोड़ा। जबकि भारत में पाँच हजार वर्ष पुरानी गणना भी बारह माह की थी। जो ऋतु परिवर्तन का अध्ययन करके निर्धारित किया गया था। भारत में इसे कैलेण्डर नहीं ''पंचांग'' कहा जाता है। शब्द ''पंचांग'' भी गहन अर्थ लिए हुए है। पंचांग अर्थात पाँच अंग। भारतीय पंचांग में कुल पाँच आधार होते हैं। ये तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण हैं। इन पाँच अंगों से ही भारतीय पंचांग में तिथि दिन की गणना होती है जबकि वर्ष और माह की जानकारी इन पाँच अंगों से अलग होती है। जबकि ग्रेगोरियन कैलेण्डर में केवल दो जानकारी होती है। तारीख और दिन की। माह और वर्ष भी। इस प्रकार पाँच हजार वर्ष पुरानी भारतीय कालगणना पद्धति ''पंचांग'' पश्चिम की आधुनिक कैलेण्डर पद्धति से अपेक्षाकृत अधिक उन्नत रही है। – **रमेश शर्मा**

# सनातन संस्कृति, भारत और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरुद्ध रचे जा रहे झूठे विमर्श

**प्रहलाद सबनानी**

भारत आज केवल उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि वैश्विक राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संतुलन को प्रभावित करने वाली शक्ति बन चुका है। पश्चिमी देशों का एकछत्र वर्चस्व अब चुनौती के दौर से गुजर रहा है और भारत स्पष्ट रूप से इस परिवर्तन की अगुवाई करता दिखाई देता है। यही कारण है कि कुछ पश्चिमी देश और उनके प्रभाव में काम करने वाले संस्थान भारत, सनातन हिन्दू संस्कृति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विरुद्ध निराधार, तथ्यहीन और पूर्वाग्रह पूर्ण विमर्श गढ़ने में लगे हैं। दरअसल, पश्चिमी दृष्टिकोण की सबसे बड़ी समस्या यह रही है कि वे आधी-अधूरी जानकारी को सम्पूर्ण सत्य मान लेते हैं। इतिहास इसका साक्षी है। आक्रांताओं और अंग्रेजों के शासनकाल में भी सनातन हिन्दू संस्कृति को रूढ़िवादी, अवैज्ञानिक और पिछड़ा सिद्ध करने का प्रयास किया गया, परंतु समय ने यह प्रमाणित कर दिया कि वे सभी धारणाएँ गलत थीं। आज योग, आयुर्वेद, ध्यान, पर्यावरण संतुलन और जीवन मूल्यों पर आधारित भारतीय परंपराएँ विज्ञान की कसौटी पर खरा उतर रही हैं। आज भी वही मानसिकता कुछ पश्चिमी मीडिया संस्थानों में दिखाई देती है। अमेरिका से प्रकाशित न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे समाचार पत्रों में हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विषय में प्रकाशित लेख इसका उदाहरण हैं। ऐसे लेख न तो भारत के सामाजिक यथार्थ को समझते हैं और न ही संघ की वैचारिक, सामाजिक और राष्ट्र निर्माण में निभाई गई भूमिका को। तथ्यों, आंकड़ों और स्वतंत्र स्रोतों के अभाव में लिखे गए ये लेख केवल पूर्वाग्रहों पर आधारित होते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में हुई थी। प्रारंभ से ही संघ ने देशभर में शाखाओं के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और अनुशासन का भाव जागृत किया। साल 1947 तक आते-आते संघ के स्वयंसेवकों की एक सशक्त टोली राष्ट्रसेवा के लिए तैयार थी। जब साल 1947 में पाकिस्तानी सेना ने कबाइलियों के भेष में कश्मीर पर आक्रमण किया, तब बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के संघ के स्वयंसेवकों ने सीमा पर चौकसी रखी और भारतीय सेना के साथ मिलकर मातृभूमि की रक्षा में प्राणों का बलिदान दिया। विभाजन के समय हुए भयानक दंगों में पाकिस्तान से आए लाखों हिन्दू शरणार्थियों के लिए संघ ने भारत भर में 3,000 से अधिक राहत शिविर लगाए। भोजन, आवास, चिकित्सा और पुनर्वास की व्यवस्था कर संघ ने मानवता और राष्ट्रधर्म का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। कश्मीर के भारत में विलय के समय उत्पन्न संकट में भी संघ की ऐतिहासिक भूमिका रही। महाराजा हरि सिंह के हस्ताक्षर के बिना भारत सरकार निर्णय लेने में असमर्थ थी। ऐसे समय में सरदार वल्लभ भाई पटेल के आग्रह पर सरसंघचालक श्री गुरु गोलवलकर जी कश्मीर गए और महाराजा को भारत में विलय के लिए सहमत किया। इस प्रकार संघ ने कश्मीर को पूर्ण रूप से पाकिस्तान के कब्जे में जाने से बचाने में निर्णायक योगदान दिया। दादरा-नगर हवेली और गोवा मुक्ति आंदोलन में भी संघ के स्वयंसेवकों ने अग्रणी भूमिका निभाई। साल 1954 में दादरा-नगर हवेली को पुर्तगालियों से मुक्त कर भारत में विलय कराया गया। गोवा के संदर्भ में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सशस्त्र कार्रवाई के पक्ष में नहीं थे, तब साल 1955 में संघ के स्वयंसेवकों ने आंदोलन प्रारंभ किया। अनेक कार्यकर्ताओं को कारावास झेलना पड़ा, पर साल 1961 में अंततः गोवा को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। 1962 के चीन युद्ध और 1965 के भारत-पाक युद्ध में संघ के स्वयंसेवकों ने सेना और प्रशासन की हरसंभव सहायता की। रसद, यातायात नियंत्रण, हवाई पट्टियों की सफाई, घायलों के लिए रक्तदान और शहीद परिवारों की देखभाल, हर क्षेत्र में स्वयंसेवकों ने निःस्वार्थ सेवा की। साल 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में संघ के स्वयंसेवकों को शामिल होने का निमंत्रण स्वयं प्रधानमंत्री नेहरू ने दिया था, जो संघ की भूमिका की आधिकारिक स्वीकृति थी। संघ ने आपदा और युद्ध के समय ही नहीं बल्कि शिक्षा, श्रम और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी राष्ट्र निर्माण का कार्य किया है। विद्या भारती, एकल विद्यालय, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, भारतीय मजदूर संघ और सेवा भारती जैसे संगठन करोड़ों लोगों के जीवन को दिशा दे रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# नीले नाखून हो सकते हैं किसी गंभीर समस्या का संकेत


अक्सर हम यह देखते हैं कि हमारे नाखून का रंग बदलता रहता है। बदलते मौसम के चलते कई बार ऐसा होना सामान्य होता है। लेकिन कई बार नाखूनों के रंग में परिवर्तन किसी बीमारी का संकेत हो सकता है। हमारे शरीर में मौजूद ऐसे कई रोग भी होते हैं जिनके कारण हमारे नाखून बैंगनी-नीले हो जाते हैं। ऐसे में इन बीमारियों के और बारे में जानना बहुत जरूरी हो जाता है। जिससे समय रहता बीमारी का पता लगाया जा सके और अपने शरीर को स्वस्थ रखा जा सके। नीले नाखून आपके शरीर में मौजूद लाल रक्त कोशिकाओं में ऑक्सीजन का स्तर कम या ऑक्सीजन के कमी के कारण होती है। इस स्थिति को सायनोसिस नाम से भी जाना जाता है। यह समस्या तब होती है जब आपके रक्त में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं होती है। जिसके कारण हमारे नाखूनों के नीचे मौजूद त्वचा बैंगीनी-नूीली पड़ जाती है। त्वचा की रंगत का बदलना खून के उच्च स्तर के असामान्य होने के रूप को दर्शाता है जो आपके पूरे शरीर में लगातार फैलता रहता है। हीमोग्लोबिन एक प्रोटीन है जो आपके रक्त में ऑक्सीजन के परिवहन के लिए जिम्मेदार है। ठंडे तापमान के कारण भी आपके नाखून नीले पड़ सकते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ठंडे तापमान की वजह से आपकी रक्त वाहिकाएं सिकुड़ने या छोटी होने लगती हैं। ऐसी स्थिति में आपके नाखूनों में ऑक्सीजन से भरपूर रक्त को पर्याप्त मात्रा में पहुंचा पाना मुश्किल हो जाता है। कई बार नाखूनों का सामान्य रंग गर्म तापमान में रहने या हाथों की मालिश करने पर बदलना शुरू हो जाता है ऐसा ठन्डे तापमान के कारण होता है। जिससे आपके शरीर के उस हिस्से में पर्याप्त मात्रा में रक्त की आपूर्ति नहीं हो पाती और त्वचा पर नीले रंग वापस आ जाता है। ठंडे तापमान के कारण उंगलियों का नीला पड़ना शरीर की एक सामान्य प्रतिक्रिया होती है। जिससे शरीर के आंतरिक अंगों के तापमान को बनाए रखा जा सके। हालांकि, अगर नाखूनों की नीली रहने की समस्या लगातार बनी रहती है तो यह कोई रोग या इसका कोई अन्य कारण भी हो सकता है जो ऑक्सीजनयुक्त लाल रक्त को पूरे शरीर में फैलने से रोकता है।

## धर्म मंत्र

# एमपी में मौजूद है मां लक्ष्मी की प्रतिमा, दिन में 3 बार बदलती है रंग

हमारे देश में धन की देवी माँ लक्ष्मी के कुछ ही मंदिर हैं लेकिन जो भी मंदिर हैं वह अपने आप में एक अद्भुत चमत्कार को समेटे हुए हैं। आज हम आपको मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित पचमठा मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। यहां पर माँ लक्ष्मी की एक प्राचीन प्रतिमा स्थापित हैं जो दिन में तीन बार रंग बदलती हैं। इस मंदिर के बारे में कई विचित्र कथाएं भी प्रचलित हैं। इस मंदिर का निर्माण लगभग 1100 वर्ष पहले हुआ था। एक समय यह मंदिर तंत्र साधना का एक विख्यात केंद्र भी रहा हैं। लोगो का मानना हैं कि यहाँ विराजित माँ लक्ष्मी की प्रतिमा के दर्शन मात्र से ही कई इच्छाएं पूरी हो जाती हैं। पचमठा मंदिर कई मायनों में अहम माना गया हैं। यहाँ विराजित माँ लक्ष्मी की प्रतिमा वर्षो पुरानी हैं। इस मंदिर का निर्माण रानी दुर्गावती के विशेष सेवापति रहें दीवान अधार सिंह के नाम पर बने अधारताल तलाब में गोंडवाना शासन द्वारा करवाया गया था। बताया जाता हैं कि इस मंदिर में विराजित माँ लक्ष्मी की प्रतिमा काफी प्राचीन हैं जो दिन में तीन बार रंग बदलती हैं। प्रातः काल में सफ़ेद, दोपहर में पीली और शाम को यह प्रतिमा नीली हो जाती हैं। पचमठा मंदिर को लेकर काफी कथाएं भी प्रचलित हैं। इस मंदिर का निर्माण 1100 वर्ष पहले करवाया गया था। यह मंदिर एक अनूठी सरंचना के तहत बना हैं। मंदिर के अंदरूनी भाग में लगे श्रीयंत्र की काफी चर्चा होती हैं। मंदिर की खास बात यह हैं कि इस मंदिर की संरचना इस प्रकार हैं कि आज भी सूर्य की पहली किरण माँ लक्ष्मी की प्रतिमा के चरणों में पड़ती हैं।

## पर्यटन



# सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है चाय के बागानों का शहर मुन्नार

भगवान का अपना देश कहे जाने वाले केरल की खूबसूरती इस दुनिया में सबसे निराली है। यहाँ का प्रसिद्ध हिल स्टेशन मुन्नार देशी ही नहीं विदेशी सैलानियों को भी अपनी ओर आकर्षित करता है। यह सही है कि कश्मीर की खूबसूरती की चर्चा दुनिया भर में होती है लेकिन अगर आप एक बार यहाँ आएंगे तो कहेंगे कि यह जगह कश्मीर से बढ़कर नहीं तो उससे कम भी नहीं है। यहाँ की एक और खासियत यह है कि आप भले यहाँ तीन या चार दिन का कार्यक्रम बना कर आये हों लेकिन यहाँ से जाने का मन नहीं करता और अकसर पर्यटक अपना स्टे यहाँ बढ़ा लेते हैं। समुद्रतल से 1,700 मीटर ऊँचाई पर स्थित मुन्नार का दक्षिणी?पश्चिमी मैदानी इलाका तरंगों जैसा लगता है। मुन्नार को चाय के बागानों का शहर भी कहा जाता है। यहां आपको बड़ी संख्या में चाय के बागान देखने को मिलेंगे। मुन्नार की देखने लायक जगहों की बात करें तो इनमें- राजमाला, चितीरापुरम और इकोपाइंट प्रमुख हैं। मट्टुपेटी बांध भी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। मुन्नार की असली सुंदरता पोतैमेदु में है, जो एक महत्वपूर्ण बागान है। यहाँ की झीलें और घने जंगल यहां की खूबसूरती में तो चार चांद लगाते ही हैं साथ ही आपका मन मोहने की क्षमता भी रखते हैं। मुन्नार पहाड़ों से तीन तरफ यानी मुद्रापजा, नल्लतनी और कंडाला से घिरा है। किसी समय मुन्नार ब्रिटिश सरकार का दक्षिणी भारत का गर्मियों का रिजॉर्ट हुआ करता था। मुन्नार के पास ही स्थित है चाय का संग्रहालय जोकि टाटा टी संग्रहालय के नाम से मशहूर है यहां आपको कई दुर्लभ कलाकृतियां, चित्र और मशीनें देखने को मिलेंगी जो चाय के बागानों की उत्पत्ति और विकास के बारे में बताती हैं। कई प्रकार की चाय पत्तियां भी यहां मौजूद हैं जिन्हें चाहे तो खरीद भी सकते हैं। वैसे तो मुन्नार के आसपास कई झरने हैं लेकिन अधिकतर पर्यटक पल्लिवासल और चिन्नाकनाल को देखना पसंद करते हैं। पल्लिवासल पावर हाऊस वाटरफाल्स के नाम से भी प्रसिद्ध है।

# स्वयं सहायता समूहों के गठन पर जोर, बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। खंड विकास अधिकारी कार्यालय में सहायक विकास अधिकारी आईएसबी जय राम वाल्मीकि ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के कर्मचारियों और ब्लॉक मिशन प्रबंधकों के साथ आयोजित बैठक में स्वयं सहायता समूहों के गठन पर विशेष जोर दिया।वाल्मीकि ने सभी ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में सक्रिय रूप से कार्य करें। उन्होंने एक लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि प्रतिदिन कम से कम पांच नए स्वयं सहायता समूहों का गठन सुनिश्चित किया जाए।सहायक विकास अधिकारी आईएसबी जयराम वाल्मीकि ने बताया कि बैठक में समूह गठन में तेजी लाने के लिए सभी से कहा गया है और फील्ड में लगातार काम करने के निर्देश दिए।बैठक में मोहम्मद इमरान, अंजलि यादव और अजय पुनीत सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## यूपी बिहार के सोशल मीडिया क्रिएटर्स का सम्मान समारोह

# ओंकार ज्वैलर्स द्वारा अवधी संगम एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन, राज्य मंत्री रहे मुख्य अतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी । तहसील क्षेत्र स्थित देवीगंज चौराहे पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वादशी के अवसर पर 'अवधी संगम एवं प्रसाद वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओमकार पाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बाराबंकी सहित बिहार के सोशल मीडिया क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार में खाद्य रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बाराबंकी में प्रतिभा को निखारने के लिए सोशल मीडिया पर काम कर रहे क्रिएटर्स को शुभकामनाएं दीं। मंत्री शर्मा ने सभी से अपील की कि वे मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए कंटेंट बनाएं।कार्यक्रम में पहुंचने पर मंत्री सतीश शर्मा का आयोजक ओमकार पाल और सोशल मीडिया क्रिएटर्स को आमंत्रित करने वाले 'यूपी ब्वाय राज' सहित अन्य लोगों ने भव्य स्वागत किया। सोशल मीडिया पर अपनी अलग पहचान बनाने वाले 'ऋषभ द बॉस फैमिली' और सामाजिक व पारिवारिक, कॉमेडी संदेश देने वाले 'यूपी ब्वाय राज' के पहुंचने पर क्रिएटर्स और आम लोग उनके साथ सेल्फी लेते नजर आए।इस अवसर पर सभी सोशल मीडिया क्रिएटर्स का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ, जिसमें क्रिएटर्स सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में यूपी ब्वॉय राज कॉमेडी, रंजिता कुमारी,ललित चौहान, ऋषभ द बोस, लवकुश, दीपक ब्लॉग, यूपी अमित राज, लवकुश डांसर, सलमान खान, सीमा रावत, कार्तिक यादव, रजनीकांत शुक्ला, इब्राहिम आर्टिस्ट, जंग बहादुर, बलराम बाराबंकी रतन दीप, विक्रम राजवंशी, अमित तिवारी, जयभानु वर्मा, सलमान सिद्दीकी, पूजा कुमारी सहित कई सोशल मीडिया क्रिएटर्स उपस्थित रहे।

# वर्ष का अंतिम दिवस, 10 जिलों के नेत्र रोगी आए हडिया कॉल आश्रम

## ऑपरेशन बिना भेद रहन-सहन की व्यवस्था भी

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में वर्ष के अन्तिम दिन भी प्रदेश के 10 जिलो के सभी जाति-धर्म के गरीब रोगी नारायन अपनी नेत्र (मोतियाबिन्द) के आपरेशन कराने स्वामी रामदास जी महाराज स्मृति चिकित्सालय (धर्मार्थ) पहुँचे। आये हुए मरीजों की ओपीडी रोहतक (हरियाणा) से पधारे डॉ. रमेश हुड्डा एवं डॉ0 उम्मेद सिंह खत्री ने किया। सभी आपरेशन डॉ. जैकब प्रभाकर जालंधर की टीम द्वारा किये गए। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि आश्रम आया हुआ कोई भी व्यक्ति भूखा न सोये श्रीराम वन कुटीर ट्रस्ट समिति की ओर से सभी मरीजों के आपरेशन, भोजन, आवास की व्यवस्था निःशुल्क रहती है। मरीजों के परिजनों के लिए अस्पताल की कैण्टीन बनी हुई है । 30 वर्षों से रावत सर जिला हनुमानगढ़ राजस्थान तथा सिलीगुड़ी आसाम के सत्संगी जन राजेन्द्र जी विहानी, राजू पेड़ीवाल का परिवार कैण्टीन का संचालन कर रहे हैं। खाने-पीने का हर सामान मरीजों के परिजनों को आधे दाम पर देते हैं। 10 रूपये में 4 पूड़ी सब्जी, 5 रूपये में चाय, मिनरल वाटर बड़ी बोतल 10 रूपये, ब्रेड बिस्कुट खरीद से आधे रेट पर, इसके अलावा शिविर में देश के कोने-कोने से आये भामाशाह अपनी ओर से कैण्टीन में आकर खाने-पीने का सामान निःशुल्क वितरित करते है। अब राजेन्द्र विहानी जी के बेटे अतुल विहानी अपनी टीम के सदस्यों मदन जी नाई, पवन सुतार, मदन बिश्नोई, विकास छिनपा, मांगीलाल, भागीरथ, निखिल खुराना दिल्ली के साथ कैण्टीन सम्भाल रहे हैं। सभी मरीजों की शुगर, ब्लड प्रेशर, पैथॉलाजी जाँचे हिन्द मेडिकल कालेज सफ़ेदाबाद के पंकज शर्मा, मोहित प्रजापति, अनुज कुमार, नारायन कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवधेश यादव जी के निर्देश पर वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी टी0एन0 वर्मा, अरविन्द कुमार के साथ शिविर की जाँच करने पहुँचे। आज प्राइवेट डॉक्टर एसोसिएशन बाराबंकी के अध्यक्ष डॉ0 महावीर जैन अपनी टीम के सदस्य डॉ0 रेहान जहीर, डॉ0 वीरेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ0 शशि के साथ अस्पताल पहुँचे। उन्होंने ट्रस्ट के अध्यक्ष भगवानदास जी वरिष्ठ सदस्य शंकर लाल सोमानी, राम किशन राठी, शिविर के व्यवस्थापक शिव कुमार निगम, डॉ0 रमेश हुड्डा, बाबा शिवबरनदास, प्रेम वर्मा जी को शॉल भेंटकर डॉ.एसोसिएशन की ओर से सम्मानित किया।

# सैकड़ो श्रद्धालुओं ने छका भोजन प्रसाद, भंडारा आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। श्री जागेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में बुधवार को एक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।आयोजन बाबा विनोद मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित भंडारा दोपहर से शुरू हुआ और देर शाम तक चला। सैकड़ो लोगों ने पूड़ी सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया बाबा विनोद मिश्रा के साथ उनके पुत्र अभिषेक मिश्रा और कई अधिवक्ता भी इस आयोजन में शामिल हुए।यह भंडारा मंगलवार को मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा के समापन उपलक्ष में हुआ।इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं के अलावा अधिवक्ता रामप्रसाद वर्मा, सत्यनाम वर्मा, कालीप्रसाद यादव, अधिवक्ता अब्दुल अहद, वासिफ, प्रहलाद कुमार वर्मा और बालचंद सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

### छत से कूद दे बदमाश ले उड़े लाखों की जेवराज, नकदी

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीती रात्रि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चिलौकी मे छत के सहारे घर मे दाखिल हुए अज्ञात चोरो ने अलमारी मे रखे 15 हजार की नगदी सहित जेवरात उठा ले गये पीड़ित ने रात्रि मे ही पीआरवी व थाना सफदरगंज मे घटना की जानकारी दी। ग्राम चिलौकी निवासी राहुल कुमार पुत्र चन्द्रकान्त के घर में मध्य रात्रि छत के सहारे दाखिल हुए अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखी सोने की चेन, अंगूठी, मांगबेदी, मंगलसूत्र, झाला, समेत लगभग 150 ग्राम सोना और चांदी पायजेब, बिछिया, खगौरा, कमरपेटी सहित लगभग 500 ग्राम चादी एवं बैग में रखे 15 हजार की नकदी लॉकर तोडकर चोरी कर ले गये । रात्रि करीब ढाई बजे जब राहुल लघुशंका के लिए उठा तो देखा कि कमरे के बक्से में रखा समान बिखरा पड़ा है और अलमारी का दरवाजा लाकर टूटा हुआ है। यह घटना देखकर परिजन बहुत सहम गया और पीआरवी को सूचित किया । मौके पर पहुंची पीआरवी और स्थानीय पुलिस ने घटना का निरीक्षण किया है। फिलहाल पुलिस अभी किसीी नतीजे पर नहीं पहुंची।

### इलाज के दौरान नवजात की मौत, लापरवाही का आरोप

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। संयुक्त चिकित्सालय में बीते मंगलवार को इलाज के दौरान एक नवजात शिशु की मौत हुई। परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मृतक शिशु की पहचान मैलारायगंज निवासी जियाउद्दीन के पुत्र रय्यान के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रय्यान का जन्म 3 दिसंबर को सैदनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ था। बच्चा कमजोर था और दूध नहीं पीता था।दवा खत्म होने के बाद मंगलवार सुबह करीब 11 बजे दोबारा संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर आए थे।मृतक बच्चे की मौसी आय्या ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टर ने बच्चे को दो इंजेक्शन लगाए, जिसके बाद उसके शरीर पर काले धब्बे पड़ने लगे। डॉक्टर ने इसे ठंड का असर बताया। परिजन जबरन बच्चे को लेकर घर आ गए।बच्चे के पिता जियाउद्दीन ने बताया कि उनकी पत्नी बच्चे को अस्पताल दिखाने ले गई थीं। वहां बच्चे को भर्ती कर सुई लगाई गई, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल स्टाफ ने उन्हें जबरदस्ती बच्चे को भर्ती करने के लिए कहा था, जबकि वे ऐसा नहीं चाहते थे।माँ नजमा खातून के अनुसार, उन्हें डॉक्टर से जबरन अपने बच्चे का शव लेना पड़ा।अस्पताल के इलाज करने वाले डॉक्टर मुशीर अहमद खान ने बताया कि बच्चा तीन सप्ताह का था और उसमें हाइपोथर्मिया और ठंड के लक्षण थे। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चा ठीक लग रहा था और मां ने उसे दूध पिलाने के लिए लिया था। डॉक्टर के अनुसार, बच्चे को आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन परिजन उसे लेकर नहीं गए। बच्चे का वजन 2.4 किलोग्राम था।

### प्रशिक्षण से लापता पंचायत सहायकों को नोटिस

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक सभागार सिरौलीगौसपुर में बुधवार को आयोजित दो दिवसीय पंचायत सहायक प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले दिन 13 पंचायत सहायक बिना सूचना के अनुपस्थित रहे।जिस पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा ने स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया है।यह प्रशिक्षण 31 दिसंबर से एक जनवरी तक चलेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंचायतों के स्वयं के आय के स्रोतों, विभागीय ओएसआर पोर्टल आवेदन प्रक्रिया और संग्रहण के तरीकों पर समस्त पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान और सचिवों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित करना है।प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रशिक्षक जितेंद्र पांडेय और मदन किशोर पाठक ने पंचायत सहायकों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की।इस प्रशिक्षण में सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, पंचायत सचिव तेजभान, रवि कुमार, अरविंद कुमार, सतीश वर्मा, कुलदीप वर्मा, मनीष शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, सुरेश कुमार यादव और पंचायत सहायक उज्जवल पांडे सहित कई अन्य पंचायत सहायक मौजूद रहे।

### ट्राली में घुसी कार, एक की मौत पांच जख्मी

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ बहराइच हाईवे 927 पर रामनगर थाना अंतर्गत दलसराय पेट्रोल पंप के पास बीती रात भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए। बताते हैं कि गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से अर्टिगा कार जा घुसी।ओवरटेक के दौरान हुए इस हादसे में छह लोग घायल हुए जिनमें एक युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई।दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा।

### नव वर्ष के स्वागत, विद्यालय में तहरी भोज आयोजन

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर क्षेत्र में अनेक स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में खुशियां मनाई गई ।बच्चे व युवाओं में भारी उत्साह नजर आ रहा था।लोगों ने इस संध्या पर कार्यक्रम में शामिल होकर एक दूसरे को बधाई दी। इस बार नव वर्ष बृहस्पति के दिन पड़ रहा है ।यह दिन भगवान विष्णु का माना जाता है। इसलिए इसकी महत्ता बढ़ गई। नव वर्ष 2026 के स्वागत में पावन भगवान? देवी पाटन शाह बालिका इंटर कॉलेज में तहरी भोज का आयोजन किया गया।इसके अलावा धार्मिक स्थलों पर भी ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं।

# अटल जी जन्म शताब्दी वर्ष पर कवि सम्मेलन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। कस्बा जैदपुर अब्दुल्लापुर मार्ग पर स्थित श्री रामलीला मैदान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में दूर-दराज से आए कवियों ने अपनी रचनाएं सुनाई।कार्यक्रम का आयोजन बाराबंकी के पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत द्वारा किया गया। जैदपुर मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया।इस अवसर पर पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनंद, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या, कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष गुरुसरण लोधी, जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी, रवि आर वर्मा, सांसद की पत्नी उर्मिला रावत, आशुतोष अवस्थी, संजय अवस्थी और रामविलास वर्मा सहित सैकड़ों भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विकास बढ़ावा, ग्राम पंचायत की आय का साधन बनेगा कूड़ा-करकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत अपशिष्ट प्रबंधन, गोबर-धन, ग्रे-वाटर प्रबंधन एवं ग्राम स्तर पर विकास को सतत बढ़ावा के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय आंतरिक एक्सपोजर विजिट में निंदूरा विकासखंड से ग्राम पंचायत सचिव महमूद अंसारी, खंड प्रेरक राजेश कुमार व ग्राम पंचायत भंडार के प्रधान चंदन लाल ने अनुभव साझा किया। ज्ञातव्य है कि जनपद अमेठी के विकासखंड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत बहादुरपुर का भ्रमण कर वापस लौटे हैं। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर, जहां कि ग्राम पंचायत अंचल से एकत्रित कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाता है। कूड़े के निपटान से प्राप्त आय को वहां ग्राम पंचायत के खाते में जमा कराकर पंचायत की आय में वृद्धि हो रही है।

प्रधान चंदन लाल ने भ्रमण के अनुभव साझा करते बताया कि बहादुरपुर ग्राम पंचायत में नालियों के साथ-साथ फिल्टर चैंबरों का निर्माण कराया गया है, जिससे नालियों में बहने वाला ग्रे-वाटर पूरी तरह शुद्ध होने के बाद ही तालाब में पहुंचता है। इससे जलस्रोतों के प्रदूषण पर रोक लगने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है।

ग्राम प्रधान चंदन लाल ने कहा कि एक्सपोजर विजिट से उन्हें ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं आत्मनिर्भर बनाने की नई दिशा मिली है और वे प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर व ग्रे-वाटर प्रबंधन प्रणाली को अपनी ग्राम पंचायत में लागू करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# कप्तान ने पुलिस चौकी व आदर्श भोजनालय का किया शुभारंभ





कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने आज घुंघटेर थाना क्षेत्र के खुज्झी चौराहा पर नवनिर्मित पुलिस चौकी भवन का लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद एसपी ने चौकी परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चौकी प्रभारी व थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी है कि आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। छोटे-छोटे मामलों का निस्तारण प्राथमिक स्तर पर ही चौकी पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से थाना या जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा आज दोपहर में थाना बड्डूपुर में नव-निर्मित आदर्श भोजनालय, मिशन शक्ति केंद्र हेल्प डेस्क एवं मीटिंग हॉल का भी उद्घाटन किया। यहां भी उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा रात्रि प्रहरियों को कंबल व टॉर्च वितरित की।

इस मौके पर थाना प्रभारी मनोज कुमार,कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगत राम कनौजिया, थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव, उपनिरीक्षक अख्तर शहीद उस्मानी, सुरेंद्र तिवारी, आदर्श पांडे, कांस्टेबल सुनील यादव, बृजेश कुमार सहित प्रधान प्रतिनिधि सुजीत यादव, योगेंद्र मिश्र, महिला कांस्टेबल महिमा पांडेय सहित अमरीश वर्मा, आशीष यादव व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।





# गिल, राहुल और जडेजा जनवरी में विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे

एजेंसी



नयी दिल्ली। नए साल में विजय हजारे ट्रॉफी में और भी स्टार पावर आने वाली है। इंटरनेशनल खिलाड़ी शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और केएल राहुल घरेलू 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए अपनी-अपनी राज्य टीमों में शामिल होंगे, जबकि राष्ट्रीय टीम अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज की तैयारी कर रही होगी। क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि इन खिलाड़ियों ने अपने अनिवार्य घरेलू प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए वीएचटी के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में अपने राज्य संघों को सूचित कर दिया है। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल से उम्मीद है कि वह पंजाब के लिए 3 और 6 जनवरी के मैच खेलेंगे, जो उन दिनों जयपुर में सिक्किम और गोवा से भिड़ेंगे। पंजाब, जो ग्रुप सी में पावरहाउस मुंबई के साथ है, तीन मैचों में दो जीत के साथ चौथे स्थान पर है। उन्हें जल्द ही भारतीय टीम में शामिल होने के लिए राज्य टीम छोड़नी होगी, जिसके 7-8 जनवरी को बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी) के लिए इकट्ठा होने की उम्मीद है। पता चला है कि जडेजा ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को बताया है कि वह 6 और 8 जनवरी को सर्विसेज और गुजरात के खिलाफ मैच खेलेंगे। सौराष्ट्र टीम फिलहाल कर्नाटक के अलूर में अपने लीग मैच खेल रही है। उन्होंने तीन मैचों में एक जीत हासिल की है और आठ टीमों के ग्रुप में छठे स्थान पर हैं, जिसमें ऋषभ पंत की दिल्ली टीम भी शामिल है। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन तुरंत यह पुष्टि नहीं कर सका कि राहुल कौन से मैच खेलेंगे, लेकिन सूत्रों से पता चला है कि उनके 3 और 6 जनवरी को अहमदाबाद में त्रिपुरा और राजस्थान के खिलाफ मैच खेलने की संभावना है। कर्नाटक ग्रुप ए में तीन मैचों में 100 प्रतिशत जीत के रिकॉर्ड के साथ दूसरे स्थान पर है। इस बीच, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने कन्फर्म किया है कि यशस्वी जायसवाल जयपुर पहुंच गए हैं और उम्मीद है कि वह बुधवार (31 दिसंबर) को गोवा के खिलाफ मुंबई का मैच खेलेंगे। जायसवाल कुछ समय के लिए बीमार थे और उन्हें पहले तीन मैच छोड़ने पड़े थे, और यह लेफ्ट-हैंडेड ओपनर गोवा के खिलाफ मैच में खेल सकते हैं। मुंबई ग्रुप सी में तीन जीत के साथ टॉप पर है। रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली और पंत तक, ज़्यादातर इंटरनेशनल खिलाड़ी - जसप्रीत बुमराह को छोड़कर - विजय हजारे ट्रॉफी (वीएचटी) में अपनी घरेलू ज़िम्मेदारियों को पूरा करने के लिए आए हैं, जिसमें बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) ने हिस्सा लेना जरूरी कर दिया है। बुमराह एक खास मामला हैं क्योंकि बीसीसीआई देश के मुख्य गेंदबाज पर ज़्यादा वर्कलोड डालने से बच रहा है। कोहली, जिन्होंने दो मैच खेले हैं, 6 जनवरी को दिल्ली के मैच के लिए वापस आएंगे, जिसकी कप्तानी पंत कर रहे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ने दिल्ली के लिए सभी वीएचटी मैच खेलने का वादा किया है।

# टी-20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान, गुलबदीन और नवीन की वापसी



काबुल। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) की राष्ट्रीय चयन समिति ने बुधवार को भारत व श्रीलंका में होने वाले आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी स्टार स्पिनर राशिद खान करेंगे, जबकि इब्राहिम जादरान को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। यही टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला में भी हिस्सा लेगी। विश्व कप अभियान से पहले अफगानिस्तान की टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी, जिसकी मेजबानी अफगानिस्तान करेगा। यह श्रृंखला 19 से 22 जनवरी के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित की जाएगी। 15 सदस्यीय टीम में अनुभवी ऑलराउंडर गुलबदीन नैब और तेज गेंदबाज नवीन उल हक की वापसी हुई है। नवीन कंधे की चोट से उबरकर टीम में लौटे हैं, जिससे अफगानिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। बाएं हाथ के मध्यक्रम बल्लेबाज शाहिदुल्लाह कमाल और विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद इशाक ने अपनी जगह बरकरार रखी है। युवा तेज गेंदबाज अब्दुल्ला अहमदजई को भी मुख्य टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज फजल हक फारूकी को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। युवा स्पिनर एएम गजनफर को रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में रखा गया है। उनके साथ मध्यक्रम बल्लेबाज इजाज अहमदजई और युवा तेज गेंदबाज जिया उर रहमान शरीफी भी रिजर्व पूल में शामिल हैं। एसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नसीब खान ने कहा कि पिछले टी-20 विश्व कप में अफगान टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था। हमारे पास कई अच्छी यादें हैं और हमें उम्मीद है कि इस बार एशियाई परिस्थितियों में खेले जाने वाले टूर्नामेंट में टीम और भी बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज को लेकर कहा कि मजबूत टीम की मेजबानी हमें अपने संयोजन को परखने और विश्व कप के लिए बेहतर तैयारी का मौका देगी। मुख्य चयनकर्ता अहमद शाह सुलैमानखी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में गहन चर्चा के बाद टीम का चयन किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईसीसी ने भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट के लिए ईडन गार्डन्स पिच को 'संतोषजनक' बताया

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स पिच को संतोषजनक रेटिंग दी है। इस मैदान पर 14 नवंबर से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट खेला गया था, और मैच तीन दिनों के अंदर खत्म हो गया, जिसमें भारत को मेहमान टीम से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, सतह की कोई निंदा नहीं हुई। यह बिल्कुल वैसी ही पिच थी जिसकी हम तलाश कर रहे थे। यह बिल्कुल वैसी ही पिच है और मुझे लगता है कि क्यूरेटर बहुत, बहुत मददगार थे। और हम बिल्कुल यही चाहते थे। और हमें बिल्कुल यही मिला। जब आप अच्छा नहीं खेलते हैं, तो ऐसा ही होता है,'' भारत के कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम के 30 रनों से हारने के बाद कहा था, जब वे 124 रनों का पीछा करने में नाकाम रहे। हालांकि, बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने गुवाहाटी पहुंचने पर गंभीर की बात का खंडन किया - जो दूसरे टेस्ट का स्थान था, उन्होंने कहा कि कोई भी कोलकाता जैसी पिच नहीं चाहता था। पिच ने पहले दिन से ही तेज टर्न दिया, और दक्षिण अफ्रीका के ऑफ-स्पिनर साइमन हार्मर को मैच में 51 रन देकर आठ विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हालांकि, भारतीय स्पिनर वैसा प्रभाव नहीं डाल पाए, जिससे शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। सौरव गांगुली ने ऐसी सतह चुनने के लिए भारतीय टीम मैनेजमेंट की आलोचना की। पूर्व भारतीय कप्तान को लगा कि टीम में इतनी प्रतिभा है कि वह अत्यधिक सहायता वाली पिचों के बजाय खेल के लिए अच्छी पिचों पर सफल हो सकती है। उन्होंने कहा, ''अच्छी विकेटों पर खेलें। मुझे उम्मीद है कि गौतम गंभीर सुन रहे होंगे। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं... लेकिन उन्हें अच्छी विकेटों पर खेलना चाहिए। क्योंकि उनके पास (जसप्रीत) बुमराह, (मोहम्मद) सिराज, (मोहम्मद) शमी, कुलदीप (यादव) और (रवींद्र) जडेजा हैं।'' गुवाहाटी में दूसरा और आखिरी टेस्ट काफी बेहतर पिच पर खेला गया, और मैच पूरे पांच दिन चला। हालांकि, भारत वह टेस्ट भी हार गया और सीरीज़ 0-2 से गंवा दी। उस जगह की पिच को बहुत अच्छी रेटिंग दी गई थी।

### इंग्लैंड के जोश टंग समेत कई गेंदबाजों ने आईसीसी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मेलबर्न में हाल ही समाप्त हुए चौथे टेस्ट मैच (बॉक्सिंग डे टेस्ट) में हिस्सा लेने वाले कई तेज गेंदबाजों ने नवीनतम आईसीसी पुरुष खिलाड़ी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। दो दिन के अंदर खत्म हुए इस टेस्ट में सभी 36 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए। मुकाबले में सात विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने इंग्लैंड के तेज गेंदबाद जोश टंग को टेस्ट गेंदबाजों की सूची में 13 पायदान का फायदा हुआ है। इससे वह ऊपर चढ़कर 573 रेटिंग अंक के साथ 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर यह पहली जीत थी, जिसमें टंग ने शानदार प्रदर्शन कर पहली पारी में पांच विकेट झटके, जबकि दूसरी पारी में दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा था। फिलहाल पांच मैचों की इस एशेज सीरीज में 3-1 से ऑस्ट्रेलिया ने विजयी बढ़त बनाई हुई है। सीरीज का अंतिम टेस्ट मैच सिडनी में चार जनवरी से खेला जाएगा। टंग के अलावा अन्य गेंदबाजों की भी रैंकिंग में उछाल आया है। तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने वापसी करते हुए जीत में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और नई गेंद से अहम खिलाड़ी ट्रैविस हेड को आउट करके मैच की शुरुआत की। वह मैच में तीन विकेट की बदौलत रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं ब्रायडन कार्स के पांच विकेटों ने उन्हें छह पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम के गेंदबाजों ने भी रैंकिंग में मामूली बढ़त के साथ अपने उच्च स्तर को बनाए रखा है। मुख्य तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के मैच में चार विकेट ने उन्हें पाकिस्तान के नोमान अली के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। दोनों के 843 रेटिंग अंक हैं। अन्य तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड दो स्थान ऊपर चढ़कर 810 के रेटिंग अंक के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गए। टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के हैरी ब्रूक तीन स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वह शीर्ष स्थान पर काबिज जो रूट से केवल 21 रेटिंग अंक पीछे हैं। रुट के 867 रेटिंग अंक हैं, जबकि ब्रूक के 846 रेटिंग अंक है। तीसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन, चौथे पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड और पांचवें स्थान पर स्टीव स्मिथ हैं। टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में गस एटकिंसन दो स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान (238) पर पहुंच गए, जबकि उनके साथी खिलाड़ी और कप्तान बेन स्टोक्स तीसरे स्थान (316) पर बने हैं।

### सरफराज के तूफानी शतक से मुंबई ने रखा 445 का लक्ष्य

**जयपुर।** सरफराज खान (157) की तूफानी शतकीय, मुशीर खान (60) और हार्दिक तामोरे (53) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत मुम्बई ने बुधवार को एलीट ग्रुप सी मुकाबले में गोवा के खिलाफ आठ विकेट पर 444 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आज यहां गोवा ने टॉस जीतकर मुंबई के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने आठवें ओवर में 31 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (11) का विकेट गंवा दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये मुशीर खान ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी हुई। 21वें ओवर में दर्शन मिसाल ने यशस्वी जायसवाल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। यशस्वी जायसवाल ने 64 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 46 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सरफराज खान ने मुशीर खान के साथ विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़े। 31वें ओवर में दीपराज गांवकर ने मुशीर खान को अपना शिकार बनाकर इस साझेदारी का अंत किया। मुशीर खान ने 66 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 60 रनों की पारी खेली। इसके बाद सिद्धेश लाड (17) और कप्तान शार्दुल ठाकुर (27) को ललित यादव ने आउट किया। इसी दौरान सरफराज खान ने मात्र 56 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। 42वें ओवर में दर्शन मिसाल ने सरफराज खान को आउट कर रनों पर रोक लगाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सरफराज खान ने 75 गेंदों में 14 छक्के और नौ चौके लगाते हुए 157 रनों की विस्फोटक पारी खेली। शम्स मुलानी 22 रन बनाकर आउट हुये। हार्दिक तामोरे ने 28 गेंदों में छह चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 53 रन बनाये। मुम्बई ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 444 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। तनुष कोटियान 12 गेंदों में 23 रन बनाकर नाबाद रहे। गोवा के लिए दर्शन मिसाल ने तीन विकेट लिये। वासुकी कौशिक और ललित यादव को दो-दो विकेट मिले। दीपराज गांवकर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# (वार्षिकी) एशिया कप में रजत, प्रो लीग में चुनौती और भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए रहा उतार-चढ़ाव

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए साल 2025 कुछ खास नहीं रहा। इस साल भारतीय टीम का महिला हॉकी एशिया कप 2025 में प्रदर्शन थोड़ा अच्छा रहा, जहां टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। हालांकि, एशिया कप फाइनल में चीन से 1-4 से हारकर वह अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने से चूक गई। इसके अलावा एफआईएच प्रो लीग में कमजोर प्रदर्शन के चलते टीम को नेशंस कप में उतरना पड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआतभारतीय महिला टीम ने साल की शुरुआत अप्रैल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के पांच मैचों के दौरे से की, जहां उसे शीर्ष स्तर की टीम के खिलाफ बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिला। हालांकि पर्थ में भारत का अभियान मिले-जुले नतीजों के साथ समाप्त हुआ। शुरुआती दो मैच 2-0 और 3-2 से हारने के बाद अंतिम मुकाबले में 1-0 से जीत हासिल की। भारतीय महिला हॉकी टीम ने दौरे पर कुल पांच मैच खेले और एक जीत और चार हार के साथ समाप्त किया। पहले दो मैच ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ थे, जिनमें भारतीय टीम दोनों मैच हार गई। हालांकि नतीजों से इतर, यह दौरा टीम के लिए बेहद अहम रहा, क्योंकि इससे उभरती प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर खुद को साबित करने का अवसर मिला। प्रो लीग में निराशाजनक अभियानवैश्विक स्तर पर महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 भारतीय टीम के लिए कठिन साबित हुई। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलते हुए भारत को निरंतरता बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ा। 16 मैचों में केवल दो जीत और 10 अंकों के साथ टीम तालिका में अंतिम स्थान पर रही। टीम को कुल 11 मुकाबलों में हार मिली, जिनमें अंतिम आठ मैचों की लगातार हार भी शामिल रही। इस कारण टीम को एफआईएच नेशंस कप में खिसकना पड़ा। हालांकि, टीम ने कई मैचों में जुझारूपन और आक्रामक खेल का परिचय दिया, लेकिन रक्षात्मक चूक और निर्णायक मौकों पर गोल करने में विफलता भारी पड़ी। इसके बावजूद नीदरलैंड के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में मिली जीत, कई करीबी मुकाबले और युवा खिलाड़ियों का प्रभावशाली प्रदर्शन टीम की बढ़ती सामरिक समझ और फिटनेस को दर्शाता है। अब नेशंस कप को टीम एक अवसर के रूप में देख रही है, जहां पेनल्टी-कॉर्नर को गोल में बदलने और टीम की गहराई बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। लक्ष्य 2026-27 सत्र में एफआईएच प्रो लीग में वापसी का है। एशिया कप में रजत पदक की चमकपेनल्टी-कॉर्नर विशेषज्ञ दीपिका और अनुभवी गोलकीपर सविता की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय टीम ने चीन में आयोजित महिला हॉकी एशिया कप 2025 में सराहनीय प्रदर्शन किया। ग्रुप चरण में प्रभावशाली जीत दर्ज करते हुए टीम फाइनल में पहुंची, जहां मेजबान चीन से कड़े मुकाबले में हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस पूरे अभियान में टीम की ऊर्जा, संतुलित संयोजन और सामूहिक प्रदर्शन देखने को मिला, जिसने एशियाई प्रतियोगिताओं में भारत की निरंतर मजबूत मौजूदगी को और पुख्ता किया। भविष्य की ओर उम्मीद के साथ कदमहॉकी इंडिया के अनुसार, युवा खिलाड़ियों ने अनुभवी खिलाड़ियों के साथ बेहतरीन तालमेल बैठाया और उच्च दबाव वाले मुकाबलों से महत्वपूर्ण सीख हासिल की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करीबी हारों से मिली सीख ने टीम की मानसिक मजबूती और निर्णायक क्षणों में बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता को निखारा है, जिसकी झलक एशिया कप में देखने को मिली। अब भारतीय महिला हॉकी टीम की नजरें एफआईएच नेशंस कप और विश्व कप क्वालीफायर पर टिकी हैं। प्रदर्शन में सुधार के लिए विश्लेषण-आधारित तैयारी, मजबूत रक्षा और खेल की गति बढ़ाने पर केंद्रित विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था साल 2026 में भी बनी रहेगी मजबूत

एजेंसी




नई दिल्ली। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत साल 2026 में मजबूत स्थिति बनाए रखने की राह पर अग्रसर है, जहां मजबूत वृद्धि, कम महंगाई एवं सुदृढ़ बैंकिंग प्रदर्शन जैसे अनुकूल कारक मौजूद हैं। साल 2025 के दौरान देखी गई आर्थिक रफ्तार को कायम रखने के लिए सुधार पहलें भी तैयार हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार से जीवन एवं कारोबार सुगमता के विषयों को आगे बढ़ाते हुए आगामी केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय तथा निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए उपायों की घोषणा किए जाने की उम्मीद है, जिससे शुल्क एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक अधिक आकर्षक निवेश गंतव्य बन सके। भारत सरकार ने जारी एक बयान में बताया कि भारत ने अब 4.18 ट्रिलियन डॉलर (करीब 350 लाख करोड़ रुपये) की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ जापान को पछाड़ कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल कर लिया है। साल 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर (655 लाख करोड़ रुपये) के साथ अगले ढाई से तीन साल में जर्मनी को भी पीछे छोड़कर भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यस्था बन जाएगा। आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर लगातार तिमाहियों में बढ़ी है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह 8.2 फीसदी पर पहुंच गई, जबकि खुदरा महंगाई दर साल 2025 की शुरुआत में 4.26 फीसदी थी, जो नवंबर तक आते-आते घट कर 0.71 फीसदी पर आ गई। खाने-पीने की चीजों की कीमतों में आई गिरावट इसका मुख्य कारण रही। सरकार राष्ट्रीय खातों के लिए आधार वर्ष को 2011-12 से बदल कर 2022-23 करने पर भी काम कर रही है, जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना पद्धति को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा उठाई गई चिंताओं का प्रभावी समाधान किया जा सके। फरवरी में पेश होने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सुधारों को और गहरा करने तथा अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अतिरिक्त उपायों की घोषणा की व्यापक उम्मीदें हैं। केंद्र सरकार ने साल 2025 के अंत में जीएसटी दरों में कटौती की और नए श्रम संहिताओं को लागू किया। दुनिया की तमाम बड़ी रेटिंग एजेंसियों ने भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमान को बढ़ाया है। फिच का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7.4 फीसदी ग्रोथ का अनुमान है, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) का 7.2 फीसदी का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 6.6 फीसदी ग्रोथ का दावा किया है। वहीं, मूडीज ने भारत को जी-20 देशों में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यस्था बताया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक गति दर्शाते हुए चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि के अनुमान को 6.8 फीसदी से बढ़ाकर 7.3 फीसदी कर दिया है।

# स्टॉक मार्केट में अपोलो टेक्नो की मजबूत लिस्टिंग, फायदे में आईपीओ निवेशक

नई दिल्ली। एडवांस्ड कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी अपोलो टेक्नो इंडस्ट्रीज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 130 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 11.54 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 145 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयरों के भाव में और तेजी आ गई। सुबह 11:30 बजे तक कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 150.50 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 15.77 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। अपोलो टेक्नो इंडस्ट्रीज का 47.96 करोड़ रुपये का आईपीओ 23 से 26 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 50.63 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 25.26 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 98 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 44.81 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 36,89,000 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने पुराने कर्ज को चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है।

# निर्यातकों की बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए 4,531 करोड़ रुपये की योजना शुरू

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने निर्यातकों को वैश्विक बाजारों तक बेहतर पहुंच दिलाने के इरादे से बुधवार को 4,531 करोड़ रुपये की बाजार पहुंच समर्थन योजना शुरू की। इसके तहत निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों और खरीदारों से सीधे संपर्क से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारतीय निर्यातक अमेरिका द्वारा लगाए गए लगभग 50 प्रतिशत आयात शुल्क के कारण दबाव में हैं। यह योजना सरकार के 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन का हिस्सा है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, वर्ष 2025 से 2031 के बीच इस योजना पर 4,531 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए 500 करोड़ रुपये अलग से निर्धारित किए गए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशक अजय भादू ने कहा कि योजना के तहत खरीदारों और विक्रेताओं की बैठक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों और विदेशी खरीदारों के भारत आकर स्थानीय निर्यातकों से सीधे बातचीत करने वाले आयोजनों के लिए संगठित वित्तीय और संस्थागत सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्यातकों को बेहतर योजना बनाने में मदद के लिए प्रमुख बाजार पहुंच कार्यक्रमों का तीन से पांच वर्ष का अग्रिम कार्यक्रम पहले ही मंजूर किया जाएगा। इससे बाजार विकास के प्रयासों में निरंतरता बनी रहेगी। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि समर्थित कार्यक्रमों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की कम-से-कम 35 प्रतिशत भागीदारी अनिवार्य होगी। इसके साथ नए देशों और छोटे बाजारों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि निर्यात के अवसर बढ़ाए जा सकें। योजना के तहत प्रतिनिधिमंडल में न्यूनतम 50 प्रतिभागियों का मानक रखा गया है।

# सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी कीमत घटी

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में साल के आखिरी दिन बुधवार को जबरदस्त गिरावट नजर आ रही है। सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन सोना और चांदी के भाव में जोरदार कमी आई है। माना जा रहा है कि ग्लोबल मार्केट में पिछले लगातार दो सत्र के दौरान हुई जोरदार मुनाफा वसूली के कारण घरेलू सर्राफा बाजार में भी सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं के भाव में कमजोरी आ गई। सर्राफा बाजार में आज हाजिर सोना 2,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,050 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह हाजिर चांदी की कीमत भी आज 5,540 रुपये प्रति किलोग्राम तक कम हो गई है। कीमत में आई इस कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,36,190 रुपये से लेकर 1,36,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,24,840 रुपये से लेकर 1,24,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी जबरदस्त कमी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,29,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,36,340 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,24,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,36,190 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,24,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,36,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,24,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,36,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,24,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,36,190 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,24,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,36,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,24,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# विकास और प्रकृति के बीच संतुलन जरूरी, नहीं तो भविष्य चुकाएगा कीमत : भागवत

एजेंसी



रायपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने आज राजधानी रायपुर में कहा है कि मौजूदा दौर में विकास की दिशा पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। ऐसा कोई मॉडल अब तक सामने नहीं आया है, जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार और पर्यावरण संरक्षण बिना टकराव के साथ-साथ आगे बढ़ सके। ऐसे में समाज को संतुलित और टिकाऊ विकल्पों की ओर बढ़ना ही होगा।

तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान डॉ. भागवत आज रायपुर एम्स में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं से रू-बरू हुए। इस अवसर पर उन्होंने अरावली पर्वतमाला का उदाहरण देते हुए चेताया कि यदि विकास की रफ्तार बिना पर्यावरणीय सोच के जारी रही, तो आने वाली पीढ़ियों को इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। सरसंघचालक ने कहा कि विकास और प्रकृति को विरोधी मानने के बजाय दोनों का समानांतर और संतुलित विस्तार जरूरी है। इसके लिए केवल नीतियों में बदलाव ही नहीं, बल्कि जीवनशैली में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने होंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे करियर और रोजगार के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझें और छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव की नींव रखें। युवाओं से जुड़े सामाजिक मुद्दों पर बात करते हुए डॉ. भागवत ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज का युवा भीतर से अकेलापन महसूस कर रहा है। परिवारों में संवाद की कमी और रिश्तों में भावनात्मक दूरी के कारण मोबाइल और नशा युवाओं के लिए आसान विकल्प बनते जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि परिवार के भीतर संवाद और भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा, तो नकारात्मक आदतों की ओर युवाओं का झुकाव स्वतः कम होगा। समाज और परिवार को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा, जहां युवा अकेलेपन से बचने के लिए नशे की ओर नहीं, बल्कि रचनात्मक और सार्थक गतिविधियों की ओर आगे बढ़ें।

# चुनाव आयोग से मिला तृणमूल प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मतदाता सूची को अपडेट करने से जुड़े मसले पर राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में बुधवार को यहां मुख्य चुनाव आयुक्त से मिला। इसमें पार्टी ने आठ से 10 मुद्दे उठाए।

मुलाकात के बाद पार्टी महासचिव बनर्जी ने कहा कि दो से तीन विषयों को छोड़कर हमें किसी भी मुद्दे पर ठोस जवाब नहीं मिला और आयोग की ओर से हर मुद्दे को नागरिकता तक ले जाया गया। दूसरी ओर चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस को चुनाव प्रतिनिधियों को धमकाने का विषय रखा और उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक दोपहर 12 बजे शुरू हुई और करीब ढाई घंटे तक चली। पिछले महीने 28 नवंबर को भी पार्टी का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला था। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार प्रतिनिधिमंडल से कहा गया है कि पार्टी सुनिश्चित करे कि उनके ज़मीनी स्तर के राजनीतिक प्रतिनिधि चुनाव ड्यूटी पर तैनात किसी भी कर्मचारी को धमकाने में शामिल न हों। कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करने वाले किसी भी शरारती तत्व के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक प्रतिनिधियों या कार्यकर्ताओं का बीएलओ, ईआरओ, एईआरओ, ऑब्ज़र्वर आदि सहित किसी भी चुनावी कर्मचारी को धमकाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार को चुनाव आयोग की ओर से मंज़ूर किया गया बढ़ा हुआ मानदेय हर बीएलओ को तुरंत जारी करने को कहा। प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया गया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए हाई राइज़ बिल्डिंग, गेटेड कम्युनिटी और झुग्गियों में पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने के बाद तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि हमने आठ से दस मुद्दों पर बात की। इस बार दो या तीन बातों को छोड़कर हमें किसी भी चीज़ पर कोई स्पष्टता नहीं मिली। एसआईआर के बारे में पूछे जाने पर हर विषय को नागरिकता से जोड़ा गया। किसी भी विषय का कोई ठोस जवाब नहीं मिला।

अभिषेक बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि माइक्रो-ऑब्जर्वर की तैनाती और प्रशासनिक कदमों के जरिए बंगाल की छवि खराब करने तथा लोगों को परेशान करने की कोशिश की जा रही है। प्रवासी श्रमिकों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि बिहार में मजदूरों को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई के लिए नहीं बुलाया गया, जबकि बंगाल में अलग नियम लागू किए जा रहे हैं।

बनर्जी ने सवाल उठाया कि एक देश में अलग-अलग राज्यों के लिए अलग मानदंड क्यों हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के समक्ष 8ऽ10 सवाल रखे गए, जिनमें से अधिकांश पर संतोषजनक जवाब नहीं मिले। उन्होंने सुनवाई स्थलों के विकेंद्रीकरण की मांग की, जिस पर आयोग ने मौखिक सहमति जताई। इससे पहले हमने चुनाव आयोग से पांच सवाल पूछे थे लेकिन हमें उनमें से किसी का भी एक भी सटीक जवाब नहीं मिला। सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि यहां आने से दो दिन पहले, हमारे राज्य का एक प्रतिनिधिमंडल पश्चिम बंगाल में मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय गया था।

# ऑपरेशन सिन्दूर पर मध्यस्थता के चीन के दावे पर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद अब चीन दावा कर रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल हुए सैन्य कार्रवाई में उसकी मध्यस्थता से अचानक ऑपरेशन सिन्दूर रोका गया था। पार्टी ने इसे भारत के साथ मजाक करार दिया और कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सरकार ने जो कुछ बताया ये दावे उसके विपरीत है और इस तरह के दावे देश की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाते हैं इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को चीन के दावों को चिंताजनक बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले ही बार-बार दावे कर रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर आयात शुल्क का डर दिखाकर कर दोनों देशों (भारत-पाकिस्तान) के बीच संघर्ष को रुकवाया था और अब चीन भी दावा कर रहा है और इस पर श्री मोदी की चुप्पी बेहद परेशान करने वाली है। श्री रमेश ने कहा कि श्री ट्रम्प लंबे समय से दावा करते रहे हैं कि उन्होंने 10 मई को ऑपरेशन सिन्दूर रोकने के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप किया था। वह यह दावा कम से कम सात अलग-अलग देशों में, विभिन्न मंचों पर 65 बार कर चुके हैं। श्री मोदी ने इन दावों पर कभी भी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी और अब चीन के विदेश मंत्री भी ऐसा ही दावा कर रहे हैं कि उसकी मध्यस्थता के कारण यह संघर्ष रोका गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस बारे में चार जुलाई को उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सार्वजनिक रूप से कहा, ''ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत असल में चीन का सामना कर रहा था और उससे लड़ रहा था। चूंकि चीन निर्णायक रूप से पाकिस्तान के साथ खड़ा था, ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के चीन के दावे चिंताजनक हैं और यह सिर्फ इसलिए नहीं कि वे देश की जनता को दी गई जानकारी के उलट हैं, बल्कि इसलिए भी कि वे हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मज़ाक बनाते प्रतीत होते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, ''इस दावे को चीन के साथ हमारे संबंधों के संदर्भ में भी समझा जाना चाहिए क्योंकि भारत ने चीन से बातचीत शुरु कर दी है लेकिन दुर्भाग्य से बातचीत चीन के शर्तों पर हो रही है। प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को चीन को दी गई क्लीन चिट ने भारत की बातचीत की स्थिति को काफ़ी कमज़ोर किया है। हमारा व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर है और हमारे निर्यात का बड़ा हिस्सा चीन से होने वाले आयात पर निर्भर है। अरुणाचल प्रदेश के संबंध में चीन की उकसाने वाली हरकतें लगातार जारी हैं।

# पिछले दशक में 'प्रगति' की मदद से समय पर पूरी हुई 85 लाख करोड रुपए की परियोजनाएं : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सुधारों की गति बनाए रखने तथा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए 'प्रगति' पहल को जरुरी बताते हुए कहा है कि पिछले दशक में इससे 85 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं को तेज़ी से पूरा करने में मदद मिली।

श्री मोदी ने बुधवार को यहां प्रो-एक्टिव गवर्नेंस और समय पर कार्यान्वयन के लिए मल्टी-मॉडल प्लेटफॉर्म 'प्रगति' की 50वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पाँच राज्यों की सड़क, रेलवे, बिजली, जल संसाधन और कोयला सहित विभिन्न क्षेत्रों की पाँच महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की समीक्षा की गई जिनकी कुल लागत 40,000 करोड़ रुपए से ज़्यादा है। पी एम श्री योजना की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री ने ज़ोर दिया कि इसे समग्र और भविष्य के लिए तैयार स्कूली शिक्षा के लिए एक राष्ट्रीय बेंचमार्क बनाया जाना चाहिए । उन्होंने सभी मुख्य सचिवों से योजना की बारीकी से निगरानी करने को कहा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि पी एम श्री स्कूलों को राज्य सरकार के अन्य स्कूलों के लिए बेंचमार्क बनाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

प्रधानमंत्री ने प्रगति को पिछले एक दशक में शासन की संस्कृति में भारत द्वारा देखे गए बड़े बदलाव का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जब फैसले समय पर लिए जाते हैं, तालमेल असरदार होता है, और जवाबदेही तय होती है, तो सरकारी कामकाज की गति अपने आप बढ़ जाती है और इसका असर सीधे नागरिकों के जीवन में दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि 2014 से प्रगति के तहत 377 परियोजनाओं की समीक्षा की गई है और इनमें पहचाने गए 3,162 मुद्दों में से 2,958 - यानी लगभग 94 प्रतिशत - हल किए गए हैं, जिससे देरी, लागत में बढ़ोतरी और तालमेल की विफलता में काफी कमी आई है।

## राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने बुधवार को एक्स पोस्ट में देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अयोध्या की पावन धरा पर आज रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ मनाई जा रही है। ये वर्षगांठ हमारी आस्था और संस्कारों का एक दिव्य उत्सव है। इस पावन-पुनीत अवसर पर देश-विदेश के सभी रामभक्तों की ओर से प्रभु राम के चरणों में मेरा नमन और वंदन। समस्त देशवासियों को मेरी अनंत शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम की प्रेरणा हर देशवासी के हृदय में सेवा, समर्पण और करुणा की भावना को और प्रगाढ़ करे, जो समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का सशक्त आधार भी बने।

## परीक्षा पे चर्चा' में बना नया रिकॉर्ड, 03 करोड़ से अधिक पंजीकरण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल त्परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 30 दिसंबर 2025 तक छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के 03 करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि त्परीक्षा पे चर्चा' का नौवां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, भारी संख्या में हुए पंजीकरण, कार्यक्रम की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं और यह छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को संबोधित करने में इसकी सफलता को भी रेखांकित करते हैं। कार्यक्रम परीक्षा को लेकर सकारात्मक और आत्मविश्वासपूर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। मंत्रालय ने कहा कि इतनी व्यापक भागीदारी यह साबित करती है कि त्परीक्षा पे चर्चा' अब एक सच्चा जन आंदोलन बन चुका है, जो देशभर के विद्यार्थियों और शिक्षकों से गहराई से जुड़ रहा है। परीक्षा पे चर्चा' साल 2026 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 1 दिसंबर 2025 से मायगव पोर्टल पर शुरू हुए थे। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह कार्यक्रम समय के साथ सीखने और संवाद का एक बहुप्रतीक्षित मंच बन गया है, जो छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को साझा मंच पर लाता है।

## बेगम खालिदा जिया पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक

ढाका। बंगलादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री एवं देश की राजनीति की दिग्गज शख्सियत बेगम खालिदा जिया को बुधवार को प्रशंसकों एवं समर्थकों के भारी भीड़ के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया। गौरतलब है कि मंगलवार की सुबह बेगम जिया का 80 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। बुधवार की सुबह सात बजे उनका नमाज-ए-जनाजा निकला, तब ढाका एवं अन्य जिलों से लोगों का काफिला उमड़ पड़ा। फ़ेनी, ब्रह्मणबरिया, मयमनसिंह, कुमिल्ला, गाज़ीपुर, मुंशीगंज और नारायणगंज जिलों से लोग बस, ट्रक और लॉरियों में सवार होकर अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन के लिए माणिक मिया एवेन्यू की तरफ बढ़ने लगे। सुबह से ही माणिक मिया एवेन्यू के आस-पास लाउड स्पीकर पर कुरान की आयतें गूंज रही थीं और लोग इस सर्द मौसम में नम आंखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए एवेन्यू के आसपास जमा हो रहे थे।

बेगम जिया को उनके पति और बंगलादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बगल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। नेपाल, पाकिस्तान, भूटान और भारत से कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर मौजूद थे। भारी भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में आर्म्ड पुलिस बटालियन को तैनात किया गया था और सुरक्षा की मजबूत व्यवस्था की गयी थी। भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर बेगम जिया को अंतिम विदाई देने पहुंचे थे। बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी बेगम जिया को अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

# सेवा, सुशासन और समृद्धि टैग लाइन के साथ केंद्र सरकार ने जारी किया 2026 का कैलेंडर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को सेवा, सुशासन और समृद्धि टैग लाइन के साथ 2026 के लिए अपना आधिकारिक कैलेंडर जारी किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने यहां मीडिया सेंटर में विकसित भारत 2047 की दिशा में देश की प्रगति, समावेशी विकास और आर्थिक मजबूती को दर्शाते इस कैलेंडर को जारी किया। केंद्र सरकार के नये कैलेंडर में क्यूआर कोड हैं जो सरकार की हर महीने की नीतियों और पहलों के बारे में जानकारी देता है। इस कैलैंडर को हिंदी और अंग्रेजी सहित 13 भारतीय भाषाओं में प्रकाशित किया गया है। इसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचकर जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। डॉ. मुरुगन ने भारतएटदरेट2026 नाम से सरकार के आधाकिरिक कैलेंडर को जारी करते हुए कहा, कहा, ''साल 2025 के दौरान सरकार ने कई बड़े सुधार किए जो विकसित भारत 2047 की ओर हमारी राष्ट्रीय यात्रा के एक महत्वपूर्ण अध्याय हैं। इन सुधारों का मकसद समावेशी विकास सुनिश्चित करना, आर्थिक मज़बूती को बढ़ाना और भारत के स्थायी विकास के लिए मजबूत नींव रखना था। इस कोशिश के केंद्र में आर्थिक और कर सुधार थे, जिनका मकसद नागरिकों पर बोझ कम करना और स्वेच्छा से नियमों का पालन करने को बढ़ावा देना था।' सूचना एवं प्रसार मंत्रालय में सचिव संजय जाजू ने कहा, ''इस साल का कैलेंडर 'भारतएटदरेट2026 सेवा, सुशासन और समृद्धि' भारत को एक बड़े बदलाव के दौर से गुजरते हुए दिखाता है।

# इसरो ने एसएसएलवी के उन्नत तीसरे चरण का सफल स्थैतिक परीक्षण किया

एजेंसी

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के तीसरे चरण (एसएस3) के उन्नत संस्करण का सफलतापूर्वक 'स्थैतिक परीक्षण' किया। यह परीक्षण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) में हुआ।

एसएसएलवी इसरो का नया रॉकेट है। यह तीन चरणों वाला पूरी तरह ठोस ईंधन से चलने वाला उपग्रह प्रक्षेपण यान है, जो 500 किलोग्राम तक का भार ले जाने में सक्षम है। इसका तीसरा (ऊपरी) चरण रॉकेट को लगभग चार किमी प्रति सेकंड की गति देता है। इसमें हल्का लेकिन मजबूत 'कंपोज़िट मोटर केस' और विशेष नोज़ल डिज़ाइन है, जिससे इसका वजन कम हो जाता है। इस रॉकेट के तीसरे चरण में 'कार्बन-एपॉक्सी मोटर केस' इस्तेमाल किया गया है, जिससे इसका वजन काफी कम हुआ है और यान की पेलोड क्षमता 90 किलोग्राम तक बढ़ गयी है। साथ ही, 'इग्नाइटर' और 'नोज़ल सिस्टम' में सुधार किया गया है, जिससे प्रणाली अधिक प्रभावी और मजबूत बनी है। नोज़ल नियंत्रण के लिए कम बिजली खपत वाली 'इलेक्ट्रो-मैकेनिकल' प्रणाली का उपयोग किया गया है। उच्च मजबूती वाला कार्बन फाइबर से बना मोटर केस विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में तैयार किया गया, जबकि सॉलिड मोटर की ढलाई एसडीएससी में की गयी। परीक्षण के दौरान मोटर में 233 से अधिक मापक उपकरण लगाये गये थे, जिनसे दबाव, धक्का, तापमान, कंपन और नियंत्रण प्रणाली के मापदंड अंकित किये गये। 108 सेकंड के परीक्षण समय में सभी पैरामीटर अनुमान के बहुत करीब पाये गये। इस सफल परीक्षण के बाद, एसएस3 मोटर का उन्नत संस्करण उड़ान में इस्तेमाल के लिए योग्य घोषित कर दिया गया है। इस वर्ष देश में सॉलिड मोटर निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए कई नयी सुविधाएं शुरू की गयीं। जुलाई 2025 में श्रीहरिकोटा में सॉलिड मोटर उत्पादन सुविधाएं शुरू की गयीं। इसके अलावा, सितंबर 2025 में केरल के अलुवा स्थित अमोनियम परक्लोरेट संयंत्र में दूसरी उत्पादन लाइन शुरू की गयी, जिससे सॉलिड मोटर के लिए जरूरी अमोनियम परक्लोरेट का उत्पादन दोगुना हो गया। इस साल एसडीएससी में 10 टन क्षमता वाला स्वदेशी 'वर्टिकल मिक्सर' भी शुरू किया गया, जो दुनिया का सबसे बड़ा 'सॉलिड प्रोपेलेंट मिक्सिंग' उपकरण है।

# पेज एक का शेष

### 'अब भयमुक्त...

राम-राम बोला जा सकता है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की एक प्रमुख रोजगार योजना का नाम भी अब 'जी राम जी' रखा गया है, जिसके तहत ग्राम पंचायतों में 125 दिन रोजगार की गारंटी मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जिसने 500 वर्षों के संघर्ष को सफलता में बदलते देखा। 1528 से लेकर 1992 और उसके बाद भी रामभक्तों ने सत्ता, दमन, लाठी और गोली की परवाह नहीं की। यह आंदोलन तब नई ऊंचाइयों तक पहुंचा, जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नेतृत्व दिया और अशोक सिंघल जैसे संतों ने समाज को एक मंच पर जोड़ा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे होना यात्रा का अंत नहीं, बल्कि नई यात्रा की शुरुआत है। अयोध्या की भव्यता और दिव्यता को अनंत काल तक बनाए रखना हर सनातन धर्मावलंबी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब हर भारतवासी को अपने क्षेत्र में उत्कृष्टतम कार्य करके दिखाना होगा। विरासत के संरक्षण के साथ विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर भारत को विश्व की महाशक्ति बनाना ही सामूहिक लक्ष्य है।

### प्रभु श्रीराम की आभा केवल...

असहनीय बलिदान दिया, अपमान सहा, लेकिन आस्था को कभी डिगने नहीं होने दिया। राम मंदिर आंदोलन को उन्होंने दुनिया का सबसे ग्रैंड नैरेटिव बताते हुए कहा कि यह आंदोलन भूगोल और समय दोनों के हिसाब से अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि भारत से लेकर पाकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, वियतनाम और थाईलैंड जैसे अनेकों देश जहां हिंदुओं के अलावा अन्य समुदायों के लोग भी प्रभु राम से खुद को जुड़ा हुआ मानते हैं, यह उन सब राम को मानने वालों का आंदोलन था। 500 वर्षों के लम्बें अहिंसक संघर्ष से चलने वाला ऐसा आंदोलन इतिहास में कहीं देखने को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में केवल श्रीराम मंदिर का ही निर्माण नहीं हुआ है बल्कि हवाई अड्डा, रेल नेटवर्क, रोड कनेक्टिविटी के साथ उद्योग, व्यापार का सभी क्षेत्रों में अयोध्या विकास के नये आयाम रच रही है। विकास की यह धारा केवल अयोध्या तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे अवध प्रांत से लेकर देश के कोने-कोने तक पहुंच रही है। अवधपुरी की इस विकास यात्रा के लिए उन्होंने डबल इंजन सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और सफल प्रयास की सराहना की और बधाई दी। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए प्रभु श्रीराम की मर्यादा का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा जिस प्रकार प्रभु श्रीराम ने युद्ध में मर्यादा न छोड़ने की शिक्षा हम सबको दी है, उसी प्रकार हमारी सेना ने भी सीमित, नियंत्रित और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई की। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य आतंकियों को सबक सिखाना था, हमने उनके ठिकाने में घुस कर सबक सिखाया है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिस तरह भगवान राम का दिव्य-भव्य मंदिर आयोध्या धाम में प्रतिष्ठित है, उसी तरह पुनौराधाम में मां जानकी की जन्मस्थली में भव्य मंदिर का भी निर्माण हो रहा है। अपने संबोधन के समापन पर उन्होंने प्रार्थना की, ''जब तक गगन में चंद्र और दिवाकर विद्यमान हैं, तब तक सनातन आस्था की ये धर्मध्वजा लहराती रहे। प्रभु राम हम सबको कर्तव्य का मार्ग दिखाएं।

### इस वर्ष पुलिस...

आरक्षी विशेष सुरक्षा बल अनारक्षित - 538 ईडब्ल्यूएस - 134 अन्य पिछड़ा वर्ग 362 अनुसूचित जाति 281 अनुसूचित जनजाति 26 कुल पद पीएसी महिला बटालियन अनारक्षित 914 ईडब्ल्यूएस 228 अन्य पिछड़ा वर्ग - 615 आरक्षी घुड़सवार अनारक्षित - 1341 अनुसूचित जाति - 478 अनुसूचित जनजाति 45 कुल पद 2282 - 30 ईडब्ल्यूएस - सात अन्य पिछड़ा वर्ग 19 अनुसूचित जाति 14 अनुसूचित जनजाति एक कुल पद - 71----- बंदी रक्षक पुरुष अनारक्षित 1314 ईडब्ल्यूएस 327 अन्य पिछड़ा वर्ग - 885 अनुसूचित जाति - 688 अनुसूचित जनजाति 65 कुल पद- 3279 --- बंदी रक्षक महिला अनारक्षित - 44 ईडब्ल्यूएस - 10 अन्य पिछड़ा वर्ग 28 अनुसूचित जाति 22 अनुसूचित जनजाति दो कुल पद - 106

### उत्तर प्रदेश में ठंड...

से बचें, वाहन चलाते समय फॉग लाइट का प्रयोग करें और पूरी सतर्कता बरतें। मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए आने वाले दिनों में ठंड से कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश में 31 दिसंबर तक देर रात और तड़के घने कोहरे का असर बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, इसके बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से वातावरण में अस्थिरता बढ़ेगी, जिससे 1 जनवरी से पश्चिमी यूपी और 2 जनवरी से पूर्वी यूपी के बड़े हिस्सों में कोहरे की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 1 जनवरी को प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही अगले 3-4 दिनों में औसतन 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने का अनुमान है। इससे प्रदेश में कोल्ड-डे जैसी स्थितियों में 1 जनवरी से कमजोरी आने की संभावना जताई गई है। मौसम में बदलाव के बीच राजधानी लखनऊ की वायु गुणवत्ता एक बार फिर बिगड़ गई है। कुछ दिनों तक मध्यम श्रेणी में रहने के बाद मंगलवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 200 के पार पहुंचकर 201 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इससे पहले 22 दिसंबर को भी लखनऊ में खराब एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, एक्यूआई मॉनिटरिंग के लिए लगे छह स्टेशनों में से गोमती नगर (229), अलीगंजऽकेंद्रीय विद्यालय (262), लालबाग (209) और तालकटोरा (296) में हवा की गुणवत्ता खराब दर्ज की गई।

### 'निमेसुलाइड' दवा...

फिनलैंड, स्पेन, आयरलैंड और सिंगापुर ने 2002 और 2007 के बीच दवा पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसकी वजह यह है कि चिकित्सा विशेषज्ञों ने लंबे समय तक उपयोग के स्वास्थ्य जोखिमों की चेतावनी दी थी। इनमें लीवर एंजाइम की वृद्धि, लीवर विषाक्तता, आंतरिक रक्तस्राव, थक्के विकार, किडनी को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचना आदि शामिल है। इस बीच 2011 में भारत ने 12 साल से कम उम्र के बच्चों में इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया था, मगर दुनियाभर के विशेषज्ञों की संभावित लीवर नुकसान की बार-बार की चेतावनियों के बावजूद वृद्ध रोगियों में इसके उपयोग की अनुमति जारी रही।

### दो स्वदेशी प्रलय...

अनुसंधान प्रयोगशाला, अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (इंजीनियर्स) तथा एकीकृत परीक्षण रेंज शामिल हैं। इसके अलावा विकास-सह-उत्पादन भागीदारों भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड तथा अन्य भारतीय उद्योगों ने भी योगदान दिया है। परीक्षणों के लिए प्रणालियों का एकीकरण दोनों विकास-सह-उत्पादन भागीदारों द्वारा किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक के बाद एक दो मिसाइलों के सफल प्रक्षेपण पर डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना, भारतीय सेना, रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों और उद्योग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रलय मिसाइल के 'सैल्वो' प्रक्षेपण की सफलता ने मिसाइल की विश्वसनीयता स्थापित की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने सफल उड़ान परीक्षणों में शामिल डीआरडीओ टीमों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि उपयोगकर्ताओं के साथ प्रणाली के शीघ्र समावेशन की तत्परता को दर्शाती है।

### गणतंत्र दिवस पर...

मेरठ में पाला, प्रशिक्षित और तैयार किया जाता है। ये कुत्ते आतंकवाद-रोधी अभियानों, विस्फोटक और बारूदी सुरंगों की पहचान, ट्रैकिंग, पहरेदारी, आपदा राहत तथा खोज-और-बचाव अभियानों में सैनिकों का साथ देते हैं। दशकों से सेना के कुत्तों और उनके हैंडलर्स ने युद्ध और मानवीय अभियानों में अद्वितीय साहस दिखाया है और इसके लिए कई वीरता पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए हैं। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की सोच के तहत, भारतीय सेना ने मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पिपराई, कोम्बई और राजापालयम जैसी स्वदेशी कुत्ता नस्लों को सेना में शामिल किया है। कर्तव्य पथ पर इनकी मौजूदगी रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की मजबूत पहल और स्वदेशी नस्लों के सफल सैन्य उपयोग को रेखांकित करेगी।

# मुख्यमंत्री धामी ने 215 पुलिस अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अपने कैंप कार्यालय के मुख्य सेवक सदन में 215 नवनियुक्त पुलिस अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें 104 उप-निरीक्षक, 88 गुल्मनायक (पीएसी) और 23 अग्निशमन द्वितीय अधिकारी शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि परीक्षा उत्तीर्ण करना केवल शुरुआत है, अब असली जिम्मेदारी राज्य की कानून-व्यवस्था, जनसुरक्षा, आपदा प्रबंधन और अग्निशमन सेवाओं को मजबूत करने की है। उन्होंने उत्तराखंड की भौगोलिक संवेदनशीलता, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं, चारधाम व कांवड़ यात्रा, नशा, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर पुलिस की अहम भूमिका पर जोर दिया। प्रधानमंत्री के 'स्मार्ट पुलिस' विजन का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएँ प्रदान कर रही है। महिला अपराधों के निस्तारण में उत्तराखंड की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है। साथ ही, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर बीते चार वर्षों में 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है।

# एआईपीईएफ ने मनमानी कार्रवाई के संबंध में मान से की हस्तक्षेप की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन (एआईपीईएफ) ने पंजाब पावर सेक्टर में मनमानी कार्रवाई और तदर्थवाद के संबंध में मुख्यमंत्री भगवंत मान से व्यक्तिगत हस्तक्षेप के लिए एक बार फिर अपील की है। एआईपीईएफ के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने बुधवार को मुख्यमंत्री से मनमाने और प्रतिशोधात्मक तबादलों के आदेशों को वापस लेने, बिजली कंपनियों में उचित प्रक्रिया और तकनीकी स्वायत्तता बहाल करने, त्रिपक्षीय समझौते की पवित्रता को बनाए रखने और औद्योगिक शांति बहाल करने तथा पंजाब के बिजली क्षेत्र और उसके उपभोक्ताओं के दीर्घकालिक हितों की रक्षा के लिए विश्वास-निर्माण के उपाय करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के विद्युत क्षेत्र में चिंताजनक घटनाक्रम, पीएसपीसीएल में तकनीकी अखंडता, संस्थागत स्थिरता और औद्योगिक सद्भाव को लगातार प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रहे हैं। उठाए गए मुद्दों की गंभीरता के बावजूद, अब तक कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। इसके विपरीत, स्थिति और भी बिगड़ गई है। विद्युत क्षेत्र के इंजीनियर और कर्मचारी मनमानी और प्रतिशोधात्मक कार्रवाइयों के खिलाफ लगातार आंदोलन कर रहे हैं। प्रबंधन और सरकार की यह कार्रवाई चल रहे आंदोलन को दबाने का एक दुर्भावनापूर्ण प्रयास प्रतीत होती है और इसे व्यापक रूप से दंडात्मक और प्रतिशोधात्मक माना गया है। जिन कार्यों में सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है, उनमें वरिष्ठ इंजीनियरों का मनमाना निलंबन और बर्खास्तगी, उचित प्रक्रिया और पेशेवर मनोबल को कमजोर करना, विद्युत क्षेत्र की संपत्तियों की प्रस्तावित बिक्री, भविष्य की बुनियादी ढांचागत आवश्यकताओं, उपयोगिताओं के वित्तीय स्वास्थ्य और उपभोक्ता शुल्कों को खतरे में डालना, विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों का उल्लंघन, बढ़ता राजनीतिक हस्तक्षेप और गैर-तकनीकी सलाहकारों पर निर्भरता, संस्थागत व्यावसायिकता का क्षरण और परिचालन विश्वसनीयता को खतरा, योग्यताओं को कम करके और सीएमडी की तदर्थ नियुक्ति के माध्यम से त्रिपक्षीय समझौते का उल्लंघन, राज्य उत्पादन क्षेत्र का कमजोर होना, विशेष रूप से दो 800 मेगावाट रोपड़ परियोजना के सार्वजनिक क्षेत्र के विकास से दूर जाना, जिससे बिजली महंगी और शुल्क बढ़ सकते हैं, और प्रस्तावित विद्युत संशोधन विधेयक, 2025 शामिल हैं, जो समवर्ती विषय में राज्यों की भूमिका को कम करता है और पक्षपात करता है। श्री दुबे ने कहा कि स्थिति को शांत करने के बजाय, प्रबंधन की हालिया कार्रवाइयों ने तनाव को और बढ़ा दिया है और आग में घी डालने का काम किया है। मौजूदा परिस्थितियों में, एआईपीईएफ का यह कर्तव्य है कि वह बिजली क्षेत्र में अनुचित राजनीतिक हस्तक्षेप से उत्पन्न तेजी से बढ़ती अशांति के बारे में सरकार को आगाह करे। एआईपीईएफ के मीडिया सलाहकार वीके गुप्ता ने बताया कि विद्युत क्षेत्र के कर्मचारियों, इंजीनियरों और पेंशनभोगियों की संयुक्त कार्रवाई समिति ने पीएसपीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) से मुलाकात की और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रबंधन ने केवल इतना बताया कि उनके विचारों को आगे की कार्रवाई के लिए पंजाब सरकार को भेजा जाएगा क्योंकि सभी मुद्दों पर निर्णय लेने का अधिकार पंजाब सरकार के पास है, क्योंकि पीएसपीसीएल इन मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए सक्षम नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री राव नरबीर का दावा राव इंद्रजीत को मैंने चुनाव जिताया

**चंडीगढ़।** दक्षिण हरियाणा की राजनीति में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो दिग्गज नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। राज्य के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने केंद्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम से सांसद राव इंद्रजीत सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यदि उन्होंने सहयोग न किया होता तो राव इंद्रजीत इस बार लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाते। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। गुरुग्राम में एक टीवी शो के दौरान राव नरबीर सिंह ने कहा कि उन्होंने पूरी ताकत के साथ चुनाव में सहयोग किया, जिसका सीधा लाभ राव इंद्रजीत सिंह को मिला। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि वह सांसद राव इंद्रजीत सिंह के खिलाफ काम करते तो वह चुनाव हार सकते थे। कैबिनेट मंत्री ने यह भी दावा किया कि वे बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से सवा लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीते हैं, जो उनकी मजबूत जनाधार को दर्शाता है। कैबिनेट मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने उनके राजनीतिक जीवन में कभी कोई सहयोग नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह अपने दम पर और जनता के भरोसे चुनाव जीतते हैं, उन्हें किसी की मदद की आवश्यकता नहीं है। कैबिनेट मंत्री ने यह भी कहा कि सांसद इंद्रजीत को उनकी जरूरत है, लेकिन उन्हें राव इंद्रजीत की नहीं। दूसरी ओर, इस बयान पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह के दौरान जब पत्रकारों ने उनसे इस विवाद पर सवाल किया तो उन्होंने कहा, ऌअभी समय नहीं है। जल्द ही पूरे मामले पर विस्तार से अपनी बात रखूंगा। केन्द्रीय मंत्री इंद्रजीत ने फिलहाल मामले पर ज्यादा कुछ कहने से इनकार कर दिया

# कपूरथला में पेट्रोल पंप लूट का आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल

कपूरथला। पंजाब के कपूरथला में पेट्रोल पंप लूटने का आरोपी मंगलवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि यह घटना तब हुई जब आरोपी ने कथित तौर पर पुलिस टीम पर गोली चलाई जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी जिले के एक पेट्रोल पंप पर हाल ही में हुई लूट में शामिल था, जहां उसने कथित तौर पर बंदूक की नोक पर नकदी और कीमती सामान लूटा था। विशिष्ट सूचना के आधार पर, पुलिस दल ने आरोपी का पता लगाया और हथियारों और चोरी की संपत्ति की बरामदगी के लिए उसे हिरासत में ले लिया। तलाशी अभियान के दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास किया और पुलिस दल पर गोली चलाई।

आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप आरोपी के पैर में गोली लग गई। उसे तुरंत काबू में कर सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां पुलिस की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में कोई भी पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ। तलाशी के दौरान आरोपी से एक पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास है और वह लूट और हिंसक अपराध के कई मामलों में शामिल रहा है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भारतीय दंड संहिता और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नववर्ष 2026 के जश्न को लेकर पश्चिमी जिला पुलिस अलर्ट, 1469 जवान तैनात

नई दिल्ली। नववर्ष 2026 के स्वागत को लेकर पश्चिमी जिला पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर ने बुधवार को बताया कि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।





















































चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063